मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 29.5 | 19.7 |
| जमशेदपुर | 30.0 | 17.4 |
| डालटनगंज | 23.4 | 16.7 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in शुक्रवार, 16 फरवरी 2024 ● माघ शुक्ल पक्ष 07, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 1, अंक : 299 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

### किसानों और सरकार के बीच तीन दौर की बातचीत

# किसानों का भारत बंद आज, एमएसपी पर पेंच

कुमार माधवन

दिल्ली चलो की मुहिम में जुटे हजारों आंदोलनकारी किसानों और सरकार के बीच गुरुवार की देरशाम तीसरे दौर की वार्ता संपन्न हुई. इनमें कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा, पीयूष गोयल और नित्यानंद राय के अलावा पंजाब के सीएम भगवंत मान व वित्त मंत्री हरपाल चीमा भी मौजूद रहे. सूत्रों के मुताबिक वार्ता अच्छे माहौल में चली. सरकार की तरफ से किसानों की सभी मांगें मानने की बात कही गयी, लेकिन एमएसपी को लेकर थोड़ा समय मांगा गया. इससे पहले दोनों पक्षों के बीच दो बैठकें बेनतीजा रही हैं.

बता दें कि संयुक्त किसान मोर्चा और किसान मजदूर मोर्चा फसलों के लिए एमएसपी पर कानून और ऋण माफी सहित अपनी विभिन्न मांगों के लिए केंद्र पर दबाव बनाने के लिए दिल्ली चलो आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं. उधर, अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर उतरे किसानों के प्रदर्शन में गुरुवार को भी किसान दिल्ली में घुसने की कोशिश करते रहे. पुलिस उन्हें रोकने के लिए जोर लगाती रही. यही कश्मकश पूरे दिन चली. किसानों ने शुक्रवार को भारत बंद का भी एलान किया है. इसका कांग्रेस समेत कई दलों ने समर्थन किया है. संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले कई संगठनों ने भी इस पर सहमति दी है. हरियाणा और पंजाब के किसानों ने दिल्ली को कई तरफ से घेर रखा है. दिल्ली पुलिस ने किसानों से निपटने के लिए 30 हजार आंसू गैस बम का आर्डर किया है. किसान नेता सरवन पंढ़ेर ने कहा, सरकार की मंशा ठीक नहीं. इस आंदोलन का चुनाव से मतलब नहीं. जब तक मांगे मानी नहीं जाती तब तक आंदोलन जारी रहेगा. पंढेर ने कहा कि हमारा आंदोलन शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है. किसानों के प्रदर्शन पर किसान नेता गुरनाम सिंह चारुनी ने कहा, तीन फैसले लिए गए हैं, पहला ये कि हम शुक्रवार को 3 घंटे के लिए हरियाणा को टोल फ्री रखेंगे, दोपहर 12 बजे से शाम 3 बजे तक. 17 फरवरी को हर तहसील में दोपहर 12 बजे से ट्रैक्टर परेड होगी. 18 फरवरी को सभी किसान और मजदूर संगठनों की संयुक्त बैठक होगी. उसी बैठक में आगे के फैसले लिए जाएंगे.



- बुजुर्ग किसान हाथ में झंडे लेकर बॉर्डर पर मोर्चा संभालें
- दिल्ली पुलिस ने और मंगाए 30 हजार आंसू बम

### आज खेतों में न जाएं किसान : राकेश टिकैत

किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि हमने ''ग्रामीण भारत बंद'' के बारे में बात की है कि किसान कल अपने खेतों में न जाएं. इससे कल एक बड़ा संदेश जाएगा. इस आंदोलन की एक नई विचारधारा है, एक नई पद्धति है. राजमार्ग बंद नहीं किया जाएगा, लेकिन हमारे बैठक बिंदुओं पर बैठकें जारी रहेंगी और हम वहीं निर्णय लेंगे. 17 फरवरी को सिसौली में मासिक पंचायत होगी. एमएसपी पर हमारी मांग तो है लेकिन इस पर रणनीति बनानी होगी. पंजाब और हरियाणा में जो घटनाएं हो रही हैं. हम इसकी आशा करते हैं. हमने कहा है कि इसके लिए भीड़ के रूप में इकट्ठा न हों. जहां तक बंद का सवाल है, हमने लोगों से स्वेच्छा से भाग लेने का आग्रह किया है.

### मंत्रियों के नामों पर सस्पेंस कायम

# चंपाई कैबिनेट का विस्तार आज

विशेष संवाददाता। रांची

सीएम चंपाई सोरेन सरकार का कैबिनेट विस्तार शुक्रवार को होगा. राजभवन से इसके लिए कार्ड भी वितरित कर दिए गए हैं. जिसमें शाम 4 बजे का समय राजभवन में शपथ ग्रहण के लिए तय किया गया है. मगर मंत्री कौन-कौन होंगे, इस पर देर शाम तक संस्पेंस कायम रहा. दोनों पार्टियों की ओर से बेहद सतर्कता बरती जा रही है. देर शाम तक राजभवन को मंत्रियों की सूची नहीं भेजी जा सकी है. अब देर रात या 16 की सुबह को मंत्रियों की सूची राजभवन भेजी जा सकती है. इधर प्रोजेक्ट भवन में सीएम सोरेन ने कहा कि अभी नाम तय नहीं हुआ है. नाम पर फैसला पार्टी अध्यक्ष शिबू सोरेन करेंगे. वह शिबू सोरेन से मिलने जाएंगे. इसके बाद ही नाम का अंतिम रूप से चयन करके राजभवन भेजा जाएगा. 12 वें मंत्री के सवाल पर भी उन्होंने कहा कि यह पार्टी अध्यक्ष ही तय करेंगे.



- देर शाम तक राजभवन को नहीं सौंपी गयी सूची, राजभवन ने शाम 4 बजे का समय मुकर्रर किया
- सीएम चंपाई ने कहा – नाम पर अंतिम फैसला शिबू सोरेन लेंगे, 12 वें मंत्री पर फैसला पार्टी करेगी

### डॉ. रामेश्वर उरांव का मंत्री पद से कट सकता है पत्ता

पता चला है कि डॉ रामेश्वर उरांव को छोड़ कर कांग्रेस के पुराने मंत्री ही कंटीन्यू कर सकते हैं. जिसमें बादल पत्र लेख बन्ना गुप्ता शामिल हैं. प्रदीप यादव का नाम आगे था, लेकिन संथाल से पहले ही आलमगीर के शपथ लेने के बाद प्रदीप का नाम लिस्ट से करीब करीब बाहर है. वैसे अभी तक कांग्रेस ने मंत्रियों की फाइनल सूची मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को नहीं सौंपी गई है मगर मगर कांग्रेस की ओर से दीपिका सिंह पांडे अनूप कुमार सिंह का नाम चर्चा में है.

### बसंत सोरेन का नाम आगे, सीता भी लाइन में

झामुमो से आ रही जानकारी के अनुसार पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन परिवार से बसंत सोरेन का नाम सबसे आगे चल रहा है. 12वीं मंत्री के रूप में सीता सोरेन, प्रो. स्टीफन मरांडी और सुदीप कुमार सोनू का नाम की चर्चा जोरों पर है. लेकिन अभी कोई लिस्ट फाइनल नहीं हुई है. उधर,राजभवन सूत्रों के अनुसार शुक्रवार शाम 4 बजे का निमंत्रण पत्र छप चुका है और उसका वितरण भी किया जा चुका है. मगर अब तक सीएम ने अपने नये मंत्रियों के नाम की सूची राजभवन को नहीं भेजी है.

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 58,000 |
| चांदी (किलो) | 73,000 |

## ब्रीफ खबरें

### राम मंदिर पर स्मारक सिक्का हुआ जारी

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को अयोध्या में बने भव्य राम मंदिर पर एक स्मारक सिक्का जारी किया. इसके अलावा उन्होंने दो अन्य स्मारक सिक्के भी जारी किये जो महात्मा बुद्ध और एक सींग वाले गैंडे पर हैं. उन्होंने सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय प्रतिभूति मुद्रण तथा मुद्रा निर्माण निगम लि. के 19वें स्थापना दिवस समारोह में भगवान बुद्ध को ज्ञान प्राप्ति पर दो धातुओं से बना सिक्का और इसमें एक सींग वाले गैंडे पर सिक्का जारी किया.

### महुआ मोइत्रा को ईडी ने किया तलब

**नयी दिल्ली।** ईडी ने टीएमसी और पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा को फेमा कानून के कथित उल्लंघन के एक मामले में समन जारी कर अगले सप्ताह पेश होने को कहा है. आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मोइत्रा को दिल्ली स्थित ईडी कार्यालय में 19 फरवरी को पेश होने को कहा गया है.

### भारत-कतर संबंध मजबूत हो रहेः मोदी

**दोहा।** पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी के साथ बातचीत के बाद कहा कि भारत-कतर संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं. उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष भविष्य के क्षेत्रों में सहयोग करने पर विचार कर रहे हैं.

### संदेशखालि में दोषियों को छोड़ेंगे नहीं

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने गुरुवार को भाजपा पर अशांत संदेशखालि में समस्या पैदा करने का आरोप लगाया और कहा कि इलाके में शांति बहाल करने के लिए हरसंभव आवश्यक कार्रवाई की गई है. दोषियों को किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा.

# चुनावी बॉन्ड असंवैधानिक

## सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, कहा- दानदाताओं और राशि का हो खुलासा

शुभम संदेश नेटवर्क। दिल्ली

चुनावी बॉन्ड की वैधता के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को ऐतिहासिक फैसला सुना दिया. अपने फैसले में कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड पर रोक लगा दी है. कोर्ट ने इसे असंवैधानिक बताया और सरकार को किसी अन्य विकल्प पर विचार करने को कहा है. सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरल बॉन्ड योजना की आलोचना करते हुए कहा कि राजनीतिक पार्टियों को हो रही फंडिंग की जानकारी मिलना जरूरी है. इलेक्टोरल बॉन्ड सूचना के अधिकार का उल्लंघन है.

चुनावी बॉन्ड योजना के अनुसार, चुनावी बॉन्ड भारत के नागरिक या देश में स्थापित ईकाई खरीद सकती थी. कोई भी व्यक्ति अकेले या अन्य के साथ मिल कर चुनावी बॉन्ड खरीद सकता था. जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29 (ए) के तहत पंजीकृत दल और लोकसभा या विधानसभा के पिछले चुनावों में एक फीसदी वोट पाने वाले दल चुनावी बॉन्ड प्राप्त कर सकते हैं. बॉन्ड को किसी पात्र राजनीतिक दल द्वारा अधिकृत बैंक के खाते के माध्यम से भुनाया जा सकता है.

**क्या है चुनावी बॉन्ड योजना :** मोदी सरकार ने 2 जनवरी 2018 को इसे अधिसूचित किया था. इसके मुताबिक, चुनावी बॉन्ड को भारत के किसी भी नागरिक या देश में स्थापित इकाई की ओर से खरीदा जा सकता है. कोई भी व्यक्ति अकेले या अन्य व्यक्तियों के साथ संयुक्त रूप से चुनावी बॉण्ड खरीद सकता है. जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के तहत पंजीकृत ऐसे राजनीतिक दल चुनावी बॉण्ड के पात्र हैं. शर्त बस यही है कि उन्हें लोकसभा या विधानसभा के पिछले चुनाव में कम से कम एक प्रतिशत वोट मिले हों. चुनावी बॉण्ड को किसी पात्र राजनीतिक दल द्वारा केवल अधिकृत बैंक के खाते के माध्यम से भुनाया जाएगा.

-शेष पेज 7 पर




### यह सरकार के लिए बड़ा झटका

चुनावी बॉन्ड योजना के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने वाली जया ठाकुर ने फैसले के बाद कहा, जो बॉन्ड के जरिए पैसा दान कर रहे थे, वो अपने नाम का खुलासा नहीं कर रहे थे. कहीं न कहीं ये लोग सरकार से फायदा चाहते थे. इस फैसले से लोगों के हितों की सुरक्षा होगी. जया ठाकुर का पक्ष सुप्रीम कोर्ट में पक्ष रखने वाले वकील वरुण ठाकुर ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को ऐतिहासिक बताया. ठाकुर ने कहा कि यह सरकार के लिए बड़ा झटका है क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने 2019 से 2024 के बीच के सभी लेन-देन की जानकारी देनी होगी. सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को भी चुनाव आयोग के समक्ष पूरी रिपोर्ट देने को कहा है और चुनाव आयोग को एक हफ्ते के भीतर रिपोर्ट का खुलासा करना होगा.

### सुप्रीम कोर्ट ने दिए ये निर्देश

1. एसबीआई चुनावी बॉन्ड से चंदा लेने वाले सभी राजनीतिक दलों की सूची जारी करे
2. एसबीआई सभी चुनावी बॉन्ड का ब्यौरा दे जिसे राजनीतिक दलों ने नकद कराया है
3. एसबीआई सभी जानकारी 6 मार्च 2024 तक चुनाव आयोग को संपूर्ण जानकारी दे
4. एसबीआई से मिली जानकारी को चुनाव आयोग 13 मार्च तक अपनी वेबसाइट पर डालें
5. चुनावी चंदे को छिपाना सूचना के अधिकार का उल्लंघन है
6. चुनावी बॉन्ड के लिए कंपनी एक्ट में संसोधन असंवैधानिक है
7. निजता के मौलिक अधिकार में राजनीतिक जुड़ाव गोपनीय रखना शामिल है

### किसने क्या कहा

हम आज उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हैं जिसने मोदी सरकार की इस काला धन रूपांतरण योजना को असंवैधानिक बताते हुए रद्द कर दिया है. हमें याद है कि कैसे मोदी सरकार, पीएमओ और वित्त मंत्रालय ने भाजपा का खजाना भरने के लिए हर संस्थान – आरबीआई, चुनाव आयोग, संसद और विपक्ष पर बुलडोजर चला दिया था. इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि इस योजना के तहत 95 प्रतिशत चंदा भाजपा को मिला. उनका कहना था, हमें उम्मीद है कि मोदी सरकार भविष्य में ऐसे विचारों का सहारा लेना बंद कर देगी और उच्चतम न्यायालय की बात सुनेगी ताकि लोकतंत्र, पारदर्शिता और समान अवसर कायम रहे. – **मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष**

नरेंद्र मोदी की भ्रष्ट नीतियों का एक और सबूत आपके सामने है. बीजेपी ने इलेक्टोरल बॉन्ड को रिश्वत और कमीशन लेने का माध्यम बना दिया था. आज इस बात पर मुहर लग गई है. – **राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

### कोर्ट के फैसले का सम्मान : भाजपा

भाजपा चुनावी बॉन्ड योजना का बचाव करते हुए कहा कि इसका प्रामाणिक उद्देश्य चुनावी चंदे में पारदर्शिता लाना था. भाजपा नेता और पूर्व कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने हालांकि कहा कि उनकी पार्टी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सम्मान करती है. कोर्ट की ओर से एक ऐतिहासिक फैसले में राजनीति के वित्तपोषण के लिए लाई गई चुनावी बॉन्ड योजना को रद्द किए जाने के बाद केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी की यह टिप्पणी सामने आई.

### सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई से मांगी पूरी जानकारी

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पांच सदस्यीय पीठ ने मामले पर सर्वसम्मति से फैसला सुनाया. हालांकि पीठ में दो अलग विचार रहे, लेकिन पीठ ने सर्वसम्मति से चुनावी बॉन्ड पर रोक लगाने का फैसला सुनाया. सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में एसबीआई को 2019 से अब तक चुनावी बॉन्ड की पूरी जानकारी देने का आदेश दिया है. मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने पिछले साल दो नवंबर को मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसे गुरुवार को सुनाया गया.

### ये सरकार का घोटालाः सिब्बल

राज्यसभा सांसद सिब्बल ने कहा, अब हमें पता चलेगा कि राजनीतिक दलों को किसने फंड दिया, साथ ही हमें ये भी पता चलेगा कि इससे किसे क्या फायदा मिला. क्योंकि कोई भी इतनी बड़ी राशि बिना किसी फायदे के नहीं देगा. इलेक्टोरल बॉन्ड में कोई भी 10-15 लाख नहीं देगा, पैसा करोड़ों में हो सकता है. अगर आप किसी पार्टी को 5 हजार करोड़ रुपए की फंडिंग दे रहे हैं तो आप कल्पना कर सकते हैं कि सिर्फ अमीरों ने फंडिंग की है और इसके बदले में उन्हें कुछ फायदे भी मिले होंगे. सुप्रीम कोर्ट के फैसले से लोकतंत्र में सभी को समान अधिकार मिलेंगे और भाजपा का भंडाफोड़ होगा. प्रधानमंत्री कहते रहते हैं कि घोटाला कहां है? लेकिन अब मोदी जी कहां हैं और उनकी आंखों के सामने घोटाला हो रहा था. यह सरकार का घोटाला है.

### 13 दिनों तक पूछताछ के बाद ईडी कोर्ट में पेशी,

# रिमांड हुई खत्म, अब हेमंत सोरेन भेजे गए होटवार जेल



**31** जनवरी को जमीन घोटाला मामले में ईडी ने हेमंत सोरेन को किया था गिरफ्तार

### तीन बार रिमांड पर लेकर ईडी कर चुकी है पूछताछ

**कल्पना सोरेन ने हेमंत से की मुलाकात :** हेमंत सोरेन से ईडी ऑफिस में उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने आधे घंटे मुलाकात की. जिसके बाद हेमंत सोरेन के रूटीन चेकअप के लिए मेडिकल टीम ईडी ऑफिस पहुंची. कुछ देर बाद हेमंत सोरेन को लेकर ईडी की टीम कोर्ट लेकर गयी. कोर्ट ने उन्हें होटवार जेल भेजने का आदेश दिया.

शुभम संदेश टीम। रांची

ईडी कोर्ट में गुरुवार को पेशी बाद पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को होटवार जेल भेज दिया गया. 31 जनवरी को जमीन घोटाला मामले में हेमंत सोरेन को गिरफ्तार करने के बाद ईडी की टीम ने उन्हें ईडी कोर्ट में पेश किया था. इसके बाद तीन से सात फरवरी तक उन्हें रिमांड पर लिया गया था. फिर आठ से 12 फरवरी तक रिमांड पर लेकर ईडी ने पूछताछ की थी. तीसरी बार ईडी ने 13 से 15 फरवरी तक हेमंत सोरेन से पूछताछ की थी. ईडी ने कुल 13 दिनों तक हेमंत सोरेन से पूछताछ की. गुरुवार को उन्हें ईडी कोर्ट में पेश किया गया. इसके बाद ईडी कोर्ट ने उन्हें होटवार जेल भेज दिया है.

**कड़ी सुरक्षा के बीच जेल पहुंचे हेमंत :** रांची पुलिस के द्वारा कड़ी सुरक्षा के बीच पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को रांची के होटवार स्थित केंद्रीय कारागार लाया गया. हेमंत सोरेन को जेल में पूर्व से ही कमरा आवंटित किया हुआ है. पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को जो सेल अलॉट हुआ था उसमें अटैच बाथरूम और किचन मौजूद है. अपर डिवीजन के सेल नंबर एक को वीआईपी कैदियों को रखने के लिए इस्तेमाल किया जाता है. हेमंत को सेल में एक अर्दली भी उपलब्ध करवाया

### हेमंत के करीबी विनोद सिंह से ईडी ने की पूछताछ

हेमंत सोरेन के करीबी विनोद सिंह गुरुवार को ईडी ऑफिस में पूछताछ के लिए पहुंचे. ईडी ने बीती 3 जनवरी और 13 फरवरी को विनोद के कई ठिकानों पर रेड की थी. इस दौरान ईडी को विनोद और हेमंत के बीच हुए वॉट्सएप चैट का पूरा ब्योरा मिला था, जिसमें बरियातु की उक्त 8.5 एकड़ जमीन पर बैंक्वेट हाल बनाने का मैप भी मिला था. ट्रांसफर-पोस्टिंग व कई अनुसंशा व आग्रह भी था. हेमंत सोरेन और विनोद सिंह के बीच 201 पन्नों की नयी चैट निकाली गयी है.

### विनोद व भानू बन सकते हैं सरकारी गवाह

बड़गाईं अंचल के तत्कालीन राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप और विनोद सिंह सरकारी गवाह बन सकते हैं. जमीन घोटाला मामले में दोनों से ही ईडी को बहुत सहयोग मिला है. इनसे मिले इनपुट पर ईडी को जांच में कई तथ्य मिले हैं, जो केस को मजबूती देंगे. छह अप्रैल 2021 को विनोद सिंह ने बैंक्वेट हॉल के निर्माण का नक्शा हेमंत सोरेन को चैट के जरिए भेजा था. ईडी का दावा है कि इस चैट में जो लोकेशन दिया गया है, वह बरियातु स्थित 8.5 एकड़ जमीन है.

# भारत रत्न के बहाने कांग्रेस को चिकोटी



बैजनाथ मिश्र

वरिष्ठ पत्रकार और झारखंड के पूर्व सूचना आयुक्त

*चरण सिंह पर कांग्रेस की तकलीफ राज्यसभा में तब उजागर हो गयी, जब जयंत चौधरी ने बोलना शुरू किया, तो जयराम रमेश और खरगे भड़क गये.*

**प्रसंगवश**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करीब दो साल पहले कहा था कि वह चार साल तक राष्ट्रनीति करते हैं और पांचवें साल में राजनीति. तब ऐसा लगा था कि उन्होंने ऐसे ही कह दिया होगा. लेकिन चैधरी चरण सिंह और नरसिंह राव को भारत रत्न देकर उन्होंने कांग्रेस को ऐसी जगह चिकोटी काट दी है कि उसे न रोते बन रहा है, न दिखाते. भारत रत्न तो हरित क्रांति के जनक एमएस स्वामीनाथन को भी मिला है, लेकिन कांग्रेस को मर्मांतक पीड़ा हो रही है नरसिंह राव और चरण सिंह को सम्मान मिलने से. चरण सिंह पर कांग्रेस की तकलीफ राज्यसभा में तब उजागर हो गई जब जयंत चौधरी ने बोलना शुरू किया तो जयराम रमेश और मल्लिकार्जुन खड़गे भड़क गये. बवाल इतना बढ़ा कि सभापति जगदीप धनकड़ भी तमतमा गये. भाजपा के पुरुषोत्तम रुपाला ने तो खैर कांग्रेस को धो ही दिया. नरसिंह राव का उल्लेख करनेवाला उनका कोई वारिस किसी सदन में था ही नहीं , इसलिए उनके नाम पर सदन में कोई चर्चा नहीं हो सकी. पिछले चार साल से किसी को भारत रत्न नहीं मिला था और पांचवें साल मिला, तो इकट्ठे पांच लोगों को. इसी से मोदी के दो साल पहले वाले बयान की याद ताजा हो गयी है और इसी के साथ यह चर्चा भी पसर गयी है कि क्या गजब की राजनीति खेली गयी है. इन पांचों में से लालकृष्ण आडवाणी को छोड़कर कोई भाजपा का या उसका समर्थक नहीं रहा है.

**कर्पूरी ठाकुर तिकड़मी राजनीति से आजीवन दूर रहे :** स्वामीनाथन तो पूरी तरह अराजनीतिक थे और कर्पूरी ठाकुर राजनीतिक होते हुए भी तिकड़मी राजनीति से आजीवन दूर रहे. नरसिंह राव ने अपनी सरकार चलाने-बचाने के लिए सांसदों की खरीद फरोख्त भी की और भ्रष्टाचार के आरोप में खुद भी फंसे. उन्होंने ही झामुमो के सांसदों को खरीदा. ये सांसद जेल भी गये, क्योंकि पैसा पकड़ा गया था. सजा इसलिए नहीं हुई कि मामला सदन के अंदर का था. नरसिंह राव को भी निचली अदालत से सजा मिली, लेकिन अपील में छूट गये. उन्होंने अयोध्या में ढांचा विध्वंस का बदला लेने के लिए आडवाणी को हवाला कांड में फंसाया, संसद से वर्शिप एक्ट पास कराया ताकि अन्य विवादित स्थलों पर हिंदू दावा नहीं कर सकें और अयोध्या के विवादित स्थल पर मस्जिद बनवाने की घोषणा भी कर डाली. नरसिंह राव ने बाबरी ढांचा के विध्वंस के बाद भाजपा की चार राज्य सरकारें बर्खास्त भी कर दी. बावजूद इसके कांग्रेस के कुलभूषण मणिशंकर अय्यर का कहना है कि नरसिंह राव भाजपाई थे और कांग्रेस के वर्तमान भविष्य राहुल गांधी का कहना है कि अगर प्रधानमंत्री की कुर्सी पर कोई गांधी होता तो अयोध्या में मस्जिद नहीं गिरती.

**नरसिंह राव से नफरत करती थीं सोनिया, इसलिए दिया गया भारत रत्न :** नरसिंह राव ने नेता प्रतिपक्ष अटल बिहारी वाजपेयी को देश के नेता के रूप में जिनेवा भेजा ताकि कश्मीर पर पाकिस्तान के मिथ्यारोपों का मुकम्मल जवाब दिया जा सके. लेकिन भाजपा उनकी सरकार को अलीबाबा चालीस चोर की सरकार कहती थी. फिर भाजपा के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें सर्वोच्च सम्मान क्यों दिया ? इसलिए कि बहुभाषाविद् नरसिंह राव ने देश की डूबती अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए उदारीकरण का नया सवेरा लाया.

-शेष पेज 7 पर

# मोदी सरकार नहीं देगी न्यायः राहुल

संवाददाता। औरंगाबाद

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को केंद्र की मोदी सरकार पर केवल अमीरों के लिए काम करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी यूपीए सरकार ने किसानों का कर्ज माफ कर दिया था. बिहार के औरंगाबाद में रैली में गांधी ने यह भी कहा कि अगर उनकी पार्टी को आपने वोट दिया, तो जाति गणना करवाने के बाद एक व्यापक वित्तीय सर्वेक्षण कराएंगे, ताकि संसाधनों के स्वामित्व में असमानता को प्रकाश में लाया जा सके. कांग्रेस नेता की भारत जोड़ो न्याय यात्रा एक दिन के ठहराव के बाद औरंगाबाद से गुरुवार को फिर से शुरू हुई. 45 मिनट के भाषण में गांधी ने भाजपा-आरएसएस पर एक को दूसरे से लड़ाने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि विभाजनकारी राजनीति ने ही मणिपुर में आग लगाने का काम किया. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी इस मौके पर कहा, यह चुनाव आखिरी मौका है.अगर मोदी की सरकार फिर आ गयी, तो देश से लोकतंत्र खत्म हो जाएगा.

राहुल गांधी ने दावा किया, गरीब और किसान कितनी भी आवाज उठाएं, वे जानते हैं कि इस देश में उन्हें न्याय नहीं मिल सकता. उन्होंने कहा, किसानों ने मुझे बताया, युवाओं ने बताया, हर रोज हमारे खिलाफ कोई न कोई अन्याय किया जाता है, हिंदुस्तान में गरीब लोगों को, कमजोर लोगों को, 21वीं सदी में न्याय नहीं मिल सकता और इसका नतीजा नफरत और हिंसा. राहुल ने कहा, गरीब व्यक्ति जितनी भी कोशिश कर ले, किसान जितना भी चिल्ला ले, मजदूर जितनी जोर से चीखे, उसे इस देश में मालूम है कि मुझे न्याय नहीं मिल सकता.

### फारूक कुछ बोले, उमर कुछ

**श्रीनगर।** नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने गुरुवार को घोषणा की कि उनकी पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव और केंद्र शासित प्रदेश में संभावित विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी. इसे विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया के लिए एक झटके के तौर पर देखा गया. लेकिन देरशाम पार्टी के उपाध्यक्ष और पूर्व सीएम उमर अब्दुल्ला ने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी हरहाल में इंडिया गठबंधन के साथ है. सीट शेयरिंग पर बातचीत जारी है. उमर बोले- हम लोग इंडिया गठबंधन में बने रहेंगे.

**ब्रीफ खबरें**

### डीजीपी करेंगे सुरक्षा समिति की बैठक

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय में डीजीपी अजय कुमार सिंह राज्यस्तरीय रेलवे सुरक्षा समिति की बैठक करेंगे. इस दौरान पटरी पर शव मिलने की स्थिति में किसी भी तरह के सीमा विवाद को समाप्त करने, स्टेशन परिसर में बढ़ती आवाजाही को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिक सतर्कता बरतने, रेलवे स्टेशन पर यात्रियों व उनके सामानों की चेकिंग के लिए लगे सुरक्षा-उपकरणों की देखरेख और रेलवे के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों/स्टेशनों का सिक्योरिटी ऑडिट कराने का भी निर्देश दिया जाएगा.

### ट्रेड यूनियन की बंदी: स्कूल खुले रहेंगे



**रांची।** ट्रेड यूनियनों के भारत बंद ते आह्वान को लेक स्कूलों के समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है. शहर के अलग-अलग स्कूलों में पहले की तरह ही क्लास चलेगी. डीएवी कपिलदेव के शिक्षक आलोक इंद्रगुरु, डीएवी नीरजा सहाय के दुष्यंत कुमार, जी एंड एच हाई स्कूल के प्रिंसिपल दिलीप कुमार झा और डीएवी पुंदाग के शिक्षक आशीष जायसवाल ने बताया कि हर रोज की तरह शुक्रवार को भी पूर्व निर्धारित समय से ही विद्यालय का संचालन होगा.

## सड़क के मामले में रांची, गुमला, हजारीबाग और पश्चिमी सिंहभूम आगे

# राज्य के 20 जिलों में 5000 वर्ग किमी से कम बनी सड़कें

**रवि भारती।रांची**

राज्य गठन के बाद से अब तक 20 जिलों में 5000 वर्ग किलोमीटर से भी कम सड़कें ही बन पाई हैं. वहीं राज्य के सिर्फ चार जिलों में ही पांच हजार वर्ग किलोमीटर से अधिक सड़कों का जाल बिछ पाया है. रांची में सबसे अधिक 7573.7 वर्ग किलोमीटर सड़क बनी है. राज्यभर में कुल 79690 वर्ग किलोमीटर सड़क का निर्माण हुआ है. वहीं 1243 किलोमीटर सड़क एनएचएआई (राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार) को हस्तांतरित कर दी गई है.

### सबसे कम सड़क का निर्माण कोडरमा और रामगढ़ में

राज्य के दो जिलो कोडरमा और रामगढ़ से सबसे कम सड़क का निर्माण हुआ है. कोडरमा में 1311.6 वर्ग किलोमीटर और रामगढ़ में 1389 वर्ग किमी ही सड़क का निर्माण हो पाया है. इसके अलावा साहिबगंज में 1706 वर्ग किलोमीटर और पाकुड़ में 1805.6 वर्ग किलोमीटर सड़क का निर्माण हुआ है.

### रांची में सबसे अधिक 7573.7 वर्ग किलोमीटर बनी है सड़क

### पलामू प्रमंडल में सड़कों के निर्माण में आई तेजी

पलामू प्रमंडल में सड़कों के निर्माण में तेजी आई है. चतरा में 3706 .2 वर्ग किलोमीटर सड़क का निर्माण हुआ है. मेदिनीनगर में 4015 .2 वर्ग किलोमीटर सड़क का निर्माण हुआ है. लातेहार में 3660 .5 वर्ग किलोमीटर और गढ़वा में 4044 वर्ग किलोमीटर सड़क का निर्माण हो चुका है.




**5000 वर्ग किमी से अधिक सड़क निर्माण वाले जिले**

| जिला | सड़क वर्ग किलोमीटर में |
|---|---|
| रांची | 7573 .7 |
| गुमला | 5320 .9 |
| पश्चिमी सिंहभूम | 5290 .2 |
| हजारीबाग | 5965 .4 |

**3000 वर्ग किमी से अधिक सड़क निर्माण वाले जिले**

| जिला | सड़क वर्ग किलोमीटर में |
|---|---|
| सिमडेगा | 3756 .2 |
| पूर्वी सिंहभूम | 3533 .4 |
| दुमका | 3716 .4 |
| चतरा | 3706 .2 |
| गिरिडीह | 4887 .1 |
| मेदिनीनगर | 4015 .2 |
| लातेहार | 3660 .5 |
| गढ़वा | 4044 .2 |

**1000 वर्ग किमी से अधिक सड़क निर्माण वाले जिले**

| जिला | सड़क वर्ग किलोमीटर में |
|---|---|
| खूंटी | 2467 |
| लोहरदगा | 1490 .8 |
| सरायकेला | 2724 .6 |
| जामताड़ा | 1802 .0 |
| गोड्डा | 2110 .5 |
| साहेबगंज | 1706 .0 |
| पाकुड़ | 1805 .6 |
| कोडरमा | 1311 .6 |
| बोकारो | 2860 .8 |
| धनबाद | 2074 .7 |
| रामगढ़ | 1389 .0 |
| देवघर | 2478 .6 |

## अपने पैतृक गांव में सीएम चंपाई ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए



अपने गांव में महिलाओं का समस्या से संबंधित आवेदन देखते मुख्यमंत्री.

**संवाददाता।रांची/सरायकेला**

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन गुरुवार को सरायकेला-खरसांवा जिले के गम्हरिया प्रखंड स्थित अपने पैतृक गांव जिलिंगगोड़ा पहुंचे. यहां सीएम ने लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं से अवगत हुए. मुख्यमंत्री ने लोगों को उनकी समस्याओं का त्वरित और यथोचित निराकरण करने का भरोसा दिलाया. साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी दिये.

**यह सरकार सुख-दुःख में हमेशा लोगों के साथ खड़ी रहेगी :** मौके पर चंपाई सोरेन ने लोगों से कहा कि जन समस्याओं का समाधान करना ही सरकार की पहली प्राथमिकता है. हमारी सरकार का हमेशा से प्रयास रहा है कि जनता की परेशानियों का निदान कर सकें. कहा कि यह सरकार लोगों के सुख- दुःख में हमेशा उनके साथ खड़ी है. यही वजह है कि "आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार" कार्यक्रम के तहत अधिकारियों का दल आपके दरवाजे पर पहुंचा और आपकी समस्याओं को सुनने के साथही साथ उसका समाधान भी किया. सीएम ने आश्वासन दिया कि यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा. कहा कि हम सभी को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से काम कर रहे हैं, क्योंकि आपकी भागीदारी से ही राज्य का विकास संभव है.

## कोर्ट की सिक्योरिटी प्राथमिकता



**संवाददाता।रांची/बोकारो**

बोकारो प्रक्षेत्र के डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा ने गुरुवार को बोकारो व्यवहार न्यायालय परिसर का औचक निरीक्षण किया. झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देश पर निरीक्षण कार्यक्रम के तहत डीआईजी सुरेंद्र झा सिविल कोर्ट पहुंचे थे. जहां पर उन्होंने पूरे कोर्ट परिसर का निरीक्षण किया. इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली. डीआईजी ने कहा कि कोर्ट की सुरक्षा प्राथमिकता में है. इसमें कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, यदि किसी प्रकार की चूक मिलती है, तो त्वरित रूप से कार्रवाई की जाएगी.

### तैनात पुलिस कर्मियों को बुलाकर उनसे हर चीज की जानकारी ली

सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों को बुलाकर उनसे हर चीज की जानकारी ली. सिविल कोर्ट में तैनात सुरक्षा कर्मियों को जो सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवाए गए हैं, उनकी जांच भी डीआईजी के द्वारा की गई. इस दौरान सुरक्षा को लेकर कई खामियां डीआईजी ने पकड़ी है, जिसे दूर करने का निर्देश दिया गया है.

### नक्सली प्रदीप खेरवार से दुबारा की जा रही पूछताछ

**रांची ।** ऑपरेशन डबल बुल से हथियार जब्ती मामले में एनआईए ने नक्सली कमांडर को दोबारा रिमांड पर लिया है. एनआईए पांच लाख के इनामी नक्सली प्रदीप सिंह खेरवार को चार दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है. इससे पहले भी एनआईए उससे चार दिन तक पूछताछ कर चुकी है.

**बदला लेने के लिए नक्सलियों ने की थी तैयारी :** गौरतलब है कि पिछले साल लोहरदगा-लातेहार सीमा पर स्थित बुलबुल जंगल में ऑपरेशन डबल बुल के दौरान 28 हथियार की जब्ती मामले की जांच एनआईए कर रही है. नक्सलियों ने एक करोड़ के इनामी पोलित ब्यूरो सदस्य प्रशांत बोस उर्फ बूढ़ा की गिरफ्तारी का बदला लेने के लिए बूढ़ा पहाड़ पर पूरी तैयारी की थी और हथियार व गोला-बारूद जुटाया था. इसका नेतृत्व 15 लाख का इनामी रीजनल कमांडर रवींद्र गंझू कर रहा था.

**प्रदीप सिंह खेरवार पर कई हमले को अंजाम देने का है आरोप :** दरअसल टॉप माओवादी कमांडर प्रदीप सिंह खेरवार को नक्सली कमांडरों ने जीपीएस नाम दिया है. प्रदीप सिंह को लातेहार, लोहरदगा और बूढ़ापहाड़ के इलाके की एक-एक पहाड़ और जंगल की जानकारी है. उसने माओवादी के टॉप कमांडर रवींद्र गंझू और छोटू खरवार के बारे में पुलिस को कई जानकारी दी है.

## अंबेडकर भवन में नेशनल सेमिनार का आयोजन

# दिल्ली में गूंजी आदिवासी धर्म कोड की मांग, कई प्रदेशों के प्रतिनिधि जुटे




**विशेष संवाददाता।रांची**

आदिवासी/सरना धर्म कोड की आवाज दिल्ली तक पहुंची. राष्ट्रीय आदिवासी /इंडिजिनस धर्म समन्वय समिति भारत के द्वारा राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन दिल्ली के अंबेडकर भवन में किया गया.

सेमिनार में झारखंड सहित आदिवासी बहुल राज्यों के आदिवासी प्रतिनिधि शामिल हुए. सेमिनार के माध्यम से पूरे देश के आदिवासियों की आदिवासियत एवं अस्मिता बचाए रखने के लिए ट्राइबल कॉलम की मांग की गयी, जिसका मौके पर मौजूद विभिन्न संगठनों के आदिवासी समाज के लोगों ने समर्थन किया. पुरानी मांग ट्राइबल कॉलम को सरकार के समक्ष प्रस्तुत किया गया. मुख्य संयोजक अरविंद उरांव द्वारा पूरे देश के आदिवासियों को संगठित कर अपनी मांगों को सरकार के समक्ष मजबूती से रखने का आह्वान किया गया.

### झारखंड, राजस्थान, आंध्र सहित कई राज्यों के प्रतिनिधियों ने सेमिनार में हिस्सा लिया

सेमिनार की अध्यक्षता गेंदा सिंह ने, जबकि संचालन राजकुमार कुंजाम ने किया. झारखंड से जय आदिवासी केंद्रीय परिषद के अध्यक्ष निरंजन हेरेंज टोप्पो, राजस्थान से डॉ हीरा मीणा, गिर्राज मीणा ,अंडमान निकोबार से जादो पाहन, आंध्र प्रदेश से रामा राव डोरा, तेलंगाना से मानिक राव अरका,असम से गंगाधर नेताम ,अमित इंति, उत्तर प्रदेश से शिव शंकर गोंड , अशोक गोंड, कमलेश कुमार गोंड , झारखंड से बिरसु असुर ,शनिचरवा किसान ,गुजरात से दिलीप कुमार धुरिया, राजकिशोर गोंड , मध्यप्रदेश से भुवन सिंह कोर्राम, जालंधर सिंह उइके , झारखंड से मुन्ना टोप्पो, बाबूलाल महली, बिरसा कच्छप, रंजीत लकड़ा, बिरसा पाहन, राजन करमाली, अरविंद करमाली , विनोद बेदिया, रितिका भोक्ता आदि शामिल हुए.

# सांसद गीता कोड़ा ने कोर्ट में सरेंडर किया,जमानत मिली

**संवाददाता ।रांची**

पश्चिम सिंहभूम की सांसद गीता गोड़ा ने बुधवार को आर्थिक अपराध की विशेष न्यायाधीश केके मिश्रा की अदालत में आत्मसमर्पण किया. इसके बाद अदालत ने 10-10 हजार के दो निजी मुचलके पर उन्हें जमानत दे दी. यह मामला इनकम टैक्स रिर्टन नहीं भरने से जुड़ा है. अधिवक्ता जीतेंद्र कुमार ने गीता कोड़ा की ओर से पक्ष रखा. दरअसल इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के आर्थिक अपराध के तहत गीता कोड़ा के खिलाफ 2009-10 में आयकर रिटर्न नहीं भरने को लेकर और आय की सही जानकारी नहीं देने के आरोप में चार जनवरी 2012 को अदालत में केस दर्ज कराया गया था. इसी मामले में गीता कोड़ा ने 20 दिसंबर को राहत के लिए अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी.

## 13 मार्च को सामने आ जाएगा देश बेचने- खरीदने वालों का नाम

# चुनावी बॉन्ड के जरिए काले धन को सफेद करने के काम पर लगी रोक : सुप्रियो भट्टाचार्य

**खास बातें**

- अंदेशा है केंद्र सरकार ला सकती है अध्यादेश
- सुप्रीम कोर्ट का फैसला स्वागत योग्य है




**विशेष संवाददाता।रांची**

इलेक्टोरल बॉन्ड पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को झामुमो ने ऐतिहासिक करार देते हुए इसका स्वागत किया है. पार्टी महासचिव सह केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को बड़ा फैसला सुनाया है. आज के दिन की तारीख बड़ी है. सुप्रीम कोर्ट का फैसला स्वागत योग्य है. चुनावी बॉन्ड के माध्यम से शुरू काले धन को सफेद करने के कारनामे पर लगाम लगी है. उन्होंने कहा कि इस फैसले के दायरे में सभी राजनीतिक दल आ रहे हैं. सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक पार्टियों को चुनावी बॉन्ड के जरिए मिलनेवाले चंदे पर रोक लगा दी है. इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए चंदा देनेवालों के नाम, एसबीआई को चुनाव आयोग को देने होंगे. इतना ही चुनाव आयोग उन नामों की लिस्ट को अपनी वेबसाइट पर साझा करने होंगे. वे गुरुवार को पार्टी कार्यालय में मीडिया से बातचीत कर रहे थे.

### 13 मार्च के बाद ईडी पीएम, गृह मंत्री और नड्डा से पूछताछ करेगी

भट्टाचार्य ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को तीन सप्ताह के अंदर चुनावी बॉन्ड खरीदने वालों के नाम जारी करने का निर्देश दिया है. देश बेचनेवाले लोग चुनाव के समय सामने आयेंगे, 13 मार्च ऐतिहासिक दिन होगा, जब देश बेचने और खरीदनेवालों के नाम सामने आयेंगे. हमें अंदेशा है कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर अध्यादेश लाने की तैयारी हो सकती है. क्या ईडी सूची जारी होने के बाद प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और जेपी नड्डा को रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी. देश बेचनेवाले और खरीदनेवालों को सभी जानते हैं. भाजपा अदालत से बच सकती है, लेकिन मई में जनता की अदालत से कैसे बच पायेगी. सुप्रीम कोर्ट के निर्णय ने साबित कर दिया कि इस देश में देर जरूर है मगर अंधेर नहीं.

### पूंजीपतियों की रक्षा में जुटी केंद्र सरकार को लगा है तगड़ा झटका

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 2014 के बाद पूंजीपति लोगों की कैसे रक्षा की जाए, इसके लिए चुनावी बॉन्ड की शुरुआत की गई. 2014 से पहले नरेंद्र मोदी पूरे देश का भ्रमण कर रहे थे और एक विशेष विमान मिला था. वह विमान एक विशेष समूह ने दिया था. उस समूह का नाम अडानी था. पूर्व वित्त मंत्री ने 2017 में एक कानून बनाया. चुनावी बॉन्ड को इस तरीके से पेश किया गया, जैसे कोई क्रांतिकारी कदम है. एसबीआई को यह चुनावी बॉन्ड जारी करने का काम दिया गया था और उस बॉन्ड को कोई भी व्यक्ति खरीद सकता है और किसी भी पार्टी को दे सकता है. इस बॉन्ड पर सभी ने आपत्ति जतायी थी. लेकिन उसके बाद 2018 में इसे जारी कर दिया गया. इसे आरटीआई से भी अलग रखा गया.

### स्वास्थ्य मंत्रालय का 21 को घेराव करेंगे कर्मी

**रांची।** झारखंड एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ के सदस्यों ने गुरुवार को अपनी मांगों से संबंधित तख्ती लेकर विरोध दर्ज किया. आंदोलन में राज्य के सभी 24 जिलों के एमपीडब्ल्यू स्वास्थ्य कर्मी शामिल हुए. संघ के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार और महासचिव मंगल हेम्ब्रम ने बताया कि कर्मी मांग पत्र का बैनर/तख्ती लगाकर शुक्रवार को भी विरोध दर्ज कराएंगे. सभी कर्मी 21 फरवरी को , नेपाल हाउस स्थित स्वास्थ्य मंत्रालय का घेराव करेंगे.

### झासा के प्रतिनिधि सीएम चंपाई से मिले

**रांची।** राज्य प्रशासनिक सेवा संघ के प्रतिनिधिमंडल ने प्रोजेक्ट भवन में गुरुवार को सीएम चंपाई सोरेन से मुलाकात की. संघ की अध्यक्ष रंजीता हेंब्रम और महासचिव राहुल कुमार ने नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासनिक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया. मुख्यमंत्री सोरेन ने संघ की समस्याओं को सुना- जाना और समझा और समाधान का आश्वासन दिया. साथ ही हर संभव सहयोग करने की भी बात कही.मौके पर सीएम के प्रिंसिपल सेक्रेट्री विनय चौबे भी मौजूद थे.

CLASSIFIED




























राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार





www.lagatar.in | शुक्रवार, 16 फरवरी 2024 ● माघ शुक्ल पक्ष 07, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 299 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


### एनटीपीसी अवैध खनन मामला : सरकार को सुपरसीड कर रहे पीसीसीएफ

# डीएफओ के बचाव में उतरे, पर तर्कों का कोई सबूत ही नहीं

**प्रवीण कुमार। हजारीबाग/रांची**

वन विभाग के अफसर अपनी कार्यशैली की वजह से अक्सर विवादों में घिरते रहे हैं. पूर्व पीसीसीएफ एके रस्तोगी बोकारो में सहारा इंडिया की 70 एकड़ जमीन मामले में जांच की जद में हैं. वहीं वर्तमान पीसीसीएफ संजय श्रीवास्तव अपने कनीय अधिकारी हजारीबाग के तत्कालीन डीएफओ आरएन मिश्र को बचाने के चक्कर में गलतियां कर रहे हैं. मामला हाईप्रोफाइल है. एनपीटीसी ने पंकरी बरवाडीह कोल परियोजना (हजारीबाग) में 100 एकड़ से अधिक वन भूमि में अवैध खनन करा लिया है. दैनिक शुभम संदेश लगातार इस अवैध खनन का पर्दाफाश करते हुए अफसरों की कारगुजारियों को सामने ला रहा है. अब पीसीसीएफ बिना किसी सबूत के ही अपने कनीय पदाधिकारी के बचाव में जुट गए हैं.





### डीएफओ ने जांच अधिकारी की अनुशंसा अपनी रिपोर्ट में छुपायी

पीसीसीएफ ने आरोपी डीएफओ आरएन मिश्रा के पक्ष में राज्य सरकार को जो रिपोर्ट सौंपी है, उसमें अविनाश कुमार परमार और शैलेन्द्र सिंह की जांच रिपोर्ट पर मार्च 2022 को पश्चिमी वन प्रमंडल पदाधिकारी को भेजी गयी विभागीय जांच रिपोर्ट की कंडिका दो में लिखा था कि प्रयोक्ता एजेंसी द्वारा एफसी एक्ट की धारा 3ए एवं 3 बी के तहत कार्रवाई की जा सकती है, लेकिन आरएन मिश्रा ने इस तथ्य को छुपा दिया था. इस बिंदु को भी जांच केदायरे में नहीं लाया गया.

### वन विभाग ने माना, अवैध खनन हुआ, पर दोषी किसी को नहीं माना

एनटीपीसी की पंकरी बरवाडीह कोल परियोजना (हजारीबाग) में वन विभाग अवैध खनन की बात तो स्वीकारता है, लेकिन दोषी किसी को नहीं मानता. सुप्रीम कोर्ट में 6 जून 2022 को मेसर्स बालासोर एलॉयज लिमिटेड बनाम ओडिशा राज्य मामले में सुनवाई करते हुए जस्टिस शाह ने अपने आदेश में कहा था कि "फॉरेस्ट क्लीयरेंस का आवेदन लंबित है, तो इसे फॉरेस्ट क्लीयरेंस नहीं माना जा सकता. अगर फॉरेस्ट क्लीयरेंस के आदेश के बिना खुदाई की जाती है, तो वह अवैध है. लेकिन वन विभाग खुद को कोर्ट के इस आदेश से भी ऊपर मानता है. तत्कालीन डीएफओ आरएन मिश्रा ने हजारीबाग प्रादेशिक अंचल के वन संरक्षक को जो रिपोर्ट भेजी थी, उसमें एनटीपीसी को फॉरेस्ट क्लीयरेंस की शर्तों में संशोधन की अनुशंसा कर दी. दुमुहाना नाला (नदी) को नष्ट कर सौ एकड़ में अवैध खनन के दोषियों को बचाने के लिए तत्कालीन डीएफओ मिश्रा ने एनटीपीसी के दिए पक्ष के अनुसार ही रिपोर्ट बदल दी. उसके बाद भी अवैध खनन होता रहा और वन विभाग के आला अफसर मामले की लीपापोती करते रहे.

### पीसीसीएफ ने जो तर्क दिया, उसका सबूत भी पेश न कर सके

तत्कालीन डीएफओ आरएन मिश्रा के पक्ष में मुख्य वन संरक्षक की रिपोर्ट पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (हॉफ) ने अपर मुख्य सचिव, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को जो रिपोर्ट भेजी, उसकी कंडिका तीन में कहा कि मिश्रा द्वारा ने स्पष्ट किया है कि इस मामले में दुमुहानी नाला का यह स्थल अधिसूचित वन भूमि नहीं है. अतः सीधे-सीधे भारतीय वन एक्ट 1927 के अंतर्गत वनवाद नहीं किया जा सकता. हालांकि मिश्रा ने उक्त स्थल अधिसूचित वन भूमि अंतर्गत है या बाहर है, इसका प्रामाणिक साक्ष्य नहीं दिया. साथ ही मिश्रा ने स्पष्ट किया कि वन एक्ट 1927 के तहत वनवाद नहीं किया जा सकता और उनके द्वारा की गयी कार्रवाई 28.03.2019 के वन संरक्षण एक्ट की नियम के दिशा-निर्देश के तहत हैं. लेकिन उसका साक्ष्य नहीं दिया गया, जिससे यह साबित हो सके कि फॉरेस्ट क्लीयरेंस की शर्तों का उल्लंघन करने पर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई नहीं हो सकती. इस तथ्य का जिक्र प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने बिना कोई दस्तावेज लगाए करते हुए आरएन मिश्रा के पक्ष में दलील दी दी, जो खुद बड़ा सवाल उठाचा है.

### अवैध खनन पर पर्दा डालने के लिए रिपोर्ट ही बदल दी

पीसीसीएफ ने आरोपी डीएफओ आरएन मिश्रा के पक्ष में राज्य सरकार को जो रिपोर्ट सौंपी है, उसमें एक रिपोर्ट को बदल कर दूसरी रिपोर्ट बनाने का कारण वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल हजारीबाग द्वारा आरएन मिश्रा को एनटीपीसी का पक्ष अंकित कर दूसरा रिपोर्ट मांगा जाना बताया गया. लेकिन मुख्य वन संरक्षक (सतर्कता) और पीसीसीएफ ने यह नहीं देखा कि जब वन संरक्षक ने डीएफओ से प्रयोक्ता अभिकरण का पक्ष अंकित करने को कहा था, न कि कार्रवाई की बिंदु पर अनुशंसा करने को कहा था, जिसका निर्णय भारत सरकार लेती है. इसके अलावा आरएन मिश्रा ने दूसरी रिपोर्ट वन संरक्षक प्रादेशिक अंचल हजारीबाग को भेजी, जिसमें उनके द्वारा पूर्व में वन संरक्षक प्रादेशिक अंचल, हजारीबाग को भेजी रिपोर्ट और वन संरक्षक के कार्यालय द्वारा एनटीपीसी के पक्ष के साथ रिपोर्ट मांगी गयी थी, जिसका जिक्र दूसरी रिपोर्ट में क्यों नहीं किया ? इस बिंदु पर मुख्य वन संरक्षक( सतर्कता) और पीसीसीएफ द्वारा जांच न कर इसे नजरअंदाज कर दिया गया.

### वरीय डाक अधीक्षक ने सीबीआई जांच के लिए सर्किल हेड को भेजा पत्र

# डाक विभाग के करोड़ों के घोटाले में 70 बैंक खाते फ्रीज

**डाक विभाग की प्रारंभिक जांच में चार के खिलाफ जालसाजी के साक्ष्य**

**रिजवान शम्स। धनबाद**

डाक विभाग में करोड़ों रुपए की हेराफेरी का एक मामला प्रकाश में आया है. हेराफेरी का संदेह होने पर धनबाद के वरीय डाक अधीक्षक उत्तम कुमार सिंह ने आंतरिक जांच कमेटी बैठाई और घोटाले के साक्ष्य मिलने पर सीबीआई की जांच के लिए पत्र लिखा है. विभागीय सर्किल हेड से अनुमति के बाद मामले को सीबीआई जांच के लिए भेजा जाएगा. फिलहाल घोटाले के संदेहियों के खिलाफ विभाग ने मामूली सख्ती दिखाते हुए उनका स्थानांतरण कर दिया है. साथ ही संबंधित बैंक खातों को फ्रीज करने की प्रक्रिया चल रही है, इसके तहत अब तक 70 खातों को फ्रीज किया जा चुका है. इसके अलावा बीस लाख रुपए की रिकवरी भी हो चुकी है.



### ऐसे हुआ घोटाले का खुलासा

घोटाले के बारे में बताया जा रहा है कि अगस्त 2022 में ही इसकी शुरुआत गोविंदपुर में मौजूद केके पालीटेक्निक उपडाक घर में हुई थी. लेकिन जांच में पालीटेक्निक उप डाकघर से लेकर मुख्य डाकघर धनबाद तक इस घोटाले के तार जुड़ने के साक्ष्य मिल गए हैं. बताते हैं कि डाइरेक्टर आफ अकाउंट्स रांची ने इस गड़बड़ी को पकड़ा और फिर मामले को धनबाद वरीय डाक अधीक्षक को भेजा. पाया गया कि सरकारी रकम को निजी खातों में ट्रांसफर किया गया है. एक खाते से दूसरे में, फिर दूसरे से तीसरे में रकम भेजी गई. इस तरह लगभग दो करोड़ रुपये से अधिक के रकम के गबन का साक्ष्य मिल गया है. हालांकि ये रकम प्रारंभिक जांच के बाद का है, सूत्रों की मानें तो ये रकम 10-12 करोड़ के आंकड़े को भी पार सकती है.

### तत्कालीन पोस्टमास्टर पर मास्टरमाइंड होने का संदेह

धनबाद केके पालीटेक्निक उप डाकघर के तत्कालीन पोस्टमास्टर सुमित सौरभ पर इस पूरे प्रकरण में मास्टर माइंड होने का संदेह है. क्योंकि उनके कार्यकाल में ही उक्त गड़बड़ी हुई. तब सरकारी रकम को नए खाते खुलवाकर आइसीआइसीआई, एसबीआई, एक्सिस, एचडीएफसी, बंधन बैंक आदि बैंकों में करोड़ों की राशि भेजकर निकासी भी कर ली गई. मामले के सामने आने के बाद सुमित सौरभ का झरिया उप डाकघर में तबादला कर दिया गया. जबकि इनके साथ चार अन्य कर्मियों की भी मिलीभगत की बात जांच टीम के समक्ष आ चुकी है. इनमें प्रधानडाक घर धनबाद में कार्यरत कुछ आउटसोर्स कर्मी भी हैं. यहां बता दें कि सुमित सौरभ दो साल तक केके पालीटेक्निक उपडाक घर में अकेला कर्मचारी था. वहां उसने अपने खुद के आइडी और मोबाइल नंबर से दर्जनों बैंक खाते खुलवाए थे. कुछ रकम इन खातों में भी जमा होने की बात विभागीय जांच कमेटी के सदस्य बता रहे हैं. इस मामले में पारितोष लकड़ा, शंकर भाटिया और भरत प्रसाद रजक इन ट्रांजेक्शन की खबर होने के बाद भी मौन रहे, इस कारण ये लोग भी जांच के दायरे में आ गए हैं. सुमित सौरभ मंथली रिर्टन की रिपोर्ट में क्रेडिट-डेबिट की रकम में भी अंक या जीरो बढ़ाकर हेरफेर करता था.

### संदेहियों के आईडी-पासवर्ड बंद : एसएसपी



वरीय डाक अधीक्षक उत्तम कुमार सिंह ने बताया कि करोड़ों की हेराफेरी हुई है. सीबीआई से जांच को वरीय अधिकारियों को लिखा गया है. फिलहाल तक 70 खाते फ्रीज किए गए हैं और बीस लाख रुपये की रिकवरी हो चुकी है. संदेहियों के खिलाफ जांच जारी है और उनके आइडी-पासवर्ड बंद किए जा चुके हैं. फिलहाल रकम की रिकवरी पर विभाग केंद्रित है.

## जंगली हाथी ने ली एक व्यक्ति की जान

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम में गुरुवार को जंगली हाथी ने वन विभाग की त्वरित प्रतिक्रिया टीम के सदस्य को कुचल कर मार डाला.वन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना घाटशिला के चाकुलिया में दारिसोल वन क्षेत्र में हुई. हाथियों के एक झुंड की सूचना मिलने पर एक क्यूआरटी दल मौके पर गया था. तभी जानवरों ने उनपर हमला कर दिया. हाथियों के हमले के बाद वन विभाग के अधिकारी एवं ग्रामीण एकत्र हुए और पटाखे फोड़ कर तथा मशालें जला कर हाथियों के इस झुंड को भगाया. मंडलीय वन अधिकारी ममता प्रियदर्शी ने बताया कि सब कुछ ठीक चल रहा था, लेकिन क्यूआरटी दल के एक सदस्य ने एक हाथी पर मशाल फेंक दी, जिससे स्थिति बिगड़ गई. उन्होंने बताया कि हाथियों को भगाने के प्रयास में सदस्य ने हाथी पर मशाल फेंकी थी. इसके बाद हाथी उग्र हो गया और उसने सदस्य को कुचल कर मार डाला. अधिकारी के अनुसार, मृतक बबलू बास्के पश्चिम बंगाल के बांकुरा जिले का रहने वाला था, जिसकी उम्र करीब 25 वर्ष थी.

## मानगो के होटल में युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**संवाददाता। जमशेदपुर**

जमशेदपुर के उलीडीह थाना अंतर्गत न्यू पुरुलिया रोड स्थित एक होटल के कमरा नंबर 302 में गुरुवार सुबह एक युवती का शव पाया गया. घटना की जानकारी मिलने पर होटल प्रबंधन ने इसकी सूचना पुलिस को दी. सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. युवती के पास पुलिस ने दो पहचान पत्र बरामद किया है. एक पहचान पत्र में युवती का पता मानगो गुरुनानक बस्ती अंकित है वहीं दूसरे में भुइयांडीह छायानगर अंकित है. पहचान पत्र में युवती का नाम कोमल कुमारी (28) अंकित है.



### रात को होटल में आई थी युवती

होटल संचालक ने बताया कि युवती ने रात 8.10 बजे कमरे में चेक इन किया. उसके पास लोकल आईडी न होने के कारण कमरा नही दिया जा रहा था. पर उसने कहा कि उसकी आईडी में लोकल पता है पर बाहर काम करती है. इसपर युवती को कमरा दे दिया. सुबह कमरे में चाय देने के लिए कर्मी गया पर रूम नहीं खोला. फिर ऑटो वाला आया जिसने बताया कि होटल से युवती ने ऑटो के लिए फोन किया था पर वह फोन नही उठा रही. अनहोनी की सूचना पर पुलिस को सूचना दी. पुलिस पहुंची जिसके बाद कमरे को खोला गया. कमरा खोलने पर देखा कि युवती ने अपनी चुन्नी से पंखे के सहारे फांसी लगा ली है. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### विभाग की लापरवाही से हो सकता है बड़ा हादसा

## धनबाद बैंक मोड़ ओवरब्रिज पर फैला कचरा दे रहा हादसों को दावत

**संवाददाता। धनबाद**

बैंक मोड़ ओवरब्रिज पर फैला कचरा हादसों को दावत दे रहा है. विभाग और ठेकेदार की लापरवाही से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है. बैंक मोड़ ओवरब्रिज की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है. इस दौरान रेलिंग इत्यादि को नया किया जा रहा है. इसके साथ ही पुराने को तोड़ कर सड़क पर ही फैला दिया गया है. ओवरब्रिज के बीच मे मोड़ पर इस प्रकार यह कचरा पड़ा है कि आने वाले को साफ नजर आना भी मुश्किल है. सड़क के दोनों किनारे काफी दूर तक यह बिल्डिंग मटेरियल वेस्ट फैला हुआ है. कई बार दोपहिया वाहन इससे टकरा कर गिरते गिरते बचे हैं. रात्रि के समय सड़क पर फैला यह कचरा कम ही दिखाई देता है. जिससे दुर्घटना की संभावना और बढ़ जाती है. यदि विभाग और ठेकेदार इसी प्रकार लापरवाह बना रहा तो किसी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है.



### ओवरब्रिज मरम्मत के साथ लोगों की सुविधा का रखें ख्याल

पाथरडीह निवासी प्रशांत शाही ने बताया कि पाथरडीह से कोर्ट मोड़ आने के क्रम में वह ओवरब्रिज पर फैले बिल्डिंग कचरे से दो बार टकरा कर गिरने से बच चुके हैं. उन्होंने कहा कि रात्रि के समय कचरे के कारण काफी संभल कर चलना पड़ता है. सड़क पर गिरे कचरे को अविलंब साफ करना चाहिए ताकि लोग सुरक्षित यात्रा कर सके. वहीं झरिया निवासी संजय गुप्ता ने कहा कि ओवरब्रिज पर फैले कचरे से एक बार दुर्घटना ग्रसित होने से बचे हैं. संजय ने कहा कि पुल पर लगने वाले जाम में यह भी एक बड़ा कारण बन गया है। इसकी सफाई बहुत जरूरी हैं.

## मछली समझ कर दो बच्चों ने खाया रसेल वाइपर सांप

**संवाददाता। कसमार (बोकारो)**

बोकारो जिले के कसमार थानाक्षेत्र अंतर्गत पोंडा पंचायत के ठाकुरपोंडा में गुरुवार को आग में पका हुई मछली समझ कर दो बच्चों ने तालाब किनारे फेंके गए रसेल वाइपर जैसे जहरीले सांप को खा लिया. जले सांप खाने के बाद जब दोनों बच्चों की हालत बिगड़ने लगी, तो आनन-फानन में दोनों बच्चों को कसमार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया. जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया. जानकारी के अनुसार गुरुवार को ठाकुर पोंडा निवासी मुस्ताक अंसारी का पांच वर्षीय पुत्र तौसीफ अंसारी व दिलदार अंसारी का तीन वर्षीय पुत्र जेन अंसारी शाम चार बजे गांव के सामने तालाब में खेल रहे थे. इसी बीच तालाब के सामने एक जले रसल वाइपर सांप को दोनों ने मछली समझ कर हाथ में उठा लिया. जिसके बाद दोनों बच्चों ने इसे मछली समझ कर खा लिया. कुछ देर के बाद दोनों बच्चों की स्थिति बिगड़ने लगी, तो बच्चों ने इसकी जानकारी दी. तालाब किनारे फेंके गए सांप के अवशेष को देख कर जब सांप की पहचान की गयी, तो परिजन डर गए और तुरंत दोनों को कसमार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया. हालांकि कसमार सीएचसी से रेफर किये जाने के बाद जब बच्चों की स्थिति सामान्य होने लगी, तो परिजन दोनों को अपने घर ले गए.

- हालत बिगड़ने पर इलाज के लिए लाया गया कसमार सीएचसी

## झुमरा पहाड़ पर तीसरे दिन भी सर्च ऑपरेशन जारी

**संवाददाता। बेरमो**

झुमरा पहाड़ पर गुरुवार को भी सर्च ऑपरेशन जारी रहा. एसडीपीओ बशिष्ठ नारायण सिंह ने बताया कि झुमरा पर नक्सलियों के विरुद्ध सर्च ऑपरेशन चल रहा है. बता दें मंगलवार और बुधवार को ऑपरेशन में नक्सलियों से मुठभेड़ हुई, लेकिन किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है. मंगलवार को सीआरपीएफ, कोबरा और जगुआर के साथ चुटे के गिंधौनीय में नक्सलियों ने बटालियन पर फायरिंग शुरू कर दी थी. जवाबी फायरिंग में नक्सली जंगल में भाग गए. बुधवार को झुमरा के दक्षिणी छोर यथा जगेश्वर बिहार थाना क्षेत्र के हलवे गांव से चार किमी दूर से सीआरपीएफ पर फायरिंग हुई. दोनों ओर से एक सौ राउंड फायरिंग की गयी. सीआरपीएफ की फायरिंग से नक्सली घने जंगल में भाग गए. स्थानीय पुलिस भी सीआरपीएफ के साथ ऑपरेशन में शामिल है. ऑपरेशन में सीआरपीएफ को नक्सलियों के सामान और गोला बारूद मिला है. 12 फरवरी को सीआरपीएफ ने इंसास राइफल की गोली, तीन खोखा, एसएलआर के चार खोखा, गन पाउडर, लैपटॉप- दवा, पेन ड्राइव, रेडियो, फोन सूची, फोन बैट्री, चार्जर, स्कैनर, सहित अन्य सामान बरामद किया गया. दवा में पेन किलर, बुखार, डायरिया, बीपी, मलेरिया, लेडीस पर्स, चूड़ियां, खाना, टार्च, बर्तन, शॉल, कंबल, कार रिमोट सेंसर, रिमोट सेंसर कुंजी, ड्यूरासेल बैटरी, सिरिंज, औषधियाँ, डाबर शहद -01 बोतल, कंबल-04, बिस्तर की चादर-02, छाता-02 यूएस, डेकची-01, बर्तन चम्मच आदि बरामद किया गया.

### मेल-मिलाप : झामुमो, राजद, कांग्रेस छोड़ सैंकड़ों लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने किया स्वागत

# लालटेन छोड़ घूरन राम ने समर्थकों के साथ थामा कमल का दामन

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

लोकसभा चुनाव की सुगबुगाहट शुरू हो गई है. पाला बदलने का दौर भी शुरू हो गया है. झारखंड में राजद के टॉप लेवल के लीडर सह पूर्व एमपी धूरन राम ने भी गुरुवार को राजद छोड़ कर भाजपा का दामन थाम लिया. प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पूर्व सांसद घुरन राम,माधवचंद्र महतो, ब्रजेंद्र हेमरोम,राजेंद्र मुंडा सहित उनके समर्थकों का स्वागत किया। इस दौरान झामुमो,कांग्रेस,राजद छोड़कर सैकड़ों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की.



### जनता तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के लिए संकल्पित: बाबूलाल मरांडी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 2024में देश की जनता तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के लिए संकल्पित है. हमें जन जन के बीच में जाकर पीएम मोदी के संदेश को पहुंचाना है. प्रधानमंत्री ने जो 400 पार का लक्ष्य दिया है, उसे पूरा करना है. मोदी सरकार पिछले 10 वर्षों में गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिला, आदिवासी, दलित पिछड़े सभी को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है. जनधन खाता, शौचालय, प्रधानमंत्री आवास,आयुष्मान योजना, प्रति व्यक्ति 5 किलो अनाज, उज्ज्वला गैस योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, जैसी अनेक कल्याणकारी योजनाएं आम जनता तक पहुंची हैं.

### भ्रष्टाचार पर हो रहा कड़ा प्रहार

बाबूलाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार हो रहा. झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उनके किए का परिमाण भुगतना पड़ रहा है. मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने अगर लीक नही बदली, तो उन्हे भी ऐसे ही परिणाम के लिए तैयार रहना पड़ेगा. हेमंत सोरेन ने झारखंड के खान,खनिज , बालू, पत्थर सब को लूटा. बिचौलिए, दलाल को खुली छूट दी. जब इससे भी पेट नही भरा तो गरीब युवा बेरोजगारों की नौकरी बेंच दी. दलाल, बिचौलिए के व्हाट्स ऐप चैट ने पूरा इतिहास भूगोल बता दिया है. भ्रष्टाचार ,लूट और झूठ के खिलाफ लड़ाई में शामिल होने के लिए सबको आमंत्रण है.

## ब्रीफ खबरें

### कुल्हाड़ी से वार कर युवक की हत्या की

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के डेमू गांव में कुल्हाड़ी से वार कर एक युवक की हत्या कर दी. घटना बुधवार की रात की है. गुरुवार की सुबह ग्रामीणों ने उसका शव एक नाले मे पड़ा देखा. मृतक युवक की पहचान डेमू गांव निवासी उपेंद्र सिंह (21) के रूप में की गयी हे. शव पर धारदार हथियार से वार करने के कई निशान हैं. ग्रामीणों ने इसकी सूचना समाजसेवी गोपाल सिंह को दी. गोपाल ने घटनास्थल पर पहुंचकर इसकी सूचना पुलिस को दी. पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया. मृतक के पिता दिनेश सिंह ने बताया कि उपेंद्र बुधवार को कुछ युवकों के साथ घर से निकला था.

### आजसू पार्टी का मिलन समारोह 24 को होगा

**लातेहार।** आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष अमित कुमार पांडेय ने बतया कि आगामी 24 फरवरी को लातेहार में आजसू का मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा. इस कार्यक्रम में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे. वहीं, आयोजन की तैयारियों को लेकर आजसू पार्टी की एक अहम बैठक 18 फरवरी को जिला कार्यालय में आयोजित की जाएगी. जिलाध्यक्ष ने इस बैठक में आजसू पार्टी के सभी प्रखंड व पंचायत तथा अन्य अनुशांगिक इकाईयों को भाग लेने की अपील की है.

### गाजे-बाजे के साथ निकला विसर्जन जुलूस

**पाटन (पलामू)।** प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को विभिन्न सरस्वती प्रतिमाओं का विसर्जन जुलूस गाजे बाजे के साथ निकाला गया. क्षेत्र भ्रमण के बाद स्थानीय नदी-तालाबों में प्रतिमाओं को विसर्जित कर दिया गया. इसमें किशनपुर देवी मंडप बॉयज संघ, जय भवानी संघ शिव मंदिर, न्यू स्टार क्लब किशनपुर समेत पाटन, नवा, जयपुर, किशनपुर आदि क्षेत्रों की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया. शांति व्यवस्था को लेकर किशनपुर ओपी प्रभारी कुमार नीरज, जयपुर थाना प्रभारी संजय कुमार रजक, पाटन थाना प्रभारी गुलशन गौरव दल-बल के साथ सक्रिय दिखे.

### कूड़ो में युवक ने फांसी लगाकर दी अपनी जान

**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत कूड़ो छत्तरपुर पंचायत के खकसी टोली गांव निवासी प्रेम रोशन मिंज (उम्र 40 वर्ष) पिता स्व रॉबर्ट एक्का ने बुधवार की रात्रि को अपने अर्धनिर्मित कुएं के बीचों बीच रखे लकड़ी में बंधी रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया. यह नया कुआं मनरेगा से बन रहा है. कुएं की योजना पत्नी मंजू एक्का के नाम से है. सूचना मिलते ही एएसआई मो जसीमुद्दीन अंसारी दल बल के साथ पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया.

### भगवान भोलेनाथ का हुआ भव्य तिलकोत्सव

**बरवाडीह (लातेहार)।** प्रखंड के प्राचीन पहाड़ी शिव मंदिर में बुधवार की रात महाशिवरात्रि के पूर्व बसंत पंचमी के मौके पर भगवान भोलेनाथ के तिलक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया. तिलक उत्सव कार्यक्रम में मंदिर के पुजारी बबलू मिश्रा द्वारा पूरे विधि विधान से भगवान भोलेनाथ के श्रृंगार करने के साथ तिलक की विधि को पूरी कराई गई. तिलक उत्सव कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं के द्वारा तिलक उत्सव के गीत और भजन गाये गये. दूसरे को अभी गुलाल लगाकर भी पारंपरिक तरीके से खुशी जाहिर की गई.

---

संत मरियम स्कूल में नई परंपरा की शुरुआत, गुरु चरण पूजा सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

# नाम के अनुकूल बच्चों में दिखी अद्भुत प्रतिभा : कुंदन

संवाददाता। मेदिनीनगर




**सांस्कृतिक कार्यक्रम**

- शिव तांडव की प्रस्तुति से बच्चों ने खड़े कर दिए रोंगटे
- अपर समाहर्ता ने उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी

संत मरियम विद्यालय में बसंत के शुभ अवसर पर एक नई परंपरा की शुरुआत हुई, जहां देव तुल्य गुरुजनों के पांव पखार कर पूजा-अर्चना की शुरुआत की गई. वहीं बच्चों ने गुरुजनों को पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया. दसअसल, इस विद्यालय में बुधवार शाम गुरु चरण पूजा व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था.

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पलामू अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, एसडीपीओ मणि भूषण प्रसाद, एसडीपीओ के रीडर सुहैल खान, व्यवसायी संघ के अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल, सेवानिवृत्त सैनिक ब्रिजेश शुक्ला, भाजपा नेता अविनाश वर्मा, लिलिपुट विद्यालय के निदेशक राजीव गोयल, सेवानिवृत्त शिक्षक जटाधारी गुरुजी, डॉ. राजीव, एडवोकेट ओंकारनाथ तिवारी, कवि एमजे अजहर, संत मरियम किड्स स्कूल, चैनपुर के डायरेक्टर आनंद कुमार, पिंकी कुमारी समेत कई अतिथि मौजूद थे. अतिथियों ने विद्यालय परिसर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का फीता काट कर शुभारंभ किया.

देश के संस्कृति व सभ्यता में सुसज्जित छात्रों का नृत्य, सुरीली आवाज में संगीत, शिव का रूप धारण किए शिव तांडव कर रहे बच्चों ने विकराल रूप में रोंगटे खड़े कर दिए, वहीं अलग-अलग बच्चों की प्रतिभाओं ने इस कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों समेत सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया. मौके पर अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने विद्यालय परिवार को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दी. उन्होंने कहा कि संत मरियम स्कूल के नाम के अनुकूल ही इस विद्यालय के बच्चों में प्रतिभा भी निहित है. वह खुद गौरवांवित महसूस कर रहा हैं कि आज इन बच्चों के बीच मौजूद हैं. उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं उम्मीद करूंगा कि आप जब इस विद्यालय से पढ़कर निकलेंगे, तो निःसंदेह ही इस विद्यालय के नाम सहित पूरे देश का नाम विश्व भर में रोशन करेंगे.

---

# व्यवसायियों को सुरक्षा देना सरकार की जवाबदेही: शत्रुघ्न

संवाददाता। लातेहार



**व्यवसायी नाराज**

- गढ़वा के आभूषण दुकान में चोरी की घटना पर चिंता जतायी
- ओबीसी मोर्चा ने घटना को प्रशासनिक विफलता बताया

गढ़वा जिला के अलंकार ज्वेलर्स में बीते मंगलवार को दिनदहाड़े हुई लूट की घटना पर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है. मोर्चा के लातेहार जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद ने इसे प्रशासनिक विफलता बताया. कहा कि दिनदहाड़े एक व्यवसायिक प्रतिष्ठान में लूट हो जाती है. लुटेरे 20 मिनट तक प्रतिष्ठान में लूटपाट करते रहे, लेकिन प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं लगी.

अपराधियों ने करीब डेढ़ करोड़ रुपये के जेवर लूट लिए और हवाई फायरिंग भी की. दुकान मालिक को जान से मारने की धमकी दी. इससे व्यवसायियों में भय व असुरक्षा का माहौल है. उन्होंने अलंकार ज्वेलर्स के मालिक को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की. कहा कि अधिकांश व्यवसायी ओबीसी समुदाय के हैं. सरकार को व्यवसायियों की सुरक्षा की व्यवस्था करनी चाहिए. उन्होंने यह कि कहा कि आज पूरे प्रदेश में व्यवसायियों पर हमले किए जा रहे हैं. इसे ओबीसी मोर्चा बर्दाश्त नहीं करेगा.

---

जल जीवन मिशन के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

# शुद्ध पेयजल बिना जीवन की परिकल्पना ही अधूरी: डीसी

संवाददाता। पलामू



**पहुंचेगा पानी**

- जिले के सभी घरों में नल से पहुंचेगा गुणवत्तापूर्ण जल
- नदी के आसपास अधिकाधिक पौधरोपण करने पर बल दिया
- 3.64 लाख घर में टैप वाटर से जल पहुंचाने का है लक्ष्य

जल जीवन मिशन के तहत जिले में पेयजल गुणवत्ता बनाये रखने व पानी के बेहतर रख-रखाव से संबंधित गुरुवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन ब्लू बर्ड्स होटल में किया गया. कार्यशाला का उद्घाटन उपायुक्त शशि रंजन, सांसद व विधायक प्रतिनिधियों द्वारा विधिवत दीप प्रज्वलित कर किया गया. कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक्त रंजन ने कहा कि आज के दौर में पेयजल का महत्व बताने की आवश्यकता नहीं है. बस सभी को इतना समझ होना चाहिए कि शुद्ध पेयजल के बिना जीवन की परिकल्पना अधूरी है.

उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य जिले के प्रत्येक घर को नल से जल पहुंचाने का है, जिसमें आप सभी का सहयोग अपेक्षित है. उन्होंने कार्यशाला में आये अन्य पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से पेयजल से जुड़े अन्य विषयों पर वार्ता किया. इस दौरान नदी के माध्यम से जल को कैसे संरक्षित किया जा सकता है, इस विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी. उन्होंने लोगों से नदी के आसपास अधिकाधिक पौधरोपण करने पर बल दिया. कहा कि जब तक आप सभी तकनीकी पहलुओं से अवगत नहीं होंगे तब तक पेयजल के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करना संभव नहीं है. उन्होंने भविष्य में इस तरह का कार्यशाला पेयजल विभाग द्वारा संचालित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में कराये जाने पर बल दिया.

वहीं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता रामेश्वर गुप्ताने बताया कि जिले में 3 लाख 64 हज़ार घर में टैप वाटर के माध्यम से जल पहुंचाने का लक्ष्य है. जिसमें से अबतक डेढ़ लाख से अधिक घरों में नल से जल पहुंचाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है.

### जिले में पर्यटन की सुविधाएं विकसित की जाएंगी : डीसी

**लातेहार।** डीसी गरिमा सिंह ने कहा कि लातेहार में पर्यटन सुविधाएं बहाल की जाएंगी. गुरुवार को समाहरणालय में आयोजित प्रेस वार्ता में शुभम संदेश के सवालों का जवाब देते हुए डीसी ने उक्त बातें कहीं. शुभम संदेश ने डीसी से कहा कि लातेहार जिले में कई पर्यटन क्षेत्र हैं. यहां नेतरहाट व



बेतला जैसे मशहूर पर्यटन स्थल हैं. इसके अलावा भी कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां पर्यटन की काफी संभावनाएं है. इस पर डीसी ने कहा कि इन स्थलों में पर्यटन सुविधाएं बहाल की जाएंगी, ताकि अधिक से अधिक पर्यटक यहां आ सकें. उन्होंने कहा कि इसके लिए वे अधिकारियों के साथ कार्य योजना बनाएंगी. बता दें कि योगदान देने के बाद डीसी गरिमा सिंह पहली बार प्रेस को संबोधित कर रही थीं. उन्होंने पत्रकारों से कहा कि जिले में विकास योजनाओं को संचालित करना उनकी पहली प्राथमिकता है. केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा चलायी जा रही योजनाओं को धरातल पर उतारना एवं समाज के अंतिम व्यक्ति तक इसका लाभ पहुंचाने के लिए प्रशासन कटिबद्ध है. पत्रकारों के द्वारा यह पूछे जाने पर कि डीएमएफटी की राशि का जिले में दुरुपयोग किया जा रहा है.

---

# पेपर लीक मामले की हो सीबीआई जांच

संवाददाता। लातेहार



**सौंपा ज्ञापन**

- आजसू पार्टी ने राज्यपाल के नाम डीसी को ज्ञापन सौंपा
- जेएसएससी अध्यक्ष को तत्काल पद से हटाने की मांग

डीसी गरिमा सिंह को आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष अमित कुमार पांडेय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल के नाम पर ज्ञापन सौंपा है. ज्ञापन में जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पेपर लीक की सीबीआई से जांच कराने, जेएसएससी अध्यक्ष को तत्काल पद से हटाने और पेपर लीक को लेकर लोकतांत्रिक रूप से विरोध कर रहे अभ्यथियों पर किए गए मुकदमे को वापस करने की मांग की गई है.

अमित कुमार पांडेय ने कहा कि झारखंड सरकार की गलत नीतियों का खामियाजा प्रदेश के छात्रों को भुगतना पड़ रहा है. एक तो जेएसएससी समय पर परीक्षाएं नहीं लेता है. अगर परीक्षा हुई भी तो, पेपर लीक हो जाता है.

इससे छात्रों की मेहनत व समय दोनों बर्बाद हो रहा है. आजसू पार्टी के जिला प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय सदस्य राकेश सिंह, छात्र संघ अध्यक्ष अभिजीत सोनू, जिला कोषाध्यक्ष सद्दाम अंसारी, जिला उपाध्यक्ष विजेंद्र दास, प्रखंड अध्यक्ष अमर उरांव, सचिव श्याम कुमार, विकाश कुमार, नगर अध्यक्ष नितेश जायसवाल, रोहित बर्मन व विकास साहू आदि नेता व कार्यकर्ता शामिल थे.

### छात्रा को मिला अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में स्वर्ण

**मेदिनीनगर।** स्थानीय एमकेडीएवी के नवम कक्षा की छात्रा अद्रिजा राय चौधरी को अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2023 में स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया. विद्यालय की प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में अद्रिजा को स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए विद्यालय के प्राचार्य सह डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड जोन आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. जीएन खान ने बताया कि यह परीक्षा हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा सितंबर 2023 में आयोजित की गई थी. जिसमें अखिल भारतीय स्तर पर लाखों छात्र प्रतिभागी थे. इनके बीच अद्रिजा ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया है. यह विद्यालय, उनके माता-पिता एवं पूरे पलामू के लिए गौरव की बात है. डॉ. खान ने कहा कि कोरोना काल के उपरांत बच्चों में पठन-पाठन के प्रति अरुचि उत्पन्न हो गई थी.

# ओलावृष्टि व आंधी से रबी फसलों को भारी क्षति हुई : कमलेश सिंह

संवाददाता। हुसैनाबाद



**किसान परेशान**

- हरिहरगंज विधायक ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र
- क्षतिग्रस्त घरों के एवज में अबुआ आवास देने की मांग

जिले के हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र में तीन दिनों की बारिश, ओलावृष्टि व आंधी से रबी फसलों को भारी क्षति हुई है. साथ ही कई गांव में कच्चे मकान गिर गए हैं. इस संबंध में हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा है कि आंधी, बारिश व ओलावृष्टि से विधानसभा क्षेत्र के पांचों प्रखंडों में भारी क्षति हुई है. गेहूं, चना, सरसों के अलावा सब्जी की फसल को भी भारी नुकसान हुआ है.

साथ ही कई कच्चे घरों के भी गिरने की जानकारी मिली है. उन्होंने कहा कि वर्षा के अभाव में विधानसभा क्षेत्र में धान की फसल नहीं हो पाई थी. किसानों ने रबी फसलों पर उम्मीद लगाई थी, वह भी आंधी, बारिश व ओलावृष्टि की भेंट चढ़ गई. किसान पूरी तरह से टूट गए हैं. विधायक ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को पत्र लिख कर जांच कराकर किसानों की उचित मुआवजा अविलंब देने की मांग की है.

---

# कुकिंग प्रतियोगिता में लातेहार प्रखंड को मिला प्रथम पुरस्कार



संवाददाता। लातेहार

जिला स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन उत्क्रमित उच्च विद्यालय, चंदनडीह परिसर में गुरुवार को किया गया. इस प्रतियोगिता में लातेहार प्रखंड ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. जबकि चंदवा ने द्वितीय व बरवाडीह ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया. राजकीय प्राथमिक विद्यालय हुंडरू की रसोइया उषा देवी एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय, पोचरा की रसोइया सुनीता देवी ने लातेहार प्रखंड का प्रतिनिधित्व किया. बता दें कि प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में विभिन्न प्रखंडों के प्रथम एवं द्वितीय स्थान आने वाले रसोइयों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया था. क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी ऋषिकेश कुमार व एडीपीओ अनूप केरकेट्टा ने विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवम शॉल भेंट कर सम्मानित किया. इस अवसर पर एपीओ मनोज मिश्रा, संतोष कुमार, राहुल कुमार, मंतोष कुमार, शारदा कुमारी, आलोचना कुमारी, रिचा कुमारी आदि मौजूद थे

### सेहरा में नवजात को फेंका निःसंतान ने गले लगाया

**मेदिनीनगर।** सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के सेहरा व बोहिता गांव के बीच गुरुवार को सड़क किनारे महुआ पेड़ के नीचे लावारिस अवस्था में एक नवजात बच्ची मिली. नवजात को देखे जाने के बाद आसपास के लोगों ने अन्य लोगों को सूचना दी. मौके पर पहुंचे सेहरा गांव के निःसंतान दंपती कृष्णा साव और उनकी पत्नी चिंता देवी ने उसे गले लगाते हुए प्राथमिक चिकित्सा सेहरा स्थित पीएचसी में कराया. जानकारी के अनुसार एनएच 75 ट्रेनिंग कॉलेज के पास से लोहड़ी, सेहरा-बोहिता होते हुए लेस्लीगंज तक जानेवाली सड़क किनारे सेहरा गांव में सूनसान महुआ पेड़ के नीचे एक नवजात शिशु जिंदा हालत में झोले में रखा मिला. शिशु को सहेज कर एक कंबल में इस तरह से रखा गया था कि उसे किसी तरह की खरोंच नहीं आ सके. बच्चे की आवाज सुनने के बाद देखते ही देखते लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा.

---

देशरानी डेयरी एंड स्वीट्स प्रतिष्ठान के उद्घाटन पर बोले प्रकाश राम

# प्रतिष्ठान का खुलना समृद्धि का परिचायक

संवाददाता। लातेहार



**बोले विधायक**

- सिविल कोर्ट के सामने स्थित मार्केट में है प्रतिष्ठान
- पूर्व विधायक सहित अन्य गणमान्यों ने किया शुभारंभ

किसी भी शहर में प्रतिष्ठानों का खुलना क्षेत्र की समृद्धि का परिचायक है. प्रतिष्ठानों के खुलने से लोगों को सहुलियत होती है. उक्त बातें पूर्व विधायक प्रकाश राम ने कही. वे व्यवहार न्यायालय के सामने अविस्थत मार्केट कॉम्पलेक्स में गुरुवार को देशरानी डेयरी एंड स्वीट्स नामक प्रतिष्ठान के उद्घाटन के मौके पर बोल रहे थे.

इससे पहले विधायक के साथ पिछड़ा आयोग के सदस्य लक्ष्मण यादव व समाजसेवी सुबोध प्रसाद सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काट कर प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया. पुजारी नरेंद्र कुमार मिश्र के सानिध्य में पूजा संपन्न कराया गया. मौके पर अधिवक्ता सुनील कुमार, विजय सिंह, मोहर सिंह यादव, प्रदीप कुमार उपाध्याय, विक्रांत सिंह व प्रिंस कुमार गुप्ता के अलावा राजू सिंह, महेंद्र सिंह, पवन कुमार, रविंद्र प्रसाद, उदय भानू, कृष्णा गुप्ता, अनील सिंह, बद्री प्रसाद, मिंकू प्रसाद, पंचम कुमार, मो अब्बास अली, रविंद्र अग्रवाल, संजीत गुप्ता, पंकज प्रसाद, योगेश प्रसाद, रंजीत यादव, संतोष यादव, मिशाल जायसवाल, विशाल कुमार के अलावा संचालक बबन सिंह व गोलू सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे.

### बालूमाथ में ट्रक ऑनरों का धरना हुआ समाप्त

**बालूमाथ।** तेतरियाखाड़ कोलियरी में दो फरवरी से जारी ट्रक ऑनरों का अनिश्चितकालीन धरना एसडीएम परवेज आलम की अध्यक्षता में वार्ता के बाद समाप्त हो गया. बैठक में ट्रक ऑनर एसोसिएशन की बकाया भाड़ा भुगतान का निष्पादन 10 दिनों के अंदर कर लेने पर सभी पक्षों के बीच सहमति बनी. वहीं, ट्रक ऑनरों के द्वारा अकॉउंट में भुगतान लेने पर कंपनी द्वारा टीडीएस के रूप में हो रही कटौती नहीं की जाएगी. बालूमाथ थाना परिसर में आयोजित चतुर्थपक्षीय बैठक में प्रशासन की ओर से एसडीएम के अलावा बालूमाथ एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम, बालूमाथ अंचल अधिकारी तृप्ति विजया कुजूर, सीसीएल की ओर से तेतरियाखाड़ के प्रोजेक्ट ऑफिसर के एल यादव, प्रणव नमन मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के प्रतिनिधि के रूप में मनोज यादव एवं प्रदीप यादव, ट्रक ऑनर एसोसिएशन की ओर से संजीव कुमार सिन्हा, बिहारी यादव समेत कई लोग शामिल थे.

---

**उद्घाटन** राज्यसभा सांसद, प्रमंडलीय प्रभारी आदित्य साहू ने किया भाजपा कार्यालय का उद्घाटन

# अबकी बार 400 पार, फिर भाजपा सरकार: आदित्य

संवाददाता। मेदिनीनगर

**कार्यालय खुला**

- पलामू सांसद विष्णुदयाल राम भी मौजूद था
- पलामू लोकसभा में भाजपा रिकॉर्ड मतों से जीतेगी

मेदिनीनगर स्थित महिंद्रा शोरूम के बगल में भारतीय जनता पार्टी का पलामू लोकसभा 2024 चुनाव प्रधान कार्यालय उद्घाटन हुआ. उद्घाटन राज्यसभा सांसद, प्रदेश महामंत्री सह प्रमंडलीय प्रभारी आदित्य साहू, पलामू लोकसभा प्रभारी विनय लाल, जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, भवनाथपुर विधायक सह प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही, डाल्टनगंज विधायक आलोक चौरसिया, प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान, पूर्व सांसद मनोज कुमार, पलामू लोकसभा क्षेत्र के संयोजक विपिन बिहारी सिंह, सहसंयोजक अलखनाथ पांडे, वरिष्ठ भाजपा नेता श्री श्याम नारायण दुबे, प्रथम महापौर अरुणा शंकर आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया. राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि झारखंड की जनता आदरणीय प्रधानमंत्री को लोकसभा की सभी 14 सीटों पर विजय का आशीर्वाद देने का मन बना चुकी है. अबकी बार 400 पार, फिर एक बार भाजपा सरकार. पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि भाजपा लगातार केंद्र की मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की योजनाओं के साथ ही भाजपा कार्यकर्ता जनता के बीच पहुंचेंगे. भवनाथपुर विधायक सह प्रदेश उपाध्यक्ष भानू प्रताप शाही ने मंडल अध्यक्षों को प्रत्येक बूथ से भाजपा के प्रत्याशी को जिताने का आह्वान किया. विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा इस बार 400 से ज़्यादा सीट प्राप्त करेगी और पलामू लोकसभा में रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेगी. कार्यक्रम को वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम नारायण दुबे व विपिन बिहारी सिंह ने भी संबोधित किया. कार्यक्रम का संचालन कर रह जिलाध्यक्ष तिवारी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता कर्तव्य निष्ठा के साथ अपनी दक्षता के साथ कार्यरत रहते हैं और पिछले कई चुनाव में कार्यकर्ताओं के परिश्रम से ही अपेक्षाकृत परिणाम भी मिल रहा है. इसी कार्यालय से पलामू लोकसभा चुनाव का संचालन किया जाएगा. मौके पर प्रेम सिंह, परशुराम ओझा, मुकेश निरंजन सिन्हा, आंनद शंकर, ठाकुर महतो, शिवधारी राम, विनोद सिंह, विजय नंद पाठक, नरेंद्र पांडे, विभाकर नारायण पांडे, अविनाश वर्मा, दुर्गा जौहरी, रविंद्र सिंह, रूपा सिंह, विजय ओझा, ईश्वरी पांडे, ममता भुइयां, धर्मेंद्र उपाध्याय, ज्योति पांडे, श्वेतांग गर्ग, अरविंद सिंह, अरविंद गुप्ता, रामचंद्र यादव, धीरेंद्र दुबे, श्यामजी चौधरी, शाकेत सिंह, राकेश पांडेय, विजय ठाकुर, मनीष भिवानिया आदि उपस्थित थे.

---

# आदिवासी आदान-प्रदान कार्यक्रम से लौटे युवा

संवाददाता। लातेहार



**भ्रमण कार्यक्रम**

- सीआरपीएफ कमांडेंट से अनुभवों को किया साझा
- 12 राज्यों के विभिन्न शहरों में 260 युवाओं ने की शिरकत

नेहरू युवा केंद्र, लातेहार एवं सीआरपीएफ की 11वीं बटालियन के संयुक्त तत्वावधान में 20 आदिवासी युवक- युवतियों के एक जत्था को 15वीं जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में भाग लेने के लिए मैसूर भेजा गया था. इन्होंने भाषण प्रतियोगिता, लोक नृत्य एवं लोक गीत स्पर्धा, स्वच्छता अभियान, पौधरोपण आदि कार्यक्रमों में भाग लिया था.

सात दिवसीय संपन्न होने के बाद सभी युवक-युवती गुरुवार को लातेहार पहुंच गए. कार्यक्रम से लौटने के बाद सीआरपीएफ 11वीं बटालियन के कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी ने प्रतिभागियों से उनके अनुभव को जाना. युवा प्रतिभागी सुरभी कुमारी ने बताया कि उन्हें मैसूर में चामुंडी देवी मंदिर, हिल व्यू पॉइंट व मैसूर पैलेस (महल) सहित कई अन्य स्थानों पर भ्रमण करवाया गया. यह भी बताया कि उसने झारखंड राज्य से बाहर पहली ट्रेन से यात्रा की है. सीआरपीएफ कमांडेंट ने बताया की 15वीं जनजातीय युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के तहत इस वर्ष लातेहार के विभिन्न क्षेत्रों से कुल 260 युवाओं को 12 राज्यों के शहर चंडीगढ़, मुंबई, विशाखापटनम, जम्मू, वाराणसी, सूरत, अहमदाबाद, त्रिवेंद्रम, हैदराबाद, भुवनेश्वर, मैसूर एवं पुणे भेजा गया है.

## ब्रीफ खबरें

### जिले में पांच इंस्पेक्टरों को मिली पोस्टिंग

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पांच इंस्पेक्टरों को पोस्टिंग दी गई है. इसको लेकर एसएसपी किशोर कौशल ने सर्कुलर जारी कर दिया है. सर्कुलर के अनुसार सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर के थाना प्रभारी राजन कुमार को जुगसलाई यातायात थाना प्रभारी बनाया गया है, जबकि बंधन भगत को मानगो यातायात का प्रभारी बनाया गया है. इसके अलावा विनय प्रसाद मंडल को गोलमुरी यातायात थाना प्रभारी बनाया गया है. उन्हें टेल्को अंचल निरीक्षक का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है. श्रीनिवास कुमार साइबर थाना प्रभारी के साथ-साथ बिष्टुपुर यातायात के भी अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे.

### जलापूर्ति करने की मांग की गई, सौंपा ज्ञापन

**आदित्यपुर।** गर्मी की आहट से ही आदित्यपुर के कई इलाकों में बोरिंग सूखने लगे हैं. सबसे बुरा हाल वार्ड 17 के लोगों का है जहां, की तकरीबन 15 हजार परिवारों को पाइप लाइन जलापूर्ति मयस्सर नहीं है. अधिकतर लोग निजी बोरिंग कराकर ही अपनी जरूरतों को पूरी करते हैं. लेकिन इन्हें हर वर्ष जनवरी और फरवरी माह आते ही जल संकट से जूझना पड़ता है. गुरुवार को यही समस्या को लेकर पूर्व पार्षद नीतू शर्मा के नेतृत्व में वार्ड के लोगों ने करीब 150 लोगों का हस्ताक्षरित ज्ञापन नगर निगम के अपर नगर आयुक्त को सौंपा है.

### सड़क सुरक्षा माह पर लोगों को बांटे हेलमेट

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में सीजे डार्सल लॉजिस्टिक लिमिटेड और सुपर सॉनिक लॉजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में सड़क सुरक्षा माह चलाया जा रहा है. इसको लेकर गुरुवार को मानगो चौक पर बिना हेलमेट दो दोपहिया वाहन चलाने वालों के बीच हेलमेट का वितरण किया गया वहीं लोगों को यातायात नियमों की भी जानकारी दी गई. इस दौरान मानगो यातायात थाना प्रभारी बंधन भगत ने बताया कि आज यातायात नियम तोड़ने वालों को रोककर उन्हें जागरूक किया गया है. लोगों को बताया गया कि दोपहिया वाहनों में हेलमेट का प्रयोग करें.

### वाहन के चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**नोवामुंडी।** जगन्नाथपुर थाना अंतर्गत नरसिंहपुर गांव निवासी 45 वर्षीय आसमान तामसोय की किसी अज्ञात वाहन के चपेट में आने से मौत हो गई. जानकारी के अनुसार बुधवार की रात लगभग एक बजे आसमान तामसोय सरस्वती पूजा के मौके पर जगन्नाथपुर घुमने गया था. रात के लगभग एक बजे जगन्नाथपुर से पैदल घर जा रहा था. रास्ते में नरसिंहपुर के पास ही एक बड़ी वाहन पीछे से धक्का मार दिया, जिससे घटनास्थल पर उसकी मौत हो गई. गुरुवार की सुबह घटना की जानकारी जगन्नाथपुर पुलिस को दी गई.

### तालाब में डूबे युवक का मिला शव

**चांडिल।** चौका थाना क्षेत्र के उरमाल के एक तालाब में डूबे युवका का शव गोताखोरों ने गुरुवार को निकाल लिया है. युवक नहाने के दौरान बुधवार की दोपहर को तालाब में डूब गया था. बुधवार को स्थानीय गोताखोर तालाब में डूबे युवक को खोजकर नहीं निकाल पाए थे. गुरुवार को स्थानीय पुलिस-प्रशासन ने जमशेदपुर से गोताखोर बुलाकर तालाब से युवक का शव को निकलवाया. तालाब में डूबे युवक की पहचान सोनारी, जमशेदपुर के रहने वाले 19 वर्षीय राजू मंडल के रूप में किया गया है.

केवी मेघाहातुबुरु में शिक्षकों और अभिभावकों की हुई बैठक, स्पोकेन अंग्रेजी में सुधार पर हुई चर्चा

# अंग्रेजी से जुड़ी शिकायतों का समाधान होगा : प्राचार्य

शैलेश सिंह। किरीबुरु




केन्द्रीय विद्यालय मेघाहातुबुरु में प्राचार्य डॉ आशीष कुमार की अध्यक्षता तथा उप प्राचार्य रविशंकर चौधरी की उपस्थिति में शिक्षक व अभिभावकों की विशेष बैठक स्कूल के तकनीकी व तमाम प्रकार के शिक्षा स्तर में गुणवता पूर्ण सुधार, इन्फ्रास्ट्रक्चर, अनुशासन में सुधार हेतु विशेष बैठक आयोजित किया गया. अभिभावकों ने प्राचार्य व उप प्राचार्य से कहा कि स्कूल में अंग्रेजी ग्रामर, स्पोकेन अंग्रेजी, कम्प्यूटर आदि की शिक्षा को और बेहतर किया जाये. उच्च वर्ग के बच्चे पढाई पूर्ण कर किस क्षेत्र में अपना कैरियर को आगे बढाय़ें, इस हेतु कैरियर काउंसलिंग, कुछ बच्चे घर से स्कूल के लिये तो निकलते हैं लेकिन, वह बैग लेकर बाहर घूमते नजर आते हैं, ऐसे बच्चों की गलत गतिविधियां को रोकने हेतु विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति के बारे में अभिभावकों को अवगत कराना, कुछ शिक्षको की कमी से संबंधित समस्याओं को दूर करना, फर्राटेदार अंग्रेजी बोलना सिखाना आदि अनेक सवाल किये.

**हम और आप विद्यालय के पार्टनर हैं :** प्राचार्य डॉ आशीष कुमार और उप प्राचार्य रविशंकर प्रसाद ने अभिभावकों के सवालों का जबाब देते हुये कहा कि हम और आप विद्यालय के पार्टनर हैं. जब तक दोनों का सामूहिक प्रयास नहीं होगा तब तक बच्चों का सर्वागीण विकास नहीं होगा. विद्यालय में भाषा लैब की स्थापना कर हो गई है. 30 कंप्यूटर है जो बच्चों को खुद सिखायेगा की कैसे बोलना है. बच्चों को वर्ग 6 से हीं कंप्यूटर की पढ़ाई प्रारंभ कराया गया है. आप हर 15 दिन में बच्चों की कॉपी अवश्य देखें व जरूरी सुझाव दें. जो भी दिक्कत होगा उसे ठीक किया जायेगा. विद्यालय में लगभग सभी विषयों के शिक्षक उपलब्ध हैं. हिन्दी, अंग्रेजी व कम्प्यूटर के शिक्षकों की जल्द नियुक्ति होगी. अभिभावकों को बच्चों की उपस्थित से अवगत कराया जायेगा. अंग्रेजी भाषा के विकास के लिए प्राईमरी क्लास से हीं प्रयास किया जा रहा है. इसके अलावे बच्चों का ग्रामर, स्पोकेन अंग्रेजी बोलने से जुड़ी शिकायतों का समाधान किया जायेगा.

प्राचार्य ने कहा कि आप बच्चों को मोबाईल से पुरी तरह दूर रखें. अक्सर देखा जाता है कि बच्चे परीक्षा के समय हीं दिन-रात पढाई करते हैं. यह गलत दत है. इससे बच्चों की नींद पूरी नहीं होती है और वह तनाव में आते हैं, स्वास्थ्य खराब होता है. बच्चों को सालों भर अभ्यास करते रहना चाहिये. पौष्टिक आहार, खेलकूद आदि रोजमर्रा के कार्य पर नियमित ध्यान रखने से तनाव मुक्त रहेंगे. इस दौरान भारी संख्या में अभिभावक मौजूद थे.

हाथी ने डालमिया बस्ती में घुसकर चार लोगों के घरों को तोड़ा

# अंधेरी रात में हाथी ने धावा बोला, बाल-बाल बचे लोग

संवाददाता। किरीबुरु


हाथी द्वारा क्षतिग्रस्त किया गया एक ग्रामीण का घर.

सेल की हिल्टॉप, किरीबुरु (ओडिशा सीमा क्षेत्र) स्थित डालमिया बस्ती में एक दंतैल हाथी ने चार ग्रामीणों के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया. इसके बाद घर में रखे चावल, दाल, हरी सब्जियां आदि खा गए. इस दौरान चारों घरों में अपने परिवार साथ रह रहे दर्जनों लोग किसी तरह से जान बचाकर भागने में सफल रहे. यह घटना 14-15 फरवरी की मध्य रात्रि लगभग 12 से 1 बजे के बीच की है. ग्रामीणों का कहना है कि जिस समय हाथी उत्पात मचा रहा था, उस समय बिजली नहीं थी. बता दें कि अंधेरा काफी होने की वजह से एक हाथी थे या अनेक, इसकी जानकारी ग्रामीणों को नहीं है.

**घर में घुसकर रखे अनाजों को खा गया हाथी :** हाथी ने सबसे पहले डालमिया बस्ती निवासी राजेश पात्रो के घर को निशाना बनाया. उस समय राजेश अपने परिवार के 7 सदस्यों के साथ घर में सोये थे. उसके बाद हाथी ने कार्तिक करुवा का घर की ओर रूख किया और उसके घर को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया. इस वक्त कार्तिक अपने परिवार के 3 सदस्यों के साथ सोये हुए थे. इसके बाद हाथी ने परमेश्वर पात्रो का घर तोड़कर खूब उत्पात मचाया. हालांकि, इस घर में कोई नहीं था. उसके बाद बादल बौल, जो अपने परिवार के तीन सदस्यों के साथ घर में ही थे, तभी अचानक हाथी ने उनके घर पर भी धावा बोल दिया. इसके बाद हाथी ने घर के अंदर रखे दो बोरा चावल, दाल, आलू और बगान में लगे केले के फल व उसका पेड़ खा गया. ग्रामीणों ने बताया कि इसके अलावा भी कई लोगों के बगान को हाथी ने क्षति पहुंचाई है.

**वन विभाग की टीम रात में ही बस्ती पहुंची :** ग्रामीणों ने बताया की यह हाथी सारंडा जंगल से किरीबुरु खदान के पीछे रास्ते तथा सेल के डालमिया पानी फिल्टर प्लांट के बगल से होकर आया था और सीधे बस्ती में घुस गया. ग्रामीणों ने फौरन घटना की सूचना ओडिशा वन विभाग को दिया, जिसके बाद वन विभाग की टीम रात में ही बस्ती पहुंच गई. ग्रामीणों ने कहा कि हमलोग टायर जलाकर व पटाखा फोड़कर हाथी को काफी भगाने की कोशिश करते रहे लेकिन, हाथी नहीं भाग रहा था. हमलोग नुकसान की मांग वन विभाग से किये हैं. डीएफओ ने हमें मदद का भरोसा दिया है.

बता दें कि इस रात की घटना को अंजाम देने से पहले उक्त हाथी 14 फरवरी की रात झारखंड सीमा स्थित किरीबुरु टाउनशिप के मुर्गापाड़ा बस्ती क्षेत्र व किरीबुरु से हिल्टॉप जाने वाला मार्ग पर था. इसकी सूचना किरीबुरु वन विभाग की टीम को मिलने के बाद वनपाल छोटेलाल मिश्रा के नेतृत्व में वनकर्मियों की टीम मौके पर पहुंच कर लगभग रात्रि 9-10 बजे हाथियों को सुरक्षित जंगल में भगाने में सफल रहे.

**खास बातें**

- सूचना पाकर पहुंची वन विभाग की टीम
- डीएफओ ने हर संभव मदद का भरोसा दिया
- हाथी ने बगान में घुसकर नुकसान पहुंचाया

### क्यूआरटी पर हाथी का हमला, एक की मौत

**बहरागोड़ा।** बुधवार शाम को बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के सांड्रा पंचायत अंतर्गत लोधनवनी गांव के समीप जंगल में जंगली हाथी भगाने के दौरान क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) पर हाथी ने हमला कर दिया. इससे पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिला अंतर्गत डूबुखाना गांव निवासी बबलू बास्के (47) की मौत हो गई. जानकारी के अनुसार, विगत रात्रि करीब 11:30 बजे लोधनवनी गांव से सटे जंगल से हाथी गांव की तरफ आने की सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग को दी. वन विभाग की क्यूआरटी टीम मौके पर पहुंची. टीम के सदस्य मशाल व पटाखा लिए थे. तभी, सामने से अचानक नर हाथी ने हमला कर दिया, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई. वहीं, टीम के आठ सदस्यों में से एक के नहीं मिलने पर खोजते वक्त जंगल में घायल अवस्था में पड़ा मिला. उसे टीम के सदस्यों ने तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरागोड़ा पहुंचाया.



### सांसद के जन्मदिन पर बांटी गई शिक्षण सामग्री

**बहरागोड़ा।** गुरुवार को बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के भगाबांधी गांव में जमशेदपुर सांसद विद्युत वरण महतो के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर सांसद प्रतिनिधि गौरव पुष्टि व कार्यकर्ताओं ने गांव के छोटे-छोटे विद्यालय जाने वाले बच्चों के बीच शिक्षण सामग्री का वितरण किया. शिक्षण सामग्री पातें ही बच्चों में काफी उत्साह देखा गया. वहीं सांसद प्रतिनिधि ने बताया कि शिक्षण सामग्री देकर बच्चों के शिक्षण कार्य में छोटी-मोटी सहायता किया गया. जिससे बच्चे शिक्षण सामग्री पाकर उसकी सही-सही उपयोग तथा उसके महत्व को समझ पाएं. इस अवसर पर उन्होंने छोटे-छोटे बच्चों के बीच चॉकलेट का भी वितरण किये. इस मौके पर युवा नेता चंदन सीट, श्याम दे, समीर जेना, राजू राणा आदि उपस्थित थे.

### खान नियंत्रक व आरसीओएम ने खदान का निरीक्षण किया

**किरीबुरु।** भारतीय खान ब्यूरो (आईबीएम) के खान नियंत्रक (पूर्वी क्षेत्र) शैलेंद्र कुमार, आरसीओएम (रांची प्रक्षेत्र) एस एस कुजूर ने सेल मेघाहातुबुरु के सीजीएम आर पी सेलबम एवं किरीबुरु के सीजीएम कमलेश राय के साथ किरीबुरु एवं मेघाहातुबुरु खदान का निरीक्षण व सीएसआर से जुड़ी गतिविधियों को देखा. इस दौरान सेल की मेघाहातुबुरु खदान प्रबंधन द्वारा संचालित डे बोर्डिंग हॉकी सेंटर की युवा महिला व पुरुष खिलाड़ियों के संयुक्त दो टीमों के बीच प्रदर्शनी मैच आयोजित किया गया. दोनों टीम 2-2 गोल कर बराबरी पर रही. दोनों टीमों को शैलेन्द्र कुमार ने एक-एक हजार रुपये तथा व्यक्तिगत पुरस्कार दिये. तत्पश्चात मेघाहातुबुरु का सीएसआर गांव रांगरिंग के दर्जनों वृद्ध जरूरमंदों के बीच कंबल वितरण किये.

# सांस्कृतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने का लिया संकल्प

आनंद मिश्रा। जमशेदपुर



गम्हरिया स्थित अरका जैन विश्वविद्यालय में वैदिक मन्त्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ विद्यादायिनी मां सरस्वती की पूजा की गई. इस आयोजन में विश्वविद्यालय के सभी छात्रों ने बड़े उत्साह और भक्ति भाव से हिस्सा लिया. साथ ही अरका जैन विश्वविद्यालय परिवार ने शिक्षा और सांस्कृतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लिया. पूजनोत्सव का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रार्थना से हुआ. इसमें सभी छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों ने माता सरस्वती की कृपा और आशीर्वाद के लिए प्रार्थना की. इसके बाद सभी छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों के बीच भोग वितरण किया गया. इस अनुष्ठान के संयोजक व एडमिन विभाग आशीष सिंह ने सभी विद्यार्थियों को समर्पित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रेरित किया. उन्होंने बताया कि इस दिन का महत्व बच्चों को अपने आदिकाल से ही विद्या की देवी मां सरस्वती के प्रति आदर भाव से भरा जाता है और इस रूप में यह पूजा उन्हें ज्ञान की दिशा में प्रेरित करती है.

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के निदेशक सह कुलसचिव डॉ अमित श्रीवास्तव ने सभी विद्यार्थियों को आगामी अध्ययन सत्र के लिए शुभकामनाएं दीं और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया. इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कैम्पस निदेशक डॉ अंगद तिवारी, संयुक्त कुलसाचिव डॉ जसबीर धंजल, आईक्यूएसी निदेशक डॉ अरविंद पांडेय समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे.

पांच लाख बीस हजार रुपये के पैंकेज पर 43 छात्र-छात्राओं को किया लॉक

# आईडीटीआर जमशेदपुर में मारुति सुजुकी ने चलाया 'कैंपस ड्राइव'

संजीव मेहता। आदित्यपुर



आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित आईडीटीआर में मारुती सुजुकी ने चार वर्षीय टूल एंड डाई मेकिंग और तीन वर्षीय मेकाट्रोनिक्स एवं तीन वर्षीय प्रोडक्शन इंजीनियरिंग के पास आउट छात्र-छात्राओं के लिए कैंपस ड्राईव चलाया. इस दौरान पांच लाख बीस हजार रूपए के पैकेज के साथ मारुती सुजुकी ने आईडीटीआर के कुल 43 छात्र-छात्राओं को लॉक किया. बता दें कि छात्र-छात्राओं के बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए लगातार चौथी बार मारूती सुजुकी ने आईडीटीआर जमशेदपुर में कैंपस ड्राईव चलाया है. इस संबंध में आईडीटीआर के प्लेसमेंट इंचार्ज सुमीत सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष जुलाई माह में बच्चों का सेशन समाप्त होने के बाद प्लेसमेंट की प्रक्रिया प्रारंभ होती है. इस बार कंपनियों के आग्रह पर यह प्रक्रिया थोड़ा पहले प्रारंभ की गई है.

सिंह ने बताया कि मारूती सुजुकी में आईटीटीआर जमशेदपुर के 28 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है जिसमें टूल एंड डाई मेकिंग के 16 तथा मेकाट्रोनिक्स के 12 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है. जबकि, टीआरटीसी पटना के टूल एंड डाई मेकिंग के 09, मेकाट्रोनिक्स के 04 एवं प्रोडक्शन इंजीनियरिंग के 02 छात्रों का चयन हुआ है. उन्होंने बताया कि आईडीटीआर जमशेदपुर में तीन वर्षीय मेकाट्रोनिक्स का यह पहला बैच है. मारुती सुजुकी के बाद शीघ्र ही अगली कंपनी का शिड्यूल किया जाएगा. गुरुवार को हुए कैंपस में चार वर्षीय डिप्लोमा के छात्रों को पांच लाख बीस हजार एवं तीन वर्षीय डिप्लोमा को 4 लाख पांच हजार रुपये दिया गया. कुल 25 छात्र-छात्राओं को पांच लाख बीस हजार एवं 18 छात्र-छात्राओं को 4 लाख पांच हजार रुपये दिया गया है.

## न्यूज अपडेट

### नूपुर गोस्वामी को मिला 'साधक शिरोमणि सम्मान-24'



**जमशेदपुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी वसंत पंचमी, सरस्वती पूजा के शुभ अवसर पर सिंहभूम जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन, तुलसी भवन की ओर से 'सारस्वत कला साधक शिरोमणि सम्मान-24' की घोषणा की गई है. सम्मेलन की कार्यकारिणी की ओर से बताया गया है कि इस वर्ष जमशेदपुर की वरिष्ठ सुर साधिका, संगीतज्ञ नूपुर गोस्वामी को 'सारस्वत कला साधक शिरोमणि सम्मान-24' प्रदान करने का निर्णय लिया गया है. नूपुर गोस्वामी को झारखंड के अग्रणी सम्मान से सम्मानित होने पर कार्यकारिणी ने उनका अभिनंदन किया है. इस दौरान नूपुर ने कहा कि यह सम्मान केवल व्यक्ति का नहीं बल्कि, कला साधकों की तपस्या, साधना, कठिन परिश्रम, संस्कृति सेवा का सम्मान है.

### मधुसूदन पब्लिक स्कूल में एनईपी पर जानकारी दी गई




**चक्रधरपुर।** आसनतलिया स्थित मधुसूदन पब्लिक स्कूल में गुरुवार को नई शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत प्रशिक्षण का आयोजन किया गया. इसका शुभारंभ स्कूल के प्राचार्य के नागराजू, उप प्राचार्या आरती कोड़वार, विद्यालय प्रशिक्षण नोडल अधिकारी दिनेश कुमार चक्रवर्ती एवं संसाधन सेवी महादेव हानरा, रंजन गोराई ने दीप जलाकर किया. प्रशिक्षण के दौरान नई शिक्षा नीति 2020 के बारे में बताया गया. साथ ही विषयों को बच्चों के समक्ष किस प्रकार प्रस्तुत किया जाए ताकि, साक्षरता, संख्या ज्ञान, तार्किकता, समस्या समाधान, नैतिक, सामाजिक, भावनात्मक मूल्यों के विकास द्वारा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास हो. इस बारे में भी जानकारी दी गई.

### 15 दिन में ही नाली क्षतिग्रस्त, शिकायत की गई



**आदित्यपुर।** आदित्यपुर नगर निगम के वार्ड संख्या 33 अंतर्गत बनतानगर के सी ज़ोन में 'टुसू सरदार के घर से राजेंद्र ठाकुर के घर होते हुए योगेंद्र चौधरी के घर तक नाली निर्माण एवं 'टुसू सरदार के घर से चंद्रशेखर पासवान के घर तक' पेवर्स ब्लॉक पथ निर्माण कराया गया था. उक्त नाली एवं पैवर्स ब्लॉक, दोनों योजना को प्राक्कलन के हिसाब से कार्य नहीं किया गया. संवेदक द्वारा पीसीसी रोड को ईंट सोलिंग किये बिना ही ढलाई कर दिया गया है. नाली निर्माण को अभी 15 दिन भी नहीं हुआ है, नतीजतन नाली का पानी नाली के बजाय सड़क पर बह रहा है. इसकी शिकायत गुरुवार को वार्ड के युवा नेता राकेश सिंह ने निगम के कनीय अभियंता रितेश कुमार से की है.

### शहीद दिलीप बेसरा की जयंती पर मेले का आयोजन



**घाटशिला।** वीर शहीद दिलीप बेसरा की शुक्रवार को जयंती पर शहीद मेला का आयोजन बेनाशोल गांव स्थित पैतृक आवास के सामने फुटबॉल मैदान में आयोजित किया गया है. शाहिद दिलीप बेसरा स्मारक समिति के अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि जगदीश भकत ने जानकारी देते हुए कहा वीर शहीद दिलीप बेसरा का जन्म 16 फरवरी 1982 को हुआ था. 24 राष्ट्रीय राइफल बिहार रेजीमेंट के जवान थे. जम्मू कश्मीर का हांया क्षेत्र में 3 मई 2006 उग्रवादियों से लोहा लेते हुए वीरगति को प्राप्त किया था. जयंती पर सर्वप्रथम बेनशोल स्थित समाधि स्थल पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया जाएगा.

### हाथ में तख्ती लेकर एमपीडब्ल्यू ने जताया विरोध



**चांडिल।** स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ की हड्डी कहे जाने वाले एमपीडब्ल्यू स्थायीकरण की मांग को लेकर एकबार फिर आंदोलन की राह पर चल पड़े हैं. स्थायी समायोजन की मांग पर गुरुवार को अनुमंडलीय अस्पताल चांडिल के एमपीडब्ल्यू अपनी मांगे लिखे तख्ती व बैनर लेकर विरोध दर्ज कराए. यहां मंगल हेंब्रम, सुनील मांझी, श्रीकांत प्रसाद, सुनील रजक, काजल महतो, यूनेस पोड़ आदि आंदोलन में शामिल हुए. स्थायी समायोजन को लेकर राज्य के एमपीडब्ल्यू 12 फरवरी से चरणबद्ध आंदोलन कर रहे हैं. आंदोलन के पहले चरण में अपनी मांगों के समर्थन में सभी एमपीडब्ल्यू काला बिल्ला लगाकर काम किए.

### हम जिएंगे और मरेंगे गीत पर भावुक हुए दर्शक



**नोवामुंडी।** बुधवार देर शाम को गुवा म्यूजिक स्टार ग्रुप द्वारा वर्कमेन्स् में पुलवामा के शहीदो को श्रद्धांजलि सभा सह बसंत पंचमी उत्सव मनाया गया. जिला परिषद सदस्य देवकी कुमारी ने मां सरस्वती के तस्वीर में माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की. कार्यक्रम के दौरान बाल कलाकार कुमार आशुतोष ने दिल दिया है जान भी देंगे ऐ वतन तेरे लिए गीत गाकर माहौल को गमगीन कर दिया. वहीं, अन्य कलाकारों ने भी एक से बढ़कर एक फिल्मी गीत प्रस्तुत किए.

### परसुडीह में मिला अज्ञात शव, जांच में जुटी पुलिस



**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के परसुडीह थाना अंतर्गत कीताडीह आलू गोदाम के पास झाड़ियों में गुरुवार सुबह एक व्यक्ति का सड़ा-गला शव पाया गया. शव मिलने की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी. इधर, सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची और जांच में जुट गई. शव को एक कंबल में लपेटकर फेंका गया था. वहीं मृतक ने पैर में सिर्फ मोजा पहना हुआ है. पुलिस इसे हत्या मान रही है. पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

### सारंडा कप फुटबॉल टूर्नामेंट 2-3 मार्च को गुआ में



**किरीबुरु।** किशोर संघ स्पोर्ट्स क्लब, गुआ के आयोजन में तृतीय दो दिवसीय सारंडा कप फुटबॉल टूर्नामेंट आगामी 2 एवं 3 मार्च को फुटबौल मैदान गुआ में आयोजित होगी. इस प्रतियोगिता का संरक्षक पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, सांसद गीता कोड़ा एवं विधायक सोनाराम सिंकू हैं. इस प्रतियोगिता में 32 टीमों को प्रवेश मिलेगा. प्रतियोगिता में प्रवेश हेतु प्रत्येक टीम को प्रवेश शुल्क के रुप में 3500 रुपये देना होगा. फुटबॉल प्रतियोगिता के विजेता टीम को 50 हजार रुपये, उप विजेता को 30 हजार रुपये, तृतीय स्थान वाली टीम को 20 हजार एवं चौथे स्थान वाली टीम को 15 हजार रुपये दिया जाएगा.

## आस्था

सरस्वती मंदिर में स्थापित है मां सरस्वती की मूर्ति, लगता है 5 दिवसीय मेला

# हारूडीह में 113 वर्षों से हो रही मां सरस्वती की पूजा

दिलीप कुमार। चांडिल



चांडिल प्रखंड के हारूडीह में हंसवाहिनी मां सरस्वती का ऐतिहासिक मंदिर हैं, जहां देवी की आकर्षक मूर्ति स्थापित है. सार्वजनिक सरस्वती पूजा कमेटी हारूडीह-धादकीडीह और उदीयमान सरना उन्नयन समिति हारुडीह के संयुक्त तत्वावधान में यहां मां सरस्वती की पूजा-अर्चना का आयोजन किया जाता है. इस अवसर पर पांच दिवसीय मेला भी लगता है. हारुडीह में वर्ष 1911 से देवी की पूजा-अर्चना किया जा रहा है. चांडिल के हारुडीह स्थित मां सरस्वती मंदिर के पूजा व मेला कमेटी के सचिव लक्ष्मीकांत महतो ने बताया कि पूर्वजों द्वारा शुभारंभ किए गए सरस्वती मेला के आयोजन की परंपरा को अब भी निष्ठा व श्रद्धापूर्वक मनाया जा रहा है. मेला में विभिन्न भाषाओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम का संगम श्रद्धालु और दर्शकों के लिए आस्था व आकर्षण का केंद्र रहता है. इस वर्ष सरस्वती पूजा के उपलक्ष्य पर यहां 21 फरवरी तक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है.

**रोज होगा मुर्गा पाड़ा :** महतो ने बताया कि मेला में रोज सुबह मुर्गा पाड़ा का आयोजन किया जाएगा. बुधवार को परंपरा के अनुसार देवी की पूजा-अर्चना के बाद प्रसाद का वितरण किया गया. शाम को हारुडीह के देलका डांस ग्रुप के कलाकरों ने आकर्षक डांस प्रस्तुत किया. वहीं मेला के पहले दिन 16 फरवरी शुक्रवार को दिन में मुर्गा पाड़ा का आयोजन किया गया है. इसके बाद शाम को माधुरी डांस ग्रुप करनडीह के कलाकार मनमोहक डांस प्रस्तुत करेंगे.

### झुमर और छऊ नृत्य का होगा समागम

18 फरवरी को सुबह मुर्गा पाड़ा के बाद दिन दो बजे से झाड़ग्राम, पश्चिम बंगाल के समीर महतो झुमर संप्रदाय के कलाकारझुमर संगीत प्रस्तुत किया जाएगा . वहीं रात को कार्तिक सिंह मुंडा बनाम वीणाधर कुमार छऊ नृत्य दल के बीच छऊ नाच होगा . सोमवार 19 फरवरी को सुबह मुर्गा पाड़ा के बाद दोपहर में वनलता झुमुर अखाड़ा, झाड़ग्राम, पश्चिम बंगाल के कलाकारों के द्वारा झुमर संगीत पेश किया जाएगा . इसके बाद मंगलवार 20 फरवरी को सुबह मुर्गा पाड़ा के बाद दोपहर में झाड़ग्राम के झुमर सम्राट सुरजीत व दीपिका का दल झुमर प्रस्तुत करेंगे .

31वीं बीएल नेवटिया टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता

# फेनेटिक व शाह स्पोर्ट्स की शानदार जीत

सुकेश कुमार। चाईबासा



बनवारी लाल नेवटिया द्वारा प्रायोजित एवं पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित 31वीं बी एल नेवटिया टी 20 क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले दिन फेनेटिक क्लब चाईबासा ने स्टूडेंट क्लब चाईबासा को सात विकेट से तथा शाह स्पोर्ट्स अकादमी चक्रधरपुर ने नेशनल क्रिकेट क्लब बड़ा जामदा को 120 रनों के भारी अंतर से पराजित कर अपना विजय अभियान शुरु किया. चाईबासा के बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर खेले गए गुरूवार के पहले मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए स्टूडेंट क्लब चाईबासा ने निर्धारित बीस ओवर में छः विकेट खोकर 170 रन बनाए. विकेटकीपर बल्लेबाज शुभम गुप्ता ने पांच चौके एवं तीन छक्कों की मदद से 55 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली. अन्य बल्लेबाजों में तौसिफ एहसान ने 40 रन तथा कप्तान मो वसीम ने 33 रन बनाए.

फेनेटिक क्लब की ओर से सावन गोप एवं अनमोल टोपनो को दो-दो सफलता हाथ लगी. जीत के लिए निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी फेनेटिक क्लब की टीम ने 19.2 ओवर में मात्र तीन विकेट खोकर 175 रन ठोक डाले और सात विकेट से मैच अपने नाम कर लिया. ओपनर बल्लेबाज अभिषेक बोदरा ने पांच चौके एवं तीन छक्कों की मदद से 62 रन तथा तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए सावन कुमार गोप ने आठ चौके एवं तीन छक्कों की मदद से 61 रन बनाकर लक्ष्य को आसान बना दिया.

## ब्रीफ खबरें

### जनप्रतिनिधियों ने की एसपी से शिष्टाचार भेंट

**केरेडारी।** हजारीबाग के नए पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह से केरेडारी के जनप्रतिनिधियों ने भेंट कर गुलदस्ता देकर स्वागत किया. इस दौरान एसपी को क्षेत्र की समस्यायों से भी अवगत कराया. पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन दिया कि पुलिस हमेशा जनता के सहयोग में तत्पर है. एसपी से मिलने वालों में कांग्रेस पंचायती राज विभाग के चतरा जिला अध्यक्ष प्रेम रंजन पासवान, रवींद्र कुमार गुप्ता, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सूत्री उपाध्यक्ष प्रशासनिक विधायक प्रतिनिधि चंदन कुमार गुप्ता, कंडाबेर मुखिया दिनेश साव शामिल थे.

### नेशनल पब्लिक स्कूल में कंप्यूटर सेंटर शुरू

**केरेडारी।** प्रखंड क्षेत्र के बेलतू पंचायत के ग्राम जमीरा में स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल में कंप्यूटर केंद्र का उद्घाटन एवं अभिभावक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि इंटक प्रदेश सचिव अंकित राज शामिल हुए. मौके पर मुख्य रूप से बड़कागांव पूर्वी जिला परिषद प्रतिनिधि दीपक करमाली, पंचायत प्रतिनिधि दिलीप गिरी, समाजसेवी सलामत अंसारी , नवीन ठाकुर, दिलीप कुमार, देव कुमार राणा, दीपक, दिनेश, रिंकू, मनोज वर्मा, पप्पू कुमार दास, मेघनाथ महतो,सुनीता देवी,अनीता देवी, रेखा देवी, गुलशन आरा समेत कई लोग मौजूद थे.

### भूख हड़ताल में शामिल होंगे झामुमो कार्यकर्ता

**रामगढ़।** झामुमो जिला समिति की बैठक जिला अध्यक्ष विनोद किस्कू की अध्यक्षता में हुई. संचालन विनोद कुमार ने किया. सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 16 फरवरी को जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में झामुमो जिला समिति रांची मोरहाबादी मैदान में बापू वाटिका में एकदिवसीय भूख हड़ताल में शामिल होकर केंद्र सरकार के गलत नीतियों एवं सरकारी तंत्र का दुरुपयोग का विरोध करेगी. बैठक में केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो, भुवनेश्वर प्रसाद उर्फ भुन्नु महतो, महेंद्र मुंडा, बरतु करमाली, जिला उपाध्यक्ष महेश ठाकुर, चित्रगुप्त महतो, विजय किस्कू व आजाद अंसारी, हरिलाल बेदिया, दिलीप शर्मा, मोइन अहमद आदि शामिल थे.

### चौथे दिन भी जारी रहा ढिबरा मजदूरों का धरना

**कोडरमा।** समाहरणालय परिसर में चौथे दिन भी ढिबरा मजदूरों का धरना जारी रहा. गुरुवार को इंदरवा बस्ती और तिलैया बस्ती के ढिबरा मजदूरों ने आंदोलन की कमान संभाली. संघ के जिलाध्यक्ष कृष्णा घटवार ने बताया कि प्रशासन ने आंदोलनकारियों से फिलहाल दूरी बनाकर रखी है. वार्ता की कोई पहल संघ की ओर से नहीं की जाएगी. धरना लोकतांत्रिक तरीके से जारी रहेगा. उन्होंने कहा कि ढिबरा का मुद्दा इस बार सामाजिक एवं राजनीतिक स्तर पर बदलाव लाएगा. जो लोग ढिबरा के मुद्दे पर 5 साल तक खामोश रहे, जनता उन्हें जवाब देगी. मौके पर राजकिशोर सिंह, मो. इस्लाम, प्रकाश कुमार, विकास कुमार, दिनेश यादव, मो. मुस्तकीन, ललित कुमार, विलास कुमार, सोनू दास, बबलू कुमार, दिनेश तुरीया, मनोज कुमार सिंह, दरोगी प्रसाद सिंह, नीतीश तुरी, भोला तुरी, मसोमात गायत्री, सावित्री देवी, मुंदरी देवी, रधिया, चमेलवा देवी, देवन्ती देवी, प्रमिला देवी, बसंती देवी, कारी देवी, लीला देवी समेत कई लोग मौजूद थे.

---

शोभायात्रा निकाल कर सरस्वती माता की प्रतिमाओं का स्थानीय नदी-तालाबों में विसर्जन

# अगले बरस फिर आना मां, नम आंखों से दी गई विदाई



**संवाददाता। हजारीबाग**

**विसर्जन शोभायात्रा**

- श्रद्धालुओं के बीच बांटा गया खिचड़ी का महाभोग
- विसर्जन के दौरान पूरी तरह मुस्तैद दिखा प्रशासन

जिले भर में कई स्थानों पर स्थापित मां सरस्वती की विधि-विधान से पूजा के पश्चात गुरुवार को नम आंखों से विदाई दी गई. विसर्जन शोभायात्रा में शामिल स्कूली बच्चों और युवाओं ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगा कर स्थानीय नदी-तालाबों में मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन किया. इससे पूर्व हवन-पूजन के साथ माता को खिचड़ी का भोग लगा कर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया.

स्कूल और शिक्षण संस्थाओं से माता सरस्वती की प्रतिमाओं की विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई. शोभा यात्रा में स्कूल एवं क्लब के युवाओं ने सरस्वती माता की खूब जयकारे लगाए. विसर्जन शोभायात्रा के दौरान जिला प्रशासन की गाइडलाइन का ध्यान में रखते हुए डीजे वर्जित रहा और शंख और ढोल-नगाड़े के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया. विसर्जन के दौरान जिला व पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद दिखा और शांतिपूर्ण पूजा संपन्न करवाने में अहम भूमिका निभाई. वहीं कई स्थानों पर गुरुवार के कारण प्रतिमा का विसर्जन नहीं किया गया.

इधर, ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण संपन्न हो गई. चौपारण प्रखंड में डॉ. ललन बाबू कस्तुरबा गांधी प्लस टू उच्च विद्यालय सिंहपुर, मॉडर्न पब्लिक स्कूल दादपुर, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर दादपुर, केसी हाई स्कूल दादपुर सहित कई स्कूलों में स्थापित प्रतिमाओं का आसपास के तालाबों में विसर्जन कर दिया गया. विसर्जन के पहले बच्चों ने माता की आरती कर विद्या-बुद्धि का वरदान मांगा.

---

ढोल व शंख की ध्वनि के बीच निकली शोभायात्रा

## हजारीबाग प्रेस क्लब की प्रतिमा का झील में विसर्जन



**हजारीबाग।** पुराने समाहरणालय परिसर स्थित हजारीबाग प्रेस क्लब के नए भवन में स्थापित कर मां सरस्वती की प्रतिमा का गुरुवार को विसर्जन कर दिया गया. विदाई शोभायात्रा से पूर्व श्रद्धालुओं के बीच पहले चूड़ा, गुड़ और बुंदिया और फिर मां को चढ़ाए गए खिचड़ी के भोग का वितरण किया गया. उसके बाद पत्रकारों ने मां शारदे की प्रतिमा को माथे पर लेकर अबीर गुलाल उड़ाते विसर्जन शोभायात्रा निकाली. झील में पूजा अर्चना के बाद मां की प्रतिमा को जल में विसर्जित कर दिया गया. इस दौरान पूरे रास्ते पत्रकार ढोल और शंख की धुन पर थिरकते और माता के जयकारा लगाते रहे. इसके पूर्व प्रेस क्लब में झामुमो के वरिष्ठ नेता डॉ. कमल नयन सिंह, भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद, अजय गुप्ता, गणेश कुमार सीटू, प्रशिक्षु डीएसपी प्रशांत कुमार, गुलमोहर कॉलेज के निदेशक संजय कुमार, कांग्रेस के अवधेश सिंह, वीरेंद्र सिंह आदि ग्रहण करने पहुंचे थे.

---

दिशा की बैठक में सांसद ने की केंद्र प्रायोजित योजनाओं की समीक्षा

# जलापूर्ति की प्रगति धीमी

- डीसी को यथाशीघ्र परियोजना पूर्ण कराने का निर्देश
- जल जीवन मिशन के तहत कार्य की होगी मॉनिटरिंग

**संवाददाता। हजारीबाग**

समाहरणालय सभागार में गुरुवार को जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की समीक्षा बैठक सांसद जयंत सिन्हा की अध्यक्षता में हुई. इस दौरान केंद्र प्रयोजित योजनाओं खासकर जलापूर्ति, विद्युत, आपूर्ति, शिक्षा आदि योजनाओं की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई. इस क्रम में छड़वा एवं कोनार डैम से जलापूर्ति की धीमी प्रगति पर सांसद ने नाराजगी जाहिर की.

उन्होंने हुए कहा कि परियोजना अपने निर्धारित समय से काफी पीछे चल रही है. स्थानीय लोगों के घरों तक पेयजल सुनिश्चित कराने के लिए उन्होंने उपायुक्त को निर्देश दिया कि संबंधित विभागों के साथ साप्ताहिक मॉनिटरिंग कर अड़चनों को दूर कर यथाशीघ्र परियोजना को पूर्ण कराएं. वहीं भूमि अधिग्रहण, वन विभाग से अनापत्ति सहित जुडको व पेयजल स्वच्छता विभाग से संबंधित मामलों के निष्पादन में तीव्रता लाने का निर्देश दिया. जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल का जल पहुंचाने के लिए बनाए जा रहे जलमीनार, पाइपलाइन, डीप बोरिंग, वाटर कनेक्शन आदि की समीक्षा के क्रम में जनप्रतिनिधियों के द्वारा खराब गुणवत्ता की शिकायत की गई. इस पर जिला एवं प्रखंड स्तर पर मॉनिटरिंग कमेटी गठन करने का निर्णय लिया गया.

कमेटी में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ प्रखंडों के नामित वरीय अधिकारी, विभागीय अभियंता शामिल रहेंगे. ये सभी प्रखंडों में निर्धारित तिथियों पर निरंतर पर्यवेक्षण कर जनसुनवाई के माध्यम से योजनाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करेंगे. उन्होंने शिकायत निवारण के लिए संपर्क नंबर जारी कर व्यापक प्रचार-प्रसार करने को भी कहा. वहीं, बिजली बिल में त्रुटि के समाधान के लिए एकल खिड़की को सभी डिवीजन एवं प्रखंड के विद्युत केन्द्रों में नियमित रूप से संचालित करने का निर्देश दिया गया. बैठक में बरही विधायक उमा शंकर अकेला, बरकट्ठा विधायक अमित यादव, सदर विधायक मनीष जायसवाल, 20 सूत्री सदस्य, प्रखंड प्रमुख, यांत्रिकी विभाग के अभियंता, जिला स्तरीय अधिकारी सहित अन्य मौजूद थे.



### विस क्षेत्र के विकास के लिए बरही विधायक ने रखी बात

दिशा की बैठक में बरही विधायक उमाशंकल अकेला ने क्षेत्र की समस्याओं को रखते हुए निदान की मांग की. विधायक ने बरही पेयजल पुनरुद्धार योजना में तेजी लाने का आग्रह किया. उन्होंने मांग रखी कि सभी जनप्रतिनिधियों की शिकायत पर जल नल योजना की जांच विधायक की अध्यक्षता में पंचायत प्रतिनिधि की उपस्थिति में की जाए. इसके अलावा डीवीसी ने तिलैया डैम निर्माण के समय विस्थापित गांव के ग्रामीणों को दूसरे गांवों में बसाया था. उन गांव के लोगों को मालिकाना हक का रसीद निर्गत करने की मांग की. विधायक ने पूछा कि दैहर एवं चोरदाहा पंचायत के जिन गांवों में बिजली नहीं है, वहां बिजली कब तक पहुंचेगी. इस पर महाप्रबंधक द्वारा दो माह में बिजली देने का बात कही गई. विधायक अकेला ने कहा कि बरहमौरिया पंचायत स्थित मध्य विद्यालय हथिया के प्रांगण में ट्रांसफार्मर लगा है, जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है. विभाग ने इसे जल्द हटाने का आश्वासन दिया.

### पीडीएस दुकानों पर टोल फ्री नंबर अंकित रहेगा

बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत गरीबों को सही मात्रा में अनाज उपलब्ध कराने के लिए जिला आपूर्ति पदाधिकारी को शिकायत निवारण के लिए जारी टोल फ्री नंबर को सभी पीडीएस दुकानों में प्रदर्शित करने, व्यापक प्रचार-प्रसार करने एवं प्राप्त शिकायतों के त्वरित निष्पादन सहित पंचायत स्तर पर गठित निगरानी समिति की मौजूदगी में राशन वितरण कराने का निर्देश दिया. साथ ही खाद्यान्न के परिवहन के दौरान लीकेज की संभावना को शून्य करने के लिए उड़न दस्ता टीम को क्रियाशील करने को कहा गया. बैठक में मौजूद विधायकों एवं जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत संचालित योजनाओं की समस्याओं से अवगत कराया. सांसद ने विभागीय अधिकारियों को योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के निर्देश दिए.

---

## विधायक ने रजरप्पा मंदिर क्षेत्र में शौचालय का उद्घाटन किया

**संवाददाता। रामगढ़**

छिन्नमस्तिका मंदिर प्रक्षेत्र पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को अब परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा. मंदिर प्रक्षेत्र में सीसीएल रजरप्पा के सीएसआर मद से सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया हैं. गुरुवार को शौचालय का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी व विशिष्ट अतिथि जिप अध्यक्ष सुधा देवी, सीसीएल रजरप्पा के जीएम बिनोद कुमार, भुचुंगडीह मुखिया सुनीता देवी, रामगढ़ पार्षद धनेश्वर महतो, एसओपी मनोज कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर एवं फीता काट कर किया गया.

विधायक ने कहा कि शौचालय का निर्माण होने से मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को काफी सुविधा मिलेगी. साथ ही आसपास का क्षेत्र स्वच्छ रहेगा. मौके पर एजेकेएसएस के क्षेत्रीय अध्यक्ष रवींद्र वर्मा, आजसू छात्र संघ के विभावि प्रभारी अनुराग भारद्वाज, मुखिया प्रतिनिधि अवधेश मुंडा, सरिता देवी, ठाकुरदास महतो, शांति देवी, रेणु चौधरी, नीलू देवी, अजय बंगाली, गणेश महतो आदि मौजूद थे.

### सिरकोल के पास नदी से अज्ञात शव बरामद

**चरही।** थाना क्षेत्र के बरहद पिछरवा गांव के सरबहा टोला में सिरकोल के समीप गुरुवार को नदी में झाड़ी में फंसे एक पुरुष का लावारिश लाश देखा गया. ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना चरही पुलिस को दी. पुलिस ने मुर्दा कल्याण केंद्र हजारीबाग भेज दिया गया है. समाचार लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो पाई थी. पुलिस थाना क्षेत्र के विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से लाश की शिनाख्त करने में जुटी हुई है. अनुमान लगाया जा रहा है कि बीते बुधवार को हुई बारीश में यह लाश कहीं से बहकर के आई होगी. फिलहाल पुलिस हर पहलु पर जांच कर रही है.

---

जेईई मेन में ग्रिजली विद्यालय के बच्चों ने लहराया परचम

## पांच विद्यार्थियों ने पाई सफलता

**संवाददाता। कोडरमा**



तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय के पांच विद्यार्थियों ने जेईई मेन 2024 में सफलता प्राप्त की है, जो कि शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है. इनमें रोहित कुमार ने 97 परसेंटाइल, श्रेया कुमारी ने 96.1, सुफियान अहमद ने 95.2, संगम संजय मोदी ने 93.1 और प्रसून शांडिल्य ने 82 परसेंटाइल के साथ इस परीक्षा में सफलता प्राप्त की है.

छात्रों की इस सफलता पर ग्रिजली विद्यालय के निदेशक द्वय मनीष कपसिमे, अविनाश सेठ, सीईओ प्रकाश गुप्ता, सीओओ तनिष्क सेठ, उप प्राचार्या अंजना कुमारी, प्रशासक अशरफ खान, संयोजक विजय कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार चौधरी, बीडी नस्कर, अनुराग सिंह, तुषार रॉय चौधरी, प्रीति जगनानी, सुधांशु कुमार, पंकज उपाध्याय, सुनील साव, शिक्षक संजीव कुमार जायसवाल, विजय कुमार, नागेंद्र कुमार, रवि शंकर, संतोष कुमार, कुमार राजीव, रणविजय सिंह, दीपक पांडेय एवं पूरे विद्यालय परिवार ने सफल छात्रों तथा उनके अभिवावकों को इस सफलता एवं आगामी परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी.

---

## खुद को पुलिस अधिकारी बता कर महिला से 61 हजार ठगे

**संवाददाता। टाटीझरिया**



**साइबर ठगी**

- पीड़िता ने झाटीझरिया थाना में की लिखित शिकायत
- महिला को डरा-धमका कर ऑनलाइन ऐप से पैसे मंगाए

थाना क्षेत्र में एक महिला से 61 हजार रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है. ठग ने बड़े ही शातिराना अंदाज में पुलिस अधिकारी बनकर ठगी की. इस संबंध में पीड़िता केसडा निवासी इरशाद अंसारी की पत्नी आसियाना खातून ने गुरुवार को टाटीझरिया थाना में आवेदन दिया है. उसने पुलिस को बताया है कि बीते 13 फरवरी को उसके मोबाइल पर 8766653645 नंबर से वाट्सएप कॉल आया.

फोन करने वाले ने उससे कहा कि आपका कुरियर आया है, जिसमें बहुमूल्य सामान हैं. उसके बाद उसने खुद को पुलिस अधिकारी बताते हुए 15 हजार रुपये फोन-पे करने को कहा. झांसे में आकर महिला ने रुपये ऑनलाइन माध्यम से भेज दिए. इसके बाद आरोपी ने डरा-धमका क महिला से क्रमशः 8 हजार, 2 हजार, 6 हजार और 30 हजार मिला कर कुल 61 हजार रुपये की ठगी कर ली. महिला ने बताया कि उसे काफी डराया-धमकाया गया. जब उसे ठगी का एहसास हुआ, तो टाटीझरिया थाना में आवेदन दिया. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

---

## जननायक थे विश्वनाथ मोदी : शालिनी

**संवाददाता। झुमरी तिलैया**




**श्रद्धांजलि सभा**

- स्वतंत्रता सेनानी विश्वनाथ मोदी की पुण्यतिथि मनाई
- वक्ताओं ने पूर्व विधायक के व्यक्तित्व पर डाला प्रकाश

स्वतंत्रता सेनानी सह पूर्व विधायक विश्वनाथ मोदी की 13वीं पुण्यतिथि स्थानीय ओवरब्रिज के नीचे विश्वनाथ मोदी प्रतिमा स्थल के पास मनाई गई. अध्यक्षता कार्यक्रम अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह और संचालन संयोजक देवनारायण मोदी ने किया. इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता मौजूद थीं.

सबसे पहले अतिथियों द्वारा स्व. विश्वनाथ मोदी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई. शालिनी गुप्ता ने संबोधन में कहा कि स्व. विश्वनाथ मोदी वैसे जननायक थे, जिन्होंने पूरा जीवन गरीब, शोषित व मजदूरों की हक के लिए लड़ाई लड़ी. वे ऊंच-नीच का भाव नहीं रखते थे. उन्हें अपने जीवन काल में जनता ने तीन बार बिहार विधानसभा में कोडरमा का प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया. वहीं, वीरेंद्र सिंह ने कहा कि विश्वनाथ बाबू जीवट नेता थे. कोडरमा स्टेशन पर रेल रोको आंदोलन के दौरान पुलिस प्रशासन ने डंडे से मार कर मरा हुआ समझ कर ट्रक पर फेंक दिया था. कार्यक्रम को सेवानिवृत्त शिक्षक नारायण सिंह तथा नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष प्रकाश राम ने भी संबोधित किया. अंत में धन्यवाद ज्ञापन विनोद सिंह ने किया.

कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. विकास चंद्रा, विजय राम, चंद्रशेखर जोशी, विनोद मोदी, सूर्यदेव बर्णवाल, संजय शर्मा, नवीन चौधरी, अजय झा ,अमर सिंह, किशोर मोदी, निरंजन कसेरा, चंद्रलता बर्णवाल, पप्पू मोदी, रामचंद्र मोदी, राजेंद्र मोदी, सुनील बर्णवाल, विरेंद्र मोदी, अरविंद मोदी, गजानन मोदी, भुनेश्वर मोदी आदि मौजूद थे.

---

## मजदूर व किसान विरोधी नीति बना रही है केंद्र सरकार : सीटू

**संवाददाता। हजारीबाग**

**साधा निशाना**

- हड़ताल व ग्रामीण भारत बंद को सीपीएम का समर्थन
- दिल्ली बार्डर पर किसानों के पर कार्रवाई की निंदा की

सीपीएम ने मजदूर किसान समन्वय समिति के आह्वान पर 16 फरवरी को देश में औद्योगिक हड़ताल और दिल्ली बॉर्डर पर किसानों पर बर्बर जुल्म के खिलाफ ग्रामीण भारत बंद का समर्थन किया है. सीपीएम नेता गणेश कुमार सीटू ने कहा कि उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा एक के बाद एक मजदूर और किसान विरोधी नीति बनाई जा रही है.

उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में खदान विकास संचालन (एमडीओ) नीति बना कर और कोल बैरिंग एक्ट में संशोधन किया गया. केंद्र सरकार ने ठीकेदारों द्वारा उत्पादन किए गए कोयला को ठीकेदारों को बेचने का पूर्ण अधिकार दे दिया है. इससे कोल इंडिया के अस्तित्व पर ही संकट आ गया है, जबकि कोल इंडिया लगातार मुनाफा कमा रही है. बीते वर्ष कोल इंडिया ने 893.08 मिलियन टन कोयला लक्ष्य से अधिक उत्पादन किया है. दूसरी तरफ किसानों को एमएसपी की गारंटी का भरोसा देकर केंद्र सरकार पीछे हट गई. इसे लेकर किसानों ने दिल्ली मार्च का फैसला लिया था. किसान दिल्ली नहीं पहुंच सकें, इसके लिए सरकार ने बहुत ही बर्बर तरीके से किसानों पर अत्याचार किया है. सरकार की इस बर्बरतापूर्ण कार्रवाई की निंदा सीपीएम करती है.

---

नारी शक्ति वंदन कार्यशाला में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने दिया महिला सशक्तीकरण पर जोर

# 22 को 10 करोड़ महिलाओं से सीधा संवाद करेंगे पीएम

**संवाददाता। झुमरी तिलैया**



**बनी रणनीति**

- कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम सफल बनाने का आह्वान
- महिलाओं को आरक्षण के साथ सभी क्षेत्रों में सम्मान

भारतीय जनता पार्टी कोडरमा जिला में शक्ति वंदन जिला कार्यशाला की बैठक केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी के आवास पर हुई. बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी एवं प्रदेश मंत्री विनीता कुमारी उपस्थित हुई. अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष देवनारायण मोदी तथा संचालन महामंत्री राजकुमार यादव ने किया.

इस दौरान अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर महिला सशक्तीकरण को लेकर शक्ति वंदन कार्यशाला का आयोजन सभी जिलों में किया जा रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को आरक्षण, घर-घर गैस कनेक्शन, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान योजना, 80 करोड़ जनता को मुफ्त राशन दे रहे हैं. 22 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश भर की 10 करोड़ महिलाओं से सीधा संवाद करेंगे. इसका सीधा प्रसारण सभी मंडल के कार्यकर्ता देखेंगे और प्रधानमंत्री को सुनेंगे. वहीं, प्रदेश मंत्री विनीता कुमारी ने कहा कि सभी मंडलों के कार्यकर्ता 22 फरवरी को पीएम के संवाद का सीधा प्रसारण को दिखाने की व्यवस्था कर हजारों की संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं. प्रधानमंत्री ने महिलाओं के सम्मान के लिए कई योजनाएं चलाई है. महिलाओं को आरक्षण और सभी क्षेत्रों में सम्मान दिया है. पूर्व जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, जयप्रकाश राम, बेदु साव, अरशद खान ने भी संबोधित किया.

कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश यादव, जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र नारायण सिन्हा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सूरज मेहता, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष गोपाल कुमार गुतुल, जिला मंत्री जिला मंत्री सुधीर सिंह, महेंद्र यादव, बैजनाथ यादव, जिला मीडिया प्रभारी चंद्रशेखर जोशी, कोडरमा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिनेश सिंह, नरेंद्र पाल, विजय यादव, मुकेश राम, द्वारिका राणा, सुरेंद्र यादव, रामदेव मोदी, सुनीति सेठ, झुमरी तिलैया नगर महामंत्री संजय शर्मा, नवीन चौधरी, सुधीर सेठ, पीयूष सहल, राजू सिंह, परमेश्वर यादव, मिथिलेश सिंह, दीप नारायण सिंह, मनोज साव, पप्पू पांडेय, मनोज मेहता, सुनील भारती, वीरेंद्र यादव, गायत्री देवी, सविता देवी, रीता लोहानी, रिया राज, सुनीता गिरी, मीणा साव, मुक्ता भदानी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे.

---

किसानों पर दमनात्मक कार्रवाई के खिलाफ मोदी सरकार का पुतला फूंका

# हड़ताल सफल बनाने का आह्वान

**संवाददाता। कोडरमा**



**जताया विरोध**

- किसान संगठनों और ट्रेड यूनियनों ने की घोर निंदा
- झुमरी तिलैया स्टेशन से आज निकाला जाएगा जुलूस

किसानों के उपर पर बर्बर लाठीचार्ज, आंसू गैस, रबर गोली छोड़ने व गिरफ्तारी के खिलाफ किसान संगठन और ट्रेड यूनियन ने गांधी चौक पर मोदी सरकार का पुतला दहन किया. 16 फरवरी को संयुक्त किसान मोर्चा और केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त आह्वान पर देशव्यापी ग्रामीण भारत बंद व औद्योगिक हड़ताल में शामिल होने का आह्वान किया गया.

इस दौरान सीटू के जिला संयोजक रमेश प्रजापति की अध्यक्षता में झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य संयुक्त सचिव असीम सरकार एवं सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने पंजाब हरियाणा के शम्भु बॉर्डर पर अन्नदाता किसानों पर बर्बरतापूर्ण दमन की की घोर निंदा की. कहा कि ग्रामीण भारत बंद व औद्योगिक हड़ताल के समर्थन में संयुक्त किसान मोर्चा और केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और किसान सभा की संयुक्त आक्रोश रैली 12 बजे से झुमरी तिलैया रेलवे स्टेशन से निकाली जाएगी.

जुलूस स्टेशन रोड से झंडा चौक होते हुए महाराणा प्रताप चौक स्थित श्रम अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन व सभा में तब्दील हो जाएगा. कार्यक्रम में महेंद्र तुरी, बाबूलाल साव, सरफराज अहमद, अभ्रोज्योति सरकार, सुरेश कुमार, ईश्वरी राणा आदि मौजूद थे.



## राशिफल
**आचार्य प्रणव मिश्रा**

**मेष** शाम से बृष राशि का चंद्रमा बहुत ही अनुकूल है. रुके कार्य पूर्ण होंगे. अध्यात्म में रुचि रहेगी. धन प्राप्ति सुगम होगी. राज्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में उचित लाभ हो सकेगा. परिवार में खुशी का माहौल रहेगा. किसी वृद्ध ब्राह्मण को अन्न दान करें.

**वृषभ** समय बहुत ही उत्तम है, पर कार्य नहीं होने से क्रोध बढ़ेगा. विवाद को बढ़ावा न दें. जोखिम व जमानत के कार्य टालें, बाकी सामान्य रहेगा. आर्थिक स्थिति कमजोर रहेगी. मित्रों की मदद से महत्वपूर्ण कार्य पूरे होने के आसार हैं.

**मिथुन** समय सामान्य है. खर्च में वृद्धि होगी. पर समाज में या घर-बाहर पूछ-परख बढ़ेगी. कार्यसिद्धि होगी. व्यवसाय लाभप्रद रहेगा. आत्मविश्वास बढ़ने से व्यापारिक लाभ अधिक होने के योग हैं. यात्रा में सावधानी रखें.

**कर्क** आय के लिए अच्छी खबरें मिलेंगी. व्यवसाय ठीक चलेगा. प्रसन्नता रहेगी. व्यापार अच्छा चलेगा. पारिवारिक वातावरण सहयोगात्मक रहेगा. आपकी बुद्धिमानी से समस्याओं का समाधान संभव है.

**सिंह** लेन-देन में सावधानी रखें. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. विवाद न करें. आर्थिक समस्या रह सकती है. नए कामों में सफलता मिलेगी. व्यापार अच्छा चलेगा. स्वास्थ्य में सुधार होगा. सूर्य को अर्घ्य दें.

**कन्या** रोजगार में वृद्धि होगी. यात्रा सफल रहेगी. प्रसन्नता बनी रहेगी. अपने व्यसनों पर नियंत्रण रखना चाहिए. श्रम अधिक करना होगा. आपके कार्यों की समाज एवं परिवार में आलोचना हो सकती है.

**तुला** किसी परिचित से कोई विवाद हो सकता है. छोटी यात्रा सफल रहेगी. लाभ के अवसर बढ़ेंगे. जोखिम न लें. आवास संबंधी समस्या रहेगी. रचनात्मक कामों का प्रतिफल मिलेगा. पूर्व में किए गए कार्यों का शुभ फल प्राप्त हो सकेगा.

**वृश्चिक** जीवनसाथी के साथ अच्छा सामंजस्य स्थापित होगा. घर-बाहर पूछ-परख रहेगी. व्यवसाय ठीक चलेगा. प्रसन्नता रहेगी. नई योजनाओं का क्रियान्वयन होगा. बड़े लोगों से भेंट होगी, जिसका लाभ भविष्य में मिलेगा. शत्रु परास्त होंगे.

**धनु** मौसमी बीमारियों से बचाव जरूरी है. बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे. व्यवसाय ठीक चलेगा. प्रसन्नता रहेगी. दिन प्रतिकूल रह सकता है. सामाजिक स्तर में परिवर्तन एवं प्रतिष्ठा को लेकर चिंतित रहेंगे. दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा.

**मकर** संतान के कार्य में गति मिलेगा. पर कार्य के लिए भागदौड़ अधिक होगी. थकान रहेगी. वाणी पर नियंत्रण आवश्यक है. माता-पिता का स्वास्थ्य ठीक रहेगा. दिन प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा. व्यापार में लाभ की स्थिति बनेगी.

**कुंभ** सुख का सामग्री एकत्र होगा. माता से सहयोग मिलेगा. थकान रहेगी. व्यवसाय ठीक चलेगा. विवाद से बचें. नए कार्यों में लाभ होने की संभावना है. परिवार की तरक्की होगी. काली वस्तु का दान करें.

**मीन** पराक्रम से कार्य सिद्ध होगा. संपत्ति के बड़े सौदे हो सकते हैं. बड़ा लाभ होगा. जल्दबाजी न करें. प्रमाद से बचें. दूरदर्शिता एवं बुद्धिमानी से कई रुके हुए काम पूरे होने की संभावना है. खर्चों में कमी करनी होगी. गुरु मंत्र का जाप करें.

## भारत बंद को नैतिक समर्थन करेगा जिला कांग्रेस कमेटी : अंबुज कुमार

**आदित्यपुर।** भारतीय किसान यूनियन एवम् अन्य किसान संघो द्वारा कल 16 फरबरी 2024 किसानों से संबंधित विभिन्न मांगो को लेकर अखिल भारतीय स्तर पर बंद का आह्वान किया गया है. झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी सरायकेला खरसावां जिला में प्रस्तावित बंद को नैतिक समर्थन प्रदान करेगी. जरूरत पड़ी तो कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ सड़क पर उतर कर बंद कराया जाएगा. जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष अंबुज कुमार ने जिले भर के किसानों से बंद को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की है. व्यापारिक प्रतिष्ठानों से कल प्रातः 6 बजे से शाम 5 बजे तक प्रतिष्ठानों को बंद रखने की अपील की है. किसान संगठन कृषि उत्पादों के न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करने काले कृषि कानून वापस लेने समेत अन्य मांगो को लेकर प्रदर्शन करना चाहती है. मोदी सरकार आंदोलनकारी किसानों पर गोलियां चलाकर आंदोलन का दमन करना चाहती है.

## हीरापुर कृष्णा ज्वेलर्स में सात लाख की चोरी, पुलिस कर रही है छानबीन

**धनबाद।** धनबाद थाना क्षेत्र के हीरापुर हटिया स्थित कृष्णा ज्वेलर्स में बुधवार की रात चोरों ने शटर तोड़ कर लाखों रुपए के जेवरात की चोरी कर ली. वारदात की खबर पाकर धनबाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई है. पुलिस आस पास के दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाल रही है. बता दें कि बीते कुछ दिनों में शहर में चोरी की वारदातों में इजाफा हुआ है. प्रतिष्ठान संचालक कृष्ण प्रसाद ने बताया कि बुधवार की रात दुकान बंद कर विनोद नगर अपने आवास गए थे. रात में देखा कि सबकुछ ठीक-ठाक है. गुरुवार की सुबह पड़ोस के दुकानदारों ने उन्हें फोन कर बताया कि दुकान का शटर टूटा हुआ है, इसके बाद वे मौके पर पहुंचे तो देखा दुकान का आधा शटर खुला हुआ है. जबकि दुकान में रखे सोने एवं चांदी के जेवरात को चोर ले गए हैं. आसपास के सीसीटीवी फुटेज में देखा गया कि रात करीब दो बजे के बाद ही वारदात को अंजाम दिया गया है. चोरी गए जेवरात की कीमत करीब सात लाख रुपये आंकी जा रही है.

### झामुमो की शुरू हुई न्याय यात्रा, आदिवासी महिलाओं ने रिहाई के लिए की प्रार्थना

# रांची में लगा हेमंत का 'झारखंड झुकेगा नहीं' लिखा पोस्टर

**विशेष संवाददाता। रांची**

ईडी की रिमांड खत्म होते ही शहर में एक बार फिर से राजनीति गरमा गयी है. शहर में अचानक कई स्थानों पर हेमंत सोरेन के पोस्टर लगाये गये हैं. सुबह में ये पोस्टर नहीं थे. लेकिन दोपहर 12 बजे के बाद ये पोस्टर हरमू बाई पास रोड के कई स्थानों पर देखे गये, जिसमें झारखंड के प्रमुख आंदोलनकारी, शहीदों के साथ गुरुजी शिबू सोरेन, मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के साथ हेमंत सोरेन की तस्वीर बड़े आकार में लगी है, जिसमें लिखा है 'झारखंड झुकेगा नहीं'. अब इसके कई तरह के राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं. कुछ लोगों का कहना है कि अब सारा कुछ कोर्ट से होगा, क्योंकि ईडी की रिमांड खत्म हो चुकी है, जबकि यह भी कहा जा रहा है कि झामुमो के नेताओं ने ऐसी पहल कार्यकर्ताओं व समर्थकों के बीच उत्साह बना रखने के लिए की है. वहीं, भाजपा पर दबाव डालने की तैयारी है. यह बताने की कोशिश है कि झामुमो के कार्यकर्ता हतोत्साहित नहीं हैं.




**खास बातें**
- बेबुनियाद केस में फंसाकर हेमंत सोरेन को जेल भेजा गया है
- चरणबद्ध तरीके से अन्य जिलों में भी विरोध का
- भाजपा के लोगों ने जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया है

इधर, झामुमो की न्याय यात्रा गुरुवार से शुरू हो गयी है. रांची में उपवास रखकर इसकी शुरुआत की गयी. अब चरणबद्ध तरीके से अन्य जिलों में भी यह कार्यक्रम होगा. राजधानी में हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में और उनकी रिहाई के लिए आदिवासी समाज की महिलाओं ने करमटोली चौक स्थित धुमकुड़िया भवन के सरना स्थल पर पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना की. महिलाओं ने मन्नत मांगी कि जल्द से जल्द हेमंत सोरेन की रिहाई हो जाए. उन्होंने कहा कि भाजपा के लोगों ने जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया है. झूठे और बेबुनियाद केस में फंसाकर हेमंत सोरेन को जेल भेजा है.

## बिष्टुपुर में 24-25 को विंटेज कार रैली का आयोजन होगा

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में विंटेज और क्लासिक कार और बाइक रैली का आयोजन किया जा रहा है. इसका आयोजन बिष्टुपुर के गोपाल मैदान में 24 और 25 फरवरी को किया जाएगा. टाटा स्टील द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में झारखंड, बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और पंजाब से आने वाले कुल 100 से अधिक लोग भाग लेंगे. 24 फरवरी को गोपाल मैदान में वाहनों की प्रदर्शनी लगेगी जिसे लोग देख पाएंगे. इसके बाद 25 फरवरी को इस रैली को हरी झंडी दिखाई जाएगी. यह रैली रीगल मैदान, भरूचा मेंशन, केएस लिंक रोड, मरीन ड्राइव, जुबली पार्क होते हुए 23 किमी की यात्रा तय करेगी और यूनाइटेड क्लब में समाप्त होगी. इस रैली में साल 1920 से लेकर 1985 तक की विंटेज और क्लासिक कारें और बाइक हिस्सा लेंगी.

### पूर्व सीएम हेमंत के साथ ईडी कार्यालय में हुआ अमानवीय व्यवहार

# केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ झामुमो का उपवास

- केंद्र की भाजपा सरकार तानाशाही रवैया अपना रही है
- राजनीतिक साजिश के तहत ही हेमंत सोरेन को भेजा गया जेल
- उपवास रख लिया गया संकल्प, भाजपा का सूपड़ा साफ कर देंगे

**संवाददाता। रांची**

केंद्र और भाजपा के खिलाफ झामुमो का उपवास कार्यक्रम गुरुवार को रांची के मोरहाबादी मैदान स्थित गांधी वाटिका के समक्ष शुरू हुआ. इसमें झामुमो ने केंद्र की भाजपा सरकार को तानाशाही करार देते हुए एक राजनीतिक साजिश के तहत जेल भेजे जाने का आरोप लगाया. जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि हेमंत सोरेन को केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा चुनावी लाभ लेने के लिए तानाशाही रूप अपनाते हुए केंद्रीय जांच एजेंसियों द्वारा फर्जी मामले में जेल भेजा गया है. उपवास कार्यक्रम से हमारा संदेश है कि जिस प्रकार बापू ने अहिंसा को अपनाते हुए अंग्रेजों को देश से भगाया था. जिस प्रकार हमारे नेता हेमंत सोरेन को केंद्र की भाजपा सरकार प्रताड़ित कर जेल भेजने का काम की है. आज हम बापू के समक्ष बैठकर यह संकल्प लेते हैं की वर्तमान के अंग्रेजों को भगाने का काम करेंगे और भाजपा का सूपड़ा साफ करेंगे.




### हम जल्द ही अपने नेता हेमंत को अपने बीच चाहते हैं : डॉ महुआ

इस मौके पर राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी ने कहा कि झामुमो के सभी कार्यकर्ता अपने लोकप्रिय नेता हेमंत सोरेन को जल्द अपने बीच चाहते हैं. उनके साथ जो भी अन्याय हो रहा है उसके खिलाफ सभी एकजुट होकर लड़ रहे हैं. हम सभी अनुशासित होकर उपवास कार्यक्रम में शामिल हुए हैं. जिस प्रकार देश में गैर-भाजपा शासित राज्यों के नेताओं को परेशान किया जा रहा है, जनता के सामने है. कार्यक्रम में नंदकिशोर मेहता, समनूर मंसूरी, पवन जेडिया, सुशीला एक्का, चिंतामणी सांगा, अश्विनी शर्मा, कलाम आजाद, बिरु साहू, रामानंद बेदिया, रामशरण तिर्की, अरुण वर्मा, तालकेश्वर महतो, अफरोज आलम, आफताब आलम, महावीर विश्वकर्मा, मंटू लाला, संजय राय, विश्वजीत भट्टाचार्य, अरविंद सिंह देवल, जीत गुप्ता, कैथरीना तिर्की, जुल्फिकार खान, आदिल इमाम, नसीम गद्दी (पप्पू) सुजित उपाध्याय, नयनतारा उरांव, मंजू महतो, उषा उरांव, राखी देवी, संध्या देवी, सुषमा बरदेवा सहित सैकड़ों की संख्या में नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए.

### भारत बंद आज, पूर्व संध्या पर मशाल जुलूस निकाला

## केंद्र की मोदी सरकार किसान और मजदूर विरोधी : राकेश्वर

**संजीव मेहता। आदित्यपुर**

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार किसान और मजदूर विरोधी है. किसान और मजदूरों के लिए पूर्व में बनाए गए कानूनों में बदलाव कर उनकी हकमारी कर रही है, उनके अधिकारों का हनन कर रही है. उक्त बातें गुरुवार की शाम मशाल जुलूस निकालकर इंटक के प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय ने आदित्यपुर में कही. बता दें कि देशभर के किसान और मजदूर संगठनों ने 16 फरवरी को नरेंद्र मोदी के इस कृत्य के विरोध में भारत बंद का आह्वान किया है. जिसको लेकर आज किसान संगठनों और विभिन्न ट्रेड यूनियनों के द्वारा कल भारत बंद बुलाये जाने को सफल बनाने को लेकर इंटक जिलाध्यक्ष केपी तैयारी के नेतृत्व में मशाल जुलूस निकाला गया और व्यवसासियों, दुकानदारों, तथा आम लोगों से इस भारत बंद को सफल बनाने की अपील की है. इस मशाल जुलूस कार्यक्रम में एसयूसीआई की महिला नेत्री लिली दास, सुशील सिंह, देबू चटर्जी समेत कई लोग थे.

### पेज 01 का शेष

## सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड योजना पर...

**चुनावी बॉन्ड की शुरुआत कब हुई**
चुनावी बॉन्ड को फाइनेंशियल (वित्तीय) बिल (2017) के साथ पेश किया गया था. 29 जनवरी, 2018 को नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने चुनावी बॉन्ड योजना 2018 को अधिसूचित किया था. उसी दिन से इसकी शुरुआत हुई

**कब-कब बिक्री के लिए मुहैया होता था चुनावी बॉन्ड**
चुनावी बॉन्ड हर तिमाही की शुरुआत में सरकार की ओर से 10 दिनों की अवधि के लिए बिकी के लिए उपलब्ध कराए जाते रहे हैं. इसी बीच उनकी खरीदारी की जाती थी. सरकार की ओर से चुनावी बॉन्ड की खरीद के लिए जनवरी, अप्रैल, जुलाई और अक्टूबर के पहले 10 दिन तय किए गए हैं. लोकसभा चुनाव के वर्ष में सरकार की ओर से 30 दिनों की अतिरिक्त अवधि तय किए जाने का प्लान था.

**चुनावी बॉन्ड का मकसद क्या था**
चुनावी बॉन्ड की शुरुआत करते हुए सरकार ने दावा किया था इससे राजनीतिक फंडिंग के मामलों में पारदर्शिता बढ़ेगी. इस बॉन्ड के जरिए अपनी पसंद की पार्टी को चंदा दिया जा सकता था.

**चुनावी बॉन्ड से राजनीतिक दलों को कैसे मिलता था लाभ**
कोई भी भारतीय नागरिक, कॉरपोरेट और अन्य संस्थाएं चुनावी बॉन्ड खरीद सकते थे और राजनीतिक पार्टियां इस बॉन्ड को बैंक में भुना कर रकम हासिल कर लेते थे. बैंक चुनावी बॉन्ड उसी ग्राहक को बेचते थे, जिनका केवाईसी वेरिफाइड होता था. बॉन्ड पर चंदा देने वाले के नाम का जिक्र नहीं होता था.

**क्या चुनावी बॉन्ड में निवेश करने पर कुछ रिटर्न मिलता है**
चुनावी बॉन्ड में निवेश करने वाले को आधिकारिक तौर पर कोई रिटर्न नहीं मिलता था. यह बॉन्ड एक रसीद के समान था. आप जिस पार्टी को चंदा देना चाहते हैं, उसके नाम से इस बॉन्ड को खरीदा जाता था और इसका पैसा संबंधित राजनीतिक दल मुहैया करा दिया जाता था.

**क्या चुनावी बॉन्ड में निवेश करने वाले को कर में छूट मिलती है**
राजनीतिक पार्टी को सीधे चंदा देने की जगह चुनावी बॉन्ड के जरिए चंदा देने से, दी गई राशि पर इनकम टैक्स की धारा 80जीजीसी और 80जीजीबी के तहत यह छूट देने का प्रावधान है.

## भारत रत्न के बहाने कांग्रेस को चिकोटी...

इसलिए कि पंजाब से लेकर जलते उत्तर-पूर्व को संभाला. इसलिए कि उन्होंने कश्मीर की आतंकी घटनाओं और दक्षिण में लिट्टे-द्रमुक के खुराफाती गठजोड़ के बीच एक सार्थक पहल की. वह एक अल्पमत सरकार चला रहे थे, जिसे बचाना भी जरूरी था और डूबती अर्थव्यवस्था को उबारना भी. उन्होंने तो परमाणु परीक्षण की भी व्यवस्था कर ली थी, जिसे बाद में अंजाम दिया अटल बिहारी वाजपेयी ने. सवाल यह उठ सकता है कि वह पक्के कांग्रेसी थे तो उन्हें भारत रत्न मिलने से कांग्रेस खिन्न क्यों होगी ? इसलिए कि सोनिया गांधी उनसे बेइंतहां नफरत करती थीं. उनके निधन के बाद उनका पार्थिव शरीर कांग्रेस दफ्तर में नहीं जाने दिया गया. दिल्ली में उनका अंतिम संस्कार नहीं करने दिया गया, ताकि उनकी समाधि वहां न बन सके. उनकी बरसी या जयंती पर कोई कांग्रेसी श्रद्धांजलि के दो शब्द भी ट्वीट नहीं करता है. नरसिंह राव को भारत रत्न देने से भाजपा को कौड़ी भर राजनीतिक फायदा नहीं होनेवाला है, क्योंकि उनकी कोई मजबूत राजनीतिक लिगेसी नहीं है. हां इतना जरूर है कि यह सोनिया गांधी के जले पर नमक है.

**चरण सिंह ने सीएम बनते ही पटवारी का पद समाप्त कर दिया**
जहां तक चौधरी चरण सिंह की बात है, वह निहायत ईमानदार और किसानों के परम हितैषी थे. वह तो मूलतः कांग्रेसी थे, लेकिन सहकारी खेती के सवाल पर नेहरू से भिड़ गये थे. उनका मानना था कि इससे किसान अपने खेत से बेदखल हो जायेंगे और उनका जीवनयापन दूभर हो जायेगा. इसलिए वह कांग्रेस से अलग हो गये. जब वह पहली बार साझा विपक्ष की ओर से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे, तब पटवारी का पद खत्म कर दिया, क्योंकि उन्हें जगह-जगह से शिकायत मिली थी कि पटवारियों ने गांव के गांव बर्बाद कर दिये हैं. पटवारियों पर आरोप था कि वे घूस लेकर गरीबों के खेत पर बड़े लोगों के नाम चढ़ा देते हैं. उस समय पूरे राज्य में एक हास्य प्रसिद्ध था, वह यह कि चरन सिंहा जानवर आया है. यह खाता है पटवारी और निकालता है लेखपाल. चरण सिंह ने किसानों के लिए कई लड़ाइयां लड़ीं. लेकिन केंद्र में जनता पार्टी के शासन के समय वह प्रधानमंत्री बनने के लालच में कांग्रेस के झांसे में आ गये. वह कांग्रेस से मिल गये और मोरारजी देसाई की सरकार गिर गयी. लेकिन कांग्रेस ने चरण सिंह को एक दिन भी संसद में बैठने नहीं दिया. महीने भर के अंदर ही समर्थन वापस ले लिया. फिर चुनाव हुए और इंदिरा गांधी पुनः प्रधानमंत्री बन गयीं.

**मोदी की योजना विपक्षी गंठबंधन के गुब्बारे को पूरी तरह फुस्स करने की है**
इस अपकर्म के बावजूद चौधरी चरण सिंह भारत रत्न के हकदार थे. कहा जा सकता है कि मोदी ने ऐसा पश्चिमी उप्र में जाटों को साधने के लिए किया है. लेकिन यह अर्द्ध सत्य है. यदि जाट चरण सिंह के वारिसों के साथ होते तो जाटलैंड में ही अजित सिंह और जयंत चौधरी 2014 तथा 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा से नहीं हार जाते. फिर क्यों चरण सिंह को सर्वोच्च सम्मान दिया गया ? वह इसलिए कि मोदी की योजना विपक्षी गंठबंधन के गुब्बारे को पूरी तरह फुस्स करना है और अपने लिए कोई किंतु-परंतु नहीं छोड़ना है. देखिए, जयंत पर कैसे सपा, कांग्रेस बौखलाए हुए हैं. जयंत भी जानते हैं कि भाजपा के साथ जितनी भी सीटों पर समझौता होगा, जीत की संभावना प्रबल होगी और यह भी कि जाट सपा, कांग्रेस से सटना नहीं चाहते हैं. इसे कहते हैं राजनीति और इसे मोदी ने बहुत तरीके से खेला है. विपक्षी गंठबंधन का शिराजा पूरी तरह बिखर गया है. देखते जाइए चुनाव तक कितनी चालें, खुटचालें और सर्पचालें चली जाती हैं और उनका क्या प्रभाव पड़ता है.

## सरकारों ने सदानों के अधिकारों को छीनने का काम किया: राजेंद्र

**चतरा।** मूलवासी सदान मोर्चा की रांची में 27 फरवरी को होने वाली मार्च अधिकार रैली की तैयारी को लेकर आज चतरा परिसदन में बैठे हुई. बैठक में मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मूलवासी सदानों मोर्चा के द्वारा 27 फरवरी को रांची के मोराबादी मैदान स्थित गांधी प्रतिम से राजभवन तक विशाल पैदल मार्च रैली आयोजित की गई है. तत्पश्चात सदानों के विभिन्न मांगों को लेकर राज्यपाल को विज्ञापन सौंपा जाएगा. इस रैली मार्च में राज्य के समस्त जिलों के सदान शामिल होंगे.

इस मौके पर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने राजनेताओं को आड़े हाथ लेते हुए कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि राज्य में बनने वाली सरकारों ने मूलवासी सदानों के अधिकार को छीनने का काम किया. प्रसाद ने कहा कि सदानों को अधिकार लेना है तो, मूलवासी सदान मोर्चा के आह्वान पर लोकसभा और विधानसभा चुनाव में सदानों के हित में जो दल को समर्थन देगा, उसी दल को वोट करें. तब ही मूलवासी सदानों को अधिकार मिलेगा. अब हमें संगठित होकर वोट करना होगा.

वहीं, धूलेश्वर साव ने जानकारी दी कि रैली में चतरा से भारी संख्या में लोग रांची पहुंचेंगे. बैठक में धूलेश्वर साव, मनोज कुमार चंद्रा, दुलारचंद साहू, संजय स्नेही, मुरारी गुप्ता, तन्हाई प्रसाद, राकेश प्रसाद, भारत साहू , श्रीमती सरिता देवी, मुरारी साहू, जिला अध्यक्ष तेली साहू महासंगठन चतरा, प्रभु दयाल, कमलेश कुमार, मुकेश कुमार,राजेंद्र प्रसाद साहू से नहीं बस आदि प्रमुख उपस्थित थे.

# आकर्षण का केंद्र रही प्रतिमा



**दिलीप कुमार। चांडिल**

बसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती पूजा के अवसर पर लेंगडीह में तालाब के अंदर स्थापित प्रतिमा आकर्षण का केंद्र बना हुआ है. चारों ओर पानी से घिरे प्रतिमा के आसपास आकर्षक साज-सज्जा भी किया गया है. एसबीसी लेंगडीह की ओर से प्रतिवर्ष नए-नए तरीके से पूजा का आयोजन किया जाता है. इसके अलावा अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर बने आकर्षक पूजा पंडाल लोगों के कौतूहल का विषय बना हुआ है. गुफानुमा पूजा पंडाल, इको फेंडली पूजा पंडाल, युवाओं के द्वारा अपने हाथों से घर व आसपास के सामग्रियों से निर्मित पूजा पंडाल आकर्षण का केंद्र बना हुआ है. आने वाले तीन दिनों तक अनुमंडल क्षेत्र में सरस्वती पूजा की धूम मची रहेगी.

### चौका में कई कार्यक्रम आयोजित

सार्वजनिक श्रीश्री सरस्वती पूजा कमेटी चौका, मौसम ग्रुप के तत्वावधान में आयोजित पूजा अनुष्ठान के दौरान कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. गुरुवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं के बीच खिंचड़ी भोग का वितरण किया जा रहा था. वहीं दोपहर में बच्चों के लिए खेलकूद व डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा. इसके बाद मुर्गा लड़ाई और शाम को झोलीबुड राजधानी नाईट स्टार धमाका का आयोजन किया जाएगा. कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है.

**कार्यक्रम**

### अड़की के कोटा बाजार प्रांगण में बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा का अनावरण

# अबुआ राज बबुआ राज में परिवर्तित हो गया है : सुदेश महतो

**संवाददाता। रांची**

भगवान बिरसा मुंडा ने नारा दिया था 'अबुआ दिशुम अबुआ राज' का नारा, लेकिन वर्तमान सरकार इस नारे के विपरीत कार्य कर रही है. ग्राम सभा को दरकिनार कर अबुआ आवास का निर्णय बबुआ कर रहे हैं. कथित अबुआ के बबुआ ने भगवान बिरसा की परिकल्पना को ध्वस्त कर अबुआ आवास योजना के लाभार्थियों के चिह्नितिकरण में ग्राम सभा को कमजोर करने का काम किया है. हर गांव से अबुआ आवास योजना के चयन में शिकायत देखने को मिल रही है. अबुआ राज बबुआ राज में परिवर्तित हो गया है. उक्त बातें पूर्व उपमुख्यमंत्री सह पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने अड़की प्रखंड अंतर्गत सरगेया पंचायत के कोटा बाजार प्रांगण में करोड़ों झारखंडियों के मान-सम्मान और गौरव के प्रतीक बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम के दौरान कही.



### बिरसा मुंडा हमारे प्रेरणा स्रोत

सुदेश ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के विचार, साहस, संघर्ष और संकल्प को आत्मसात कर राज्य को प्रगति के पथ पर लेकर जाना हर प्रदेशवासी का दायित्व है. बिरसा मुंडा हमारे प्रेरणा स्रोत है. झारखंड में 23 सालों में झारखंड ने क्या हासिल किया और सफर कितना बाकी है, इसे लेकर बहस, विश्लेषण होता रहता है. ग्राम सभा को मजबूती देने, महिलाओं और युवाओं के हक अधिकार की लड़ाई हमने लड़ी है. राज्य को सकारात्मक नेतृत्व की आवश्यकता है. भगवान बिरसा मुंडा के सपनों को धरातल पर उतारने के लिए युवाओं को सामाजिक के साथ साथ राजनीतिक जवाबदेही भी सुनिश्चित करनी होगी. प्रतिमा अनावरण के बाद कोटा ग्राम निवासी तुलसी मुंडा के घर पर सुदेश कुमार महतो ने झारखंड का पारंपरिक भोजन किया. उन्होंने कहा कि यह भोजन हमारी पहचान है. हमें इसे राष्ट्रीय के साथ साथ अंतरराष्ट्रीय पहचान देने की आवश्यकता है.

# खाड़ी देशों की यात्रा

प्रधानमंत्री की संयुक्त अरब अमीरात की सातवीं यात्रा कारोबारी रिश्तों को नए आयाम देने वाली भी है. इस यात्रा के दौरान दोनों मुल्कों ने दस अहम समझौतों पर हस्ताक्षर किये हैं, जिसमें आर्थिक गतिविधियों को सहजता प्रदान करने के लिए यूपीआई पेमेंट सिस्टम का लॉन्च करना भी शामिल है. भारत और यूएई के बीच गहरे होते रिश्तों का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 1970 तक दोनों देशों के बीच जो सालाना व्यापार महज 18 करोड़ डॉलर का था, वह अब बढ़कर 85 अरब डॉलर तक जा पहुंचा है. अमेरिका के बाद भारत यूएई को सबसे ज्यादा सामान निर्यात करता है, जो वर्ष 2022-23 में बत्तीस अरब डॉलर के करीब था. उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में भारत ने यूएई के साथ व्यापक आर्थिक साझेदारी का समझौता किया था. वहीं अब द्विपक्षीय समझौते से भारत में निवेश बढ़ने की उम्मीद है. इसके साथ ही भारत के यूपीआई के यूएई की एएनआई से इंटरलिंक के बाद दोनों देशों में पैसे का ट्रांजेक्शन सहजता से हो सकेगा. हाल की प्रधानमंत्री की यूएई यात्रा में ऊर्जा, सुरक्षा, ग्रीन हाइड्रोजन और ऊर्जा संग्रहण आदि मुद्दों पर सहमति बनी है. वहीं इंडिया मिडल ईस्ट इकोनॉमिक कॉरिडोर को लेकर भी यूएई सहमत है. जो कच्चे तेल आदि की आपूर्ति शृंखला को मजबूती देगा. इसके अलावा दोनों देशों में प्राचीन दस्तावेजों के रखरखाव व पुनरुद्धार पर भी सहमति बनी है. आज जब यूएई भारत में विदेशी निवेश के मामले में सातवें स्थान पर है, तो इससे दोनों देशों के आर्थिक संबंधों में गर्मजोशी का अहसास किया जा सकता है. उल्लेखनीय है कि जहां यूएई भारत के लिए चौथा बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता देश है, वहीं भारत से यूएई को खाद्य पदार्थ, महंगी धातु, हीरे-जवाहरात, खनिज पदार्थ, कपड़े, मशीनरी व इंजीनियरिंग उत्पादों का निर्यात होता है. यूएई में भारत के प्रवासियों की श्रमशक्ति एक बड़ी ताकत है. करीब पैंतीस लाख भारतीय हर साल अपनी कमाई में से बीस अरब डॉलर की धनराशि भारत भेजते हैं. अब भारतीय वहां महज श्रमिक के रूप में नहीं जाते. करीब पैंतीस फीसदी भारतीय अब प्रतिष्ठा वाले कामों में लगे हैं. एक इस्लामिक देश में एक बड़े मंदिर का बनना यूएई की सहिष्णुता का ही परिचायक है. निस्संदेह, भारत व खाड़ी के इस देश के बीच इतने गहरे ताल्लुकात कभी नहीं रहे हैं. यूएई में सहिष्णुता व बहुरंगी संस्कृति की एक वजह यह भी है कि वहां के मूल निवासी बारह फीसद के करीब हैं और बहुसंख्यक आबादी प्रवासी है. करीब दो सौ देशों की बड़ी प्रवासी आबादी में एक तिहाई आबादी भारतीयों की है. जो राजशाही के बावजूद यूएई की विदेश नीति को प्रभावित करने की क्षमता रखती है. बहरहाल, आज भारत व यूएई के संबंध ऐतिहासिक दौर में हैं, जिसमें भारत के मजबूत नेतृत्व की बड़ी भूमिका को संयुक्त राज्य अमीरात का नेतृत्व पसंद भी करता है. इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने कतर की भी यात्रा की. प्रधानमंत्री की कतर यात्रा के पहले वे बंदी छोड़ दिए गए, जो दोनों देशों के बीच निकटता के कारण संभव हुआ.

> उल्लेखनीय है कि जहां यूएई भारत के लिए चौथा बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता देश है, वहीं भारत से यूएई को खाद्य पदार्थ, महंगी धातु, हीरे-जवाहरात, खनिज पदार्थ, कपड़े, मशीनरी व इंजीनियरिंग उत्पादों का निर्यात होता है.

## सुभाषित

**सा भार्या या प्रियं ब्रूते स पुत्रो यत्र निवृतिः।**
**तन्मित्रं यत्र विश्वासः स देशो यत्र जीव्यते॥**

जो हर समय मधुर और प्रिय वाणी में बात करती है, वही अच्छी पत्नी है. जिससे सुख की प्राप्ति हो, वही अच्छा पुत्र है. जिस पर विश्वास किया जा सके, वहीं सच्चा मित्र है. ठीक इसी प्रकार जहां से जीविकोपार्जन हो सके, वही अपना देश है.

# विपक्ष विकल्प की नाकामयाबी नहीं

**क्या भारत जोड़ो न्याय यात्रा सचमुच लोकसभा चुनावों में सरकार बदलने की दिशा में एक प्रयास है? अथवा चुनाव जैसी तात्कालिक चीज से परे, भारतीय राजनीति का बिगड़ा नेरेटिव बदलने की दिशा में किया जाने वाला एक दीर्घावधि प्रयास है? इस यात्रा पर राहुल गांधी को शाबाशी देने वाले बुद्धिजीवी ही इस मुनासिब सवाल पर प्रकाश डालें तो बेहतर होगा. एक साधारण नागरिक और राजनीतिक कार्यकर्ता के नाते मुझे राहुल गांधी की यह यात्रा उपर्युक्त दोनों लक्ष्यों से पूरी तरह रहित नजर आती है.**

• देश-काल



डॉ. प्रेम सिंह

करीब 15 दिन पहले मैंने एक वरिष्ठ पत्रकार मित्र से कहा कि लोकसभा चुनाव को दो महीने भी शेष नहीं बचे हैं, राहुल गांधी तफरीह करते घूम रहे हैं. मित्र ने शायद कुछ नाराजगी से उत्तर दिया, वे तफरीह नहीं कर रहे हैं. हम दोनों के बीच इस विषय पर संवाद वहीं समाप्त हो गया.

हालांकि, मैं पूछना चाहता था कि तफरीह नहीं कर रहे हैं, तो क्या भारत जोड़ो न्याय यात्रा सचमुच लोकसभा चुनावों में सरकार बदलने की दिशा में एक प्रयास है? अथवा चुनाव जैसी तात्कालिक चीज से परे, भारतीय राजनीति का बिगड़ा नेरेटिव बदलने की दिशा में किया जाने वाला एक दीर्घावधि प्रयास है? इस यात्रा पर राहुल गांधी को शाबाशी देने वाले बुद्धिजीवी ही इस मुनासिब सवाल पर प्रकाश डालें तो बेहतर होगा. एक साधारण नागरिक और राजनीतिक कार्यकर्ता के नाते मुझे राहुल गांधी की यह यात्रा उपर्युक्त दोनों लक्ष्यों से पूरी तरह रहित नजर आती है.

गठन के पहले दिन से ही विपक्षी पार्टियों के इंडिया गठबंधन के पूर्व कांग्रेस-नीत उपपद (प्रीफिक्स) लगा हुआ है. यह कांग्रेस का कर्तव्य था कि वह पूरी जिम्मेदारी और ईमानदारी से गठबंधन के साथ चुनाव की तैयारी में लगती. लेकिन कांग्रेस ने हाल में सम्पन्न हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में गठबंधन-धर्म का निर्वाह नहीं किया. केवल चुनावों में हुए नुकसान की बात नहीं है, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम विधानसभा चुनावों में सहयोगी दलों को भी शामिल कर लिया जाता तो उसका अखिल भारतीय स्तर पर एक प्रभावशाली संदेश जाता. एक मोमेंटम बन जाता, जो लोकसभा चुनावों तक उत्तरोत्तर तेजी पकड़ता जाता.

विधानसभा चुनावों के बाद भी कांग्रेस ने गठबंधन को लेकर कोई गंभीरता नहीं दिखाई. होना तो यह चाहिए था कि किसान संगठनों, मजदूर संगठनों और छात्र संगठनों को साथ लेकर साझा रैलियों का सिलसिला पूरे देश में शुरू कर दिया जाता. सभी भारतीय भाषाओं में गठबंधन के कार्यक्रमों के साझा पोस्टर, पर्चे, बैनर आदि पूरे देश में लगाए जाते. इसके चलते गठबंधन में शामिल पार्टियों के कार्यकर्ताओं के बीच एकजुटता बनती और मतदाताओं में भाजपा-नीत एनडीए के खिलाफ एक मजबूत विकल्प होने का विश्वास पैदा होता.

इसे आश्चर्यजनक ही कहा जाएगा कि राहुल गांधी ने विधानसभा चुनावों के बाद भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू कर दी. मानो कांग्रेस के सामने 2024 का लोकसभा चुनाव कोई बड़ी चुनौती न हो. दूसरे शब्दों में, संवैधानिक मूल्यों, लोकतांत्रिक संस्थाओं और नागरिक अधिकारों पर आया अभी तक का सबसे गहरा संकट कांग्रेस के लिए वास्तविक चिंता की बात न हो. यात्रा में उन राज्यों को भी शामिल किया गया जहां बीजेपी के खिलाफ गठबंधन में शामिल पार्टियों की मजबूती है. मानो कांग्रेस पूरे देश में अकेले चुनावी दिग्विजय की ताकत रखती हो. मजेदार यह है कि कांग्रेस की खाम-खयाली को बहुत-से प्रगतिशील बुद्धिजीवी और नागरिक समाज ऐक्टिविस्ट हवा देते रहे.



कारपोरेट-कम्यूनल गठजोड़ की जो राजनीति देश में चल रही है, नरेंद्र मोदी उसके अभी तक के सबसे बड़े खिलाड़ी हैं. कारपोरेट-कम्यूनल गठजोड़ की राजनीति के पथ पर कब किसका इस्तेमाल करना है और इस्तेमाल के बाद कब किसको फेंक देना है-यह वे अच्छी तरह जानते हैं. दिवंगत नेताओं को भारत-रत्न देकर इस पथ को उन्होंने और प्रशस्त कर दिया है. कहने की जरूरत नहीं कि अचानक की गई भारत-रत्न पुरस्कारों की बौछार प्राप्त-कर्ताओं के प्रति सम्मान का प्रदर्शन नहीं, चुनावी युक्ति भर है.

भारत-रत्न की 'महिमा' है कि कर्पूरी ठाकुर का बेटा एक बार फिर एनडीए में चला गया है; चौधरी चरण सिंह का पोता दादा को मिले भारत रत्न के बदले चवन्नी की तरह पलट कर एनडीए के साथ हो गया है; नरसिम्हा राव की बेटी अपने पिता को गुमनामी से बाहर निकालने के लिए प्रधानमंत्री की धन्यवादी है. पुरस्कार देने वाले और वारिस होने का दावा करने वाले ये लोग इतने छोटे हैं कि सत्ता की हड्डी का एक टुकड़ा पाने के लिए पुरखों का सौदा कर रहे हैं. इन्हें देख कर संदेह होता है कि देश के सर्वोच्च अवॉर्ड से नवाजे गए इन नेताओं ने वाकई देश और समाज के लिए कुछ सार्थक किया था?

चौधरी चरण सिंह को मिले भारत-रत्न के अवसर पर संकेत उपाध्याय द्वारा किया गया राकेश टिकैत का एक इंटरव्यू देखने को मिला. संकेत उपाध्याय सहजता से गंभीर बात करने में माहिर हैं. राकेश टिकैत ने चौधरी चरण सिंह को भारत-रत्न देने का स्वागत किया, लेकिन कई किंतु-परंतु के साथ. उन्होंने पूंजीपतियों से आदेशित सरकार द्वारा फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) न देकर, बिल्डरों के लिए किसानों की जमीनें खरीदने की चाल से सावधान करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में किसान आंदोलन अवश्यंभावी है. याद कर सकते हैं कि तीन कृषि कानूनों के खिलाफ हुए अभूतपूर्व किसान आंदोलन का सही राजनीतिक दिशा में उपयोग नहीं हो पाया. यानी कारपोरेट-कम्यूनल गठजोड़ की राजनीति के विरोध में उठे उस आंदोलन की ऊर्जा उसी राजनीति में खप कर व्यर्थ हो गई. यह भी याद किया जा सकता है कि महेंद्र सिंह टिकैत के किसान आंदोलन को किशन पटनायक ने गंभीरता से लेते हुए 'टिकैत की किताब' शीर्षक पुस्तिका जारी की थी. हमारे जैसे युवाओं के लिए वह थोड़ा चौंकाने वाली बात थी. 1991 में वित्तमंत्री डॉ मनमोहन सिंह और प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने यह कहते हुए कि कोई अन्य विकल्प नहीं है, भारत की अर्थव्यवस्था को बजारवादी शक्तियों के लिए खोला था. किशन पटनायक ने उसी संदर्भ में 'विकल्पहीन नहीं है दुनिया' का सुचिंतित विचार देश के सामने रखा था. तब हम नहीं समझ पाए थे कि उन्होंने 'टिकैत की किताब' क्यों लिखी? हालांकि, अब उनकी बात अच्छी तरह हमारी समझ में आती है.

कारपोरेट-कम्यूनल गठजोड़ की राजनीति हर पल नई सनसनी पैदा करते हुए आगे बढ़ती है. ताकि समाज विकल्प के विचार और संभावना के प्रति विस्मृति का शिकार बना रहे. यह बौद्धिक-वर्ग की भूमिका है कि वह ऐसा न होने दे.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## शिष्टाचार

पाश्चात्य देशों में जो 'शिष्टाचार' बहुप्रशंसित है, वह 'शिष्टाचा'र वस्तुतः भारतीय अहिंसक जीवन मूल्यों की खुरचन मात्र है. भारतीय अहिंसक मूल्यों में नैतिकता पर जोरदार भार दिया गया है. पाश्चात्य शिष्टाचार उन्हीं नैतिक आचारों का केवल अंश है. पश्चिम ने सभ्यता और विकास के अपने सफर में यह शिष्टाचार, भारतीय अहिंसा के सिद्धांत से ही तो ग्रहण किए हैं. उनके लिए जितना भी अहिंसा का पालन ₹सुविधाजनक₹ था, इतना अपना लिया. जो दूभर था छोड दिया. परिणाम स्वरूप, उनका वह सहज अहिंसक आचरण, शिष्टाचार के स्वरूप में स्थापित हो गया. जबकि भारत में यह अहिंसा पालन और नैतिक आचरण किताबों में कैद और उपदेशों तक सीमित हो गया. क्योंकि पालन बड़ा कठिन था और मानवीय स्वभाव सदैव से सरलतागामी और सुविधाभोगी रहा है. हमें अहिंसा कठिन तप लगने लगी और नैतिकता दुष्कर और दुरूह. नैतिक निष्ठा से दूर होकर हम, उस पतन की ओर ढ़लने लगे, जो हमें बिना किसी विशेष परिश्रम के, सुखदायक स्थिति में रखता था. इस प्रकार सुविधाभोगी मानस से नैतिक आचरण तो गया ही गया, उसके अंश स्वरूप का शिष्टाचार भी हमारे जीवन से तिरोहित हो गया. वस्तुतः सदाचरण हमारे जीवन को मंगलमय रखता है. शान्ति फैलाता है और जीवन संघर्ष के कितने ही तनावों से मुक्त रखता है, इसलिए कल्याणकारी है. इसका पालन कठिन है, लेकिन इस गुण के लाभ देखकर इसके प्रति आकर्षण हमेशा ही बना रहता है. इसी कारण पाश्चात्य शिष्टाचार के प्रति हमें अहोभाव होता है. किन्तु सदाचार का मूल 'अहिंसा' जो हमारी भारतीय संस्कृति का सुदृढ़ आधार था, हम विस्मृत कर बैठे. हम इतने सुविधाभोगी हो गए कि अहिंसा का विचार भी हमें अव्यवहारिक और अति समान प्रतीत होता है, जबकि शिष्टाचार के प्रति चाहने मात्र को आकर्षण बना रहता है. इसलिए हमें लगता है कि अगर पश्चिम से शिष्टाचार के गुर सीख लिए तो भयो भयो. अहिंसा गंगोत्री है, सदाचरण और नैतिक आचरण की. उसके प्रबल प्रवाह से घबराकर हमने उसे मुख पर ही बांध दिया है, फिर भी उससे निकलती सदाचार की स्वच्छ धाराएँ हैं, किन्तु उसे भी हमने गंदला कर दिया है. उन्ही धाराओं से अंश रूप भरा शिष्टाचार रूपी छोटी बोतल का पानी हमें सुहाने लगा है.

# वास्तविक न्याय की तलाश में भारत के लोग

• विमर्श

प्रफुल्ल कोलख्यान

सामने है-2024 का आम चुनाव. चुनावी माहौल में चल रही है भारत जोड़ो न्याय यात्रा. अचरज की बात है, देखते-देखते बेखौफ बुलडोजर न्याय का उल्लसित प्रतीक बनता चला गया! वह दिन दूर नहीं जब, गोली-बंदूक न्याय का प्रतीक बन जायेगा! चुनावी साल में भी, भारत के नक्शे पर क्या महान दृश्य चल रहा है! एक तरफ राहुल गांधी के नेतृत्व में मणिपुर से प्रारंभ भारत जोड़ो न्याय यात्रा चल रही है तो, दूसरी तरफ उत्तराखंड में 'बुलडोजर न्याय' चल रहा है, किसानों को संवैधानिक न्याय मिलना तो दूर की बात है, मुलाकात और मुकाबला 'पुलिसिया न्याय' से हो रहा है. मणिपुर! मणिपुर भारत व्यवहार का ऐसा प्रतीक बन गया है, जिसके लिए कोई उपयुक्त नाम नहीं सूझ रहा, बस मणिपुर कहना ही काफी हो गया है. भारत के लोगों की नजर 2024 के आम चुनाव के संभावित नतीजों के पास घूम रही है. संस्कृति के राजनीतिकरण, फिर राजनीति के कॉर्पोरेटीकरण और बुद्धिमत्ता के यांत्रिकीकरण के दौर में महत्त्वपूर्ण यह है कि पूरी दुनिया भी अपनी नजर से भारत के लोकतंत्र के नव पाठ को पढ़ने की कोशिश कर रही होगी. संचार और संपर्क की तीव्रता के साथ व्यापारिक सुविधा और मुनाफा के लाभ-लोभ ने पूरी दुनिया को बेहद करीब ला दिया है. किसी भी देश की आंतरिक स्थिति का अन्य देशों के हितों पर प्रभाव पड़े बिना नहीं रह सकता है. इस अर्थ में दुनिया बेहद करीब आ गई है. जाहिर है, आज दुनिया के अन्य देश भारत में गरीब और मुफलिस लोगों के लोकतंत्र के विकासमान स्वरूपों को अपने-अपने हित-अनहित की नजर से देख ही रहे होंगे. भारत की राज्य-व्यवस्था में एक खासियत यह तो है कि यहां अब तक लगभग सभी चुनाव समय-बद्ध तरीके से होते रहे हैं. चुनावों के समय-बद्ध ढंग से होने को लोकतंत्र के होने का प्रमाण माना जाता है. यह सच है कि लोकतंत्र में चुनावों के होते रहने का महत्त्व है. लेकिन, एक क्षण के लिए यह नहीं भुलाया जा सकता है कि चुनाव लोकतंत्र को हासिल करने का साधन है, साध्य नहीं. भारत में महात्मा गांधी ने साध्य के हासिल करने या हो जाने को अपने-आप में पर्याप्त और संतोषजनक नहीं माना. उन्होंने साध्य की हितकारिता को साधन की पवित्रता से विच्छिन्न होने को कभी मंजूरी नहीं दी. गांधी विचार के अनिवार्य सकारात्मक तत्त्व को भी अव्यावहारिक बताकर भारत की राजनीति से बाहर ही रखा गया. कोई भले ही इस बात से इनकार करे, लेकिन अंततः यह कड़वा सच तो मानना ही पड़ेगा कि गांधी विचार की राजनीति को जीतनी व्यावहारिक स्वीकृति अंग्रेजी व्यवस्था में मिली, उतनी स्वीकृति आजाद भारत में नहीं मिली. इसका मतलब यह भी हो सकता है कि गांधी विचार का छुपा हुआ अंश भी राजनीतिक दल की 'राजनीति' को अप्रासंगिक बना देता है. आखिर, ऐसा क्यों? इसका जवाब पाना मुश्किल है, लेकिन अनुमान लगाने की कोशिश की जा सकती है. महात्मा गांधी के राजनीतिक औजार के तीन सूत्र थे- असहयोग, अवज्ञा और सत्याग्रह. महात्मा गांधी के महत्त्वपूर्ण सूत्र शब्दों को याद किया जा सकता है-सभ्यता, संस्कृति, सदबुद्धि, सद्भावना, सादगी, संयम, समता, वंशानुगत उद्यम, शारीरिक श्रम, सम्यक संवितरण, स्वशासन, कुटीर उद्योग. सत्याग्रह तो, उनकी हत्या का तात्कालिक कारण ही बन गया. असल में गांधी विचार राजनीतिक लोकतंत्र में नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों के सन्निवेश का आग्रही प्रस्ताव है. सरकार की कड़ी व्यवस्था में असहयोग, अवज्ञा के प्रति राजकीय सम्मान की मर्यादित स्थिति तो जगजाहिर है. सादगी! अहा, सादगी के तो कहने ही क्या! सभ्यता और संस्कृति पर विचार करें तो, पता चलता है कि सतत गतिमयता में इनके प्राण बसते हैं. सभ्यता भौतिक और जीवनयापन की जरूरतों के कारण वैज्ञानिक विकास के साथ आगे बढ़ती रहती है. सभ्यता की गति-मति वैज्ञानिक विकास से सहबद्ध होने के कारण आगे की ओर होती है. सभ्यता में जड़ता के तत्त्व कम या न के बराबर होते हैं. मनुष्य के परिवर्तन भीरु स्वभाव के थोड़े-बहुत असर के कारण सभ्यता में भी थोड़ी-सी जड़ता की प्रवृत्ति से इनकार नहीं किया जा सकता है. मनुष्य के स्वभाव की परिवर्तन भीरुता के स्रोत की खोज करने पर इसका कोई-न-कोई स्रोत ऐतिहासिक परिस्थितियों में मिल जायेगा. एक अर्थ में देखें तो, संस्कृति के गठन में भय और भय के निवारण का कोई-न-कोई आंतरिक तत्त्व जरूर मिल जायेगा. इस अर्थ में सभ्यता, संस्कृति के आंतरिक भय निवारक तत्त्वों का बाहरी और वैज्ञानिक उद्घोष है. भारत में अन्य डरों के अलावा डर का एक बना-बनाया प्रसंग है-हिंदू-मुसलमान. हिंदुओं के मन में मुसलमानों का डर और मुसलमानों के मन में हिंदुओं का डर. इस घनीभूत डर के राजनीतिक उपयोग से ध्रुवीकरण को बढ़ाया जाता है.

> भारत के लोगों की नजर 2024 के आम चुनाव के संभावित नतीजों के पास घूम रही है. संस्कृति के राजनीतिकरण, फिर राजनीति के कॉर्पोरेटीकरण और बुद्धिमत्ता के यांत्रिकीकरण के दौर में महत्त्वपूर्ण यह है कि पूरी दुनिया भी अपनी नजर से भारत के लोकतंत्र के नव पाठ को पढ़ने की कोशिश कर रही होगी.

# पाकिस्तान के सैन्य नियंत्रित घटनाक्रम के मायने

• देशांतर

प्रमोद जोशी

पाकिस्तान में पिछले हफ्ते हुए चुनाव के बाद आए परिणामों ने किसी एक पार्टी की सरकार का रास्ता नहीं खोला है और घूम-फिरकर गठबंधन सरकार बन रही है, जो सेना के सहारे काम करेगी. राष्ट्रपति की जिम्मेदारी है कि मतदान के बाद 21 दिन के भीतर यानी 29 फरवरी तक वे क़ौमी असेंबली का इजलास बुलाएं. पहले भी तीन बार प्रधानमंत्री पद पर काम कर चुके नवाज़ शरीफ संभवतः फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे, पर वे उतने प्रभावशाली नहीं होंगे, जितने कभी होते थे. चुनाव में उन्हें वैसी सफलता नहीं मिली, जिसका दावा उनकी तरफ से किया गया था. अलबत्ता उनकी पार्टी संभवतः पंजाब में अपनी सरकार बना लेगी. इस चुनाव को लेकर कई तरह की शिकायतें हैं. मतदान के दिन इंटरनेट पर रोक लगने से पूरी व्यवस्था ठप हो गई. उसके बाद सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्मों को ठप किए जाने की खबरें मिलीं. कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी और बैलट पेपरों के साथ गड़बड़ी की शिकायतें भी हैं. इन बातों को लेकर अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपियन यूनियन ने न केवल विरोध व्यक्त किया है, बल्कि इन गड़बड़ियों की जांच कराने की मांग भी की है. सवाल है कि यह जांच कौन करेगा? ये सारे सवाल पाकिस्तान के बुनियादी लोकतंत्र से जुड़े हैं. सवाल यह भी है कि भारत-पाक रिश्तों के संदर्भ में इस घटनाक्रम का मतलब क्या है? केंद्रीय सत्ता पर राजनीतिक दलों के कमजोर होने का मतलब है सेना का पूर्ण नियंत्रण. राजनीतिक-आर्थिक स्थिरता के लिहाज से यह एक मायने में मज़बूरी है. हालांकि जनता का फैसला एक तरह से सेना की राजनीतिक भूमिका के खिलाफ है, फिर भी आज के हालात में पाकिस्तान में सरकारी व्यवस्था तभी चलेगी, जब सेना और नागरिक सरकार 'एक पेज पर' हों. इसका मतलब यह भी है कि पेचीदगियां बनी रहेंगी, क्योंकि नागरिक-प्रशासन के हित जरूरी नहीं कि एक जैसे हों. सेना की कोशिश होगी कि आर्थिक-संसाधनों का ज्यादा बड़ा हिस्सा उसे मिले, जबकि आम नागरिक की बदहाली को देखते हुए ज़रूरतें कुछ और हैं. लगता यह भी है कि इमरान खान अभी जेल में ही रहेंगे और उनके तेवरों में भी बदलाव नहीं आएगा. पिछले साल राष्ट्रीय-संसद भंग होने के पहले तक एक संभावना थी कि वे बड़ी ताकत बनकर उभरेंगे, पर हुआ इसका उल्टा और वे व्यवस्था की जंजीरों में जकड़ गए. एक वक्त ऐसा भी लगा कि उनका अब कोई भविष्य नहीं है, पर चुनाव के इन परिणामों ने उनकी सार्थकता को बनाए रखा है.पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में 336 सीटें हैं, पर चुनाव 266 सीटों का होता है. 60 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं, जिनका चयन पार्टियों को प्राप्त आनुपातिक मतों के आधार पर होता है. शेष 10 सीटें धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित हैं. इसबार 265 सीटों के लिए चुनाव हुए हैं, जिनमें से 264 के परिणामों की घोषणा हुई है. चूंकि इमरान समर्थक सभी सांसद निर्दलीय हैं, इसलिए महिला और अल्पसंख्यक आरक्षण का लाभ उन्हें नहीं मिलेगा. उधर पीएमएल का दावा है कि करीब दो दर्जन निर्दलीय सदस्य उनके साथ जुड़ने वाले हैं. छह सदस्यों के शामिल होने की खबरें भी आई हैं. फिलहाल असमंजस की स्थिति है. जेल में कैद इमरान खान ने चुनाव में 'बैट' के बगैर सैकड़ा पीट दिया है. निर्दलीयों को 102 सीटें मिली हैं. इनमें से 97 इमरान खान समर्थक और 5 अन्य निर्दलीय हैं. इमरान समर्थकों को तकनीकी कारणों से पार्टी की चुनाव-चिह्न 'बैट' नहीं दिया गया. नवाज़ शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन को 76 और भुट्टो-ज़रदारी परिवार की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी को 54 सीटें मिली हैं. 32 सीटों पर अन्य उम्मीदवारों को जीत मिली है (इनमें से 17 पर एमक्यूएम के उम्मीदवार जीते हैं).अब ज्यादा बड़ा सवाल है कि पाकिस्तान का लोकतंत्र किस दिशा में जाएगा. इमरान खान पाकिस्तानी जनता के एक बड़े तबके को यह समझाने में कामयाब हुए है कि मुख्यधारा के राजनीतिक दल और सेना बेईमान है और विदेशी-ताकतों के साथ उनका गठजोड़ है. यों भी देश की जनता के मन में पहले से लोकतंत्र और राजनीति को लेकर कड़वाहट है. यह कड़वाहट पैदा करने में सेना की भूमिका भी है. जनता को यह भी समझना होगा कि नागरिक-प्रशासन के अंतर्विरोध होते हैं, जिन्हें समझना और उनका समाधान करना आसान नहीं है. इमरान ने जनता के विरोध को भड़काने में सफलता तो हासिल कर ली है, पर देश को रास्ते पर ले जाने की योजना उनके पास भी नहीं है. वे केवल भावनाओं को भड़काकर काम निकालना चाहते हैं. बावजूद इसके इमरान की यह सफलता कई मायनों में अधूरी है.

> पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में 336 सीटें हैं, पर चुनाव 266 सीटों का होता है. 60 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं, जिनका चयन पार्टियों को प्राप्त आनुपातिक मतों के आधार पर होता है. शेष 10 सीटें धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित हैं. इसबार 265 सीटों के लिए चुनाव हुए हैं, जिनमें से 264 के परिणामों की घोषणा हुई है.

## मीडिया में अन्यत्र

# सेवानिवृत्तों की पेंशन संबंधी चिंताएं

**वर्ष** 2023-24 के लिए भविष्य निधि (पीएफ) जमा में 0.1-प्रतिशत-बिंदु की बढ़ोतरी के लिए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के केंद्रीय न्यासी बोर्ड की सिफारिश हैरतअंगेज नहीं लगनी चाहिए, क्योंकि यह बढ़ोतरी ईपीएफओ के पिछले साल के कदम के ही अनुरूप है. हालांकि, 8.25 फीसदी की अनुशंसित दर 2023-24 की भांति चुनाव पूर्व वाले वर्ष 2018-19 में लागू किए गए दर के मुकाबले 0.4-फीसदी अंक कम है. अगर केंद्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा इस सिफारिश को मंजूरी दे दी जाती है, तो इसमें ईपीएफ सदस्यों को रिकॉर्ड 1,07,000 करोड़ रुपये का हस्तांतरण शामिल होगा. लेकिन इस घटनाक्रम ने उन लोगों को नाखुश किया है, जो लंबे समय से पेंशन में न्यूनतम 1,000 रुपये की बढ़ोतरी की मांग कर रहे हैं. सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने विपक्ष में रहने के दौरान मांग की थी कि पेंशन में 3,000 रुपये तक की बढ़ोतरी की जाए (तत्कालीन यूपीए सरकार ने 1,000 रुपये प्रति माह की बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया था). वर्ष 2014 में सत्ता में आने पर, भाजपा ने सितंबर 2014 से अपने पूर्ववर्ती सरकार द्वारा तय किए गए कार्यों को ईमानदारी से पूरा किया, जिससे लगभग 20.5 लाख पेंशनभोगियों को लाभ हुआ. कुछ महीने पहले, वित्त मंत्रालय ने कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस), 1995 के तहत आवश्यक बजटीय समर्थन में "भारी बढ़ोतरी" का हवाला देते हुए न्यूनतम पेंशन राशि को दोगुना करने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया था. बजटीय सहायता में एक और घटक है जो प्रति माह 15,000 रुपये की राशि तक के वेतन के 1.16 फीसदी के केंद्र सरकार के योगदान को इंगित करता है. वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए, वित्त मंत्रालय ने बजटीय सहायता के रूप में चालू वर्ष के 9,760 करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान के मुकाबले 10,950 करोड़ रुपये राशि का अनुमान लगाया है. वित्त मंत्रालय की गणना है कि न्यूनतम पेंशन में शत-प्रतिशत की बढ़ोतरी कुल बजटीय सहायता में आनुपातिक बढ़ोतरी से ज्यादा होगी, क्योंकि 2014 तक कई पेंशनभोगियों को मासिक पेंशन के रूप में 1,000 रुपये से काफी कम प्राप्त हुआ था. ईपीएस को "निर्दिष्ट योगदान- निर्दिष्ट लाभ" वाली सामाजिक सुरक्षा योजना के रूप में निरूपित करते हुए, सरकार ने राज्यसभा में कहा कि सभी लाभों का भुगतान योगदान के जरिए हासिल हुए संचय से किया गया था और 31 मार्च, 2019 तक फंड के मूल्यांकन के मुताबिक, उसमें "एक बीमांकिक घाटा" था. हालांकि, ईपीएफओ की वार्षिक रिपोर्ट (2022-23) में इस तर्क को लगभग ध्वस्त कर दिया गया है. **(द हिंदू)**




## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### और/एवं/तथा/व

**फिल्म** अमीर-गरीब का गाना है सोनी और मोनी की है जोड़ी अजीब. इसमें एक शब्द ऐसा है, जिसका काम है जोड़ी बनाना. वह शब्द है 'और.' सोनी और मोनी. यह एक संयोजक शब्द है, लेकिन इसके और भी कई अर्थ हैं. जैसे 'और' का अर्थ अधिक भी होता है. उदाहरण के लिए और भोजन चाहिए. 'और' का अर्थ अन्य भी है. उदाहरण के लिए मेरा एक और मित्र है या यह तो कोई और है. 'और' का अर्थ अतिरिक्त भी है. उदाहरण के लिए और क्या चाहिए. और शब्द के समानार्थी शब्द हैं तथा, एवं, व. कुछ लोग इसका संक्षिप्त रूप में 'औ' या 'ओ' का भी प्रयोग करते हैं. जैसे सुबह औ शाम या सुबह ओ शाम. 'एवं' का शाब्दिक अर्थ है ऐसा ही, या इसी प्रकार, लेकिन इसका प्रयोग 'और' के अर्थ में भी होता है. 'तथा' शब्द के भी दो अर्थ तो हैं. जैसे राम तथा श्याम. दूसरा अर्थ है इसी तरह, ऐसे ही. जैसे यथा नाम तथा गुण. 'और' खड़ीबोली का शब्द है. लोकव्यवहार में यही प्रचलित है. 'व' फारसी मूल का शब्द है. इसका अर्थ 'और' की तरह ही लिया जाता है. संयुक्त वाक्य में एक से अधिक योजकों का प्रयोग अर्थ को स्पष्ट करता है. जैसे राम और सीता एवम् शिव और पार्वती. यदि यहां एवम् के स्थान पर भी 'और' ही लगा दिया जाए तो वाक्य भ्रामक हो जाता है. 'व' भी 'और' की तरह ही है. जैसे सही व गलत, अमीर व गरीब. 'एवम्' और 'तथा' तत्सम शब्द हैं. 'व' अरबीमूलक है अतः वस्तुतः उर्दू है. इसका लघुरूप 'ओ' को हम उर्दू से अधिक जोड़ते हैं पर 'व' भी उसी शब्द का औपचारिक/मानक रूप है. ये अधिकतम उर्दू साहित्य और कई बार हिन्दी साहित्य में भी मिलता है. संस्कृत भाषा में व, वा, यथा, तथा, इव, एवं, ये सभी समानार्थक शब्द हैं, जो हिंदी में तत्सम के रूप में बहुप्रचलित हैं.

# जिंदा होने का प्रमाण देना जरूरी

• तीर-तुक्का

हनुमान मुक्त

आंधियों की जिद है, जहां बिजलियां गिराने की. हमारी भी जिद है ,वहीं आशियां बनाने की. उसूलों पर आंच आए ,तो टकराना जरूरी है. अगर जिंदा हो तो, जिंदा नजर आना जरूरी है. उनके उसूलों पर आंच आने लगी और वे टकरा गए. उन्होंने जैसे ही अपने जिंदा होने का प्रमाण दिया. मंत्री जी का सिंहासन डोलने लगा. आनन-फानन में अपने सभी दौरों को रद्द किया. आंधी और बिजली को काबू में किया और सभी को एक साथ अपने आशियां में बैठ कर बात करने का न्योता दे दिया. सभी दुखियारे इकट्ठे हो गए. दुख की इस घड़ी में साथ रहना जरूरी है. पता नहीं कब कैसी आंधी चल जाए और वे टीन टप्पर के घरौंदों की तरह हवा में उड़ जाए, इसलिए उन्होंने एक दूसरे का हाथ थाम कर अपने आपको वजनदार बनाने का प्रयास करना शुरू कर दिया. उन्होंने सुख में सब साथी दुख में ना कोय चरितार्थ नहीं होने दिया. दुख में भी वे इकट्ठा होने का स्वांग करने लगे. चोर चोर मौसेरे भाई की तर्ज पर दुखिया दुखिया भाई भाई इकट्ठा हो गए. उन्होंने हिंदू मुस्लिम भाई-भाई के नारे को भी बुलन्द नहीं किया. सिर्फ दुखिया दुखिया भाई-भाई के नारे को ही बुलंद किया. वे कितने वजनदार हैं, यह तो आंधियों की ताकत से ही पता चलेगा. वे कितनी तेजी से चलती है और उड़ा पाती हैं या नहीं. दूसरी ओर वे अपने उसूलों पर कायम थे. उन्होंने इनके उसूलों को आंच देने का प्रयास किया था. आंच ही नहीं, बल्कि उसूलों को जलाने का प्रयास किया था. साल भर से उनके उसूल उनकी आंच से तप रहे थे. तपन से वे सुलग रहे थे, धीरे-धीरे. हल्का-फुल्का धुंआ भी उठ रहा था. इसको वे नजरअंदाज कर रहे थे. इसे वे उनकी कमजोरी मान रहे थे. उनके काफी मना करने के बाद भी उन्होंने तपन देना कम नहीं किया .आखिर उन्हें भभकना था और वे भभक उठे तेजी से फक से.....आजकल डोक्यूमेंटेशन का जमाना है. आपके डाक्यूमेंट्स पूरे होने चाहिए. आप यदि पेंशनधारी हैं .आप जिंदा है, बैंक जाकर प्रत्येक माह कैशियर से, बैंक मैनेजर से जाकर मिलते हैं. तब भी आपको हर साल बैंक को आपके जिंदा होने का प्रमाण देना जरूरी है. लिखित रूप से. गजेटेड ऑफिसर से प्रमाणित. कि आप जिंदा हैं. उस ऑफिसर ने आपको फलां तारीख को जिंदा देखा है. आप कितना ही उछल कूद मचाओ. धमाचौकड़ी मचाओ. इससे काम नहीं चलेगा. कितना ही उनसे कहो कि भैया हम जिंदा हैं, हमें जिंदा मान लो, लेकिन वे नहीं मानेंगे. जब तक आप कोई लिखित डाक्यूमेंट्स पेश नहीं कर देते. उन्हें पेश करना ही पड़ेगा. उनके साथ भी ऐसा ही हुआ. उनके जिंदा होने का प्रमाण मांगा गया.



धर्म अध्यात्म


हिमकर श्याम

भगवान श्रीकृष्ण के अनेक नामों में से एक मदन मोहन भी है. रांची के बोड़ेया में कान्हा जी के मदन मोहन रूप की पूजा अर्चना की जाती है. श्री मदन मोहन मंदिर का निर्माण नागवंशी राजा रघुनाथ शाह के शासनकाल में हुआ था. इस मंदिर में भगवान श्री कृष्ण और देवी राधा की प्रतिमाएं हैं. रांची के लोगों में मदन मोहन के प्रति अपार श्रद्धा और आस्था है.

# राधा संग विराजते हैं मदन मोहन

**1665** में रखी गई मंदिर की नींव

**1682** में मंदिर बन कर तैयार हुआ

**14,001** रुपये की लागत निर्माण में आई

**1140** वर्गफीट के चबूतरे पर बने 12 खंभे पर टिका हुआ है मंदिर

**1980** में पीतल की मूर्तियां स्थापित की गईं.

## 1665 में रखी गई थी नींव

श्री मदन मोहन मंदिर की नींव लक्ष्मी नारायण तिवारी द्वारा विक्रम संवत 1722, यानी सन 1665 ईस्वी में वैशाख शुक्ल पक्ष दशमी को रखी गई थी. तीन साल बाद सन 1668 के श्रावण शुक्ल दशमी को चहारदीवारी और दरवाजे की नींव रखी गई. मंदिर के निर्माण में 17 साल का समय लगा था. यह 1682 में बन कर तैयार हुआ. मंदिर में लगे शिलालेख के अनुसार इसके निर्माण में 14,001 रुपये की लागत आई थी. शिलालेख कैथी लिपि में है.

## ग्रेनाइट पत्थर से निर्माण

मंदिर मध्यकालीन वास्तुकला का अद्भुत नमूना है. इसका निर्माण ग्रेनाइट पत्थर से किया गया है. अनिरुद्ध नामक शिल्पकार ने मंदिर का निर्माण किया था. मंदिर 1140 वर्गफीट के चबूतरे पर बने 12 खंभे पर टिका हुआ है. खंभों की लंबाई छत तक लगभग 12 फीट है. छत पर शानदार नक्काशी है. मुख्य मंदिर के छत पर गोल शिखर है जिसकी ऊंचाई 40 फीट है. शिखर पर लोहे का चक्र है. चक्र पर त्रिशूल और ध्वज है. मंदिर का सिंहद्वार पूरब दिशा की ओर है. मंदिर के दक्षिण द्वार के सामने एक बड़ा चबूतरा है. दक्षिण द्वार तक आने के लिए पहले 11 सीढियां थीं, अब मात्र सात हैं. एक कोने पर भंडार गृह है. मंदिर की बाहरी दीवार सफेद रंग की है. चहारदीवारी पत्थर से बनी हुई है.

## पीतल की मूर्तियां स्थापित हैं

गर्भगृह वर्गाकार है जहां राधा संग मदन मोहन विराजमान हैं. पहले यहां अष्टधातु की मूर्तियां थीं. 5 सितंबर 1953 को भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति चोरी हो गई. बाद में भगवान श्रीकृष्ण की पीतल की मूर्ति बनवायी गई. दूसरी बार मंदिर में जब चोरी हुई, तब अष्टधातु के राधारानी की मूर्ति को चोर ले गए. 1960 में रांची के व्यवसायी गंगा प्रसाद बुधिया ने संगमरमर की मूर्ति यहां स्थापित की. 1980 में इस मंदिर में संगमरमर की मूर्तियों की जगह पीतल की मूर्तियां स्थापित की गईं. राधा कृष्ण के अलावा यहां राम, सीता एवं लक्ष्मण की भी प्रतिमाएं हैं. मंदिर से सटे मां दुर्गा का भी मंदिर है.



## तीन बार लगता है भोग

भगवान मदन मोहन को दिन में तीन बार भोग लगाया जाता है. सुबह बाल भोग लगता है. दोपहर में राजभोग लगता है जिसमें चावल, दाल, खीर, पुड़ी और मालपुआ आदि जो उपलब्ध हो चढ़ाया जाता है और रात में शयन भोग. श्रृंगार आरती सुबह सात बजे होती है और शाम में संध्या आरती. वैशाख शुक्ल पक्ष अक्षय तृतीया के दिन मंदिर का स्थापना दिवस मनाया जाता है. पूर्णिमा के दिन सत्यनारायण पूजा होती है. श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और होली के समय भगवान गर्भगृह से बाहर आ कर मंदिर के चबूतरे पर विराजते हैं. श्रीराधाकृष्ण की प्रतिमा का विशेष श्रृंगार किया जाता है. जन्माष्टमी की पूजा वृंदावन की तर्ज पर होती है. होली पर्व के दिन यहां फगडोल खेला जाता है. पूरे गांव वासी मिलजुल कर त्योहार मनाते हैं. मंदिर के गर्भगृह में पुजारी के अलावा किसी का भी प्रवेश निषेध है.



## मंदिर से जुड़ी कहानी

रातू महाराज रघुनाथ शाह अत्यंत धार्मिक प्रवृति और दयालु स्वभाव के थे. रघुनाथ शाह के धर्मगुरु ब्रह्मचारि हरिनाथ थे. एक बार महाराज के बोड़ेया आगमन पर स्थानीय जमींदार ब्राह्मण लक्ष्मी नारायण तिवारी ने उनका श्रद्धापूर्वक आदर-सत्कार किया. सम्मान पूर्वक भोजन कराया. विदाई के समय महाराज को स्वर्ण-आभूषण, धन आदि हाथी पर लाद कर उपहार स्वरूप भेंट किया. बोझ इतना अधिक था कि हाथी सह नहीं पाया. थोड़ी दूर चलने के बाद मर गया. राजा को लगा कि यह धन उनके लिए अशुभ है. महाराज ने लक्ष्मी नारायण को कहा कि यह धन उनके लिए शुभ नहीं है, इसे वापस ले लीजिए. तिवारी दिया हुआ धन वापस नहीं लेना चाहते थे. तब बीच का रास्ता निकलते हुए उसी धन से उन्होंने इस मंदिर का निर्माण कराया.

## संरक्षित किया जाता है जल

मंदिर की छत कुछ इस तरह बनाई गई है कि एक तरफ ढलान कर बारिश के पानी को उत्तर दिशा में गिरने की व्यवस्था की गई है. मानसून के महीनों में छत से गिरने वाला पानी सीधे वाटर हार्वेस्टिंग के लिए बनाए गए कुंड में गिरता है. यह कुंड गर्मियों में भी नहीं सूखता और आसपास के जलस्तर को बनाये रखता है. मंदिर परिसर में एक कुंआ भी है जिसे श्री शरण नारायण तिवारी ने बनवाया है.



संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## ब्रीफ खबरें

### यूपी वारियर्स से क्षेत्ररक्षण कोच के रूप में जुड़े अभय

**नयी दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम के सहयोगी स्टाफ का हिस्सा रह चुके अभय शर्मा 23 फरवरी से शुरू हो रही महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के दूसरे सत्र से पहले यूपी वारियर्स से क्षेत्ररक्षण और विकेटकीपिंग कोच के रूप में जुड़ गए हैं. रेलवे के पूर्व रणजी कप्तान अभय ने पिछले घरेलू सत्र में दिल्ली की रणजी टीम को कोचिंग दी थी. वह भारत ए और भारत अंडर-19 टीम के क्षेत्ररक्षण कोच की भूमिका भी निभा चुके हैं. इंग्लैंड के जॉन लुईस यूपी वारियर्स के मुख्य कोच हैं. डब्ल्यूपीएल के एक सूत्र ने कहा कि अभय यूपी वारियर्स के ट्रेनिंग शिविर से जुड़ गए हैं. अभय 54 साल के हैं और उन्होंने 1988 से 2003 के बीच 89 प्रथम श्रेणी मैच खेले. यूपी वारियर्स की टीम बेंगलुरू में ट्रेनिंग कर रही है.

### पीसीबी ने हारिस राउफ का केंद्रीय अनुबंध किया रद्द

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने हाल में ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट श्रृंखला से हटने पर तेज गेंदबाज हारिस राउफ के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए गुरुवार को उनका केंद्रीय अनुबंध रद्द कर दिया. पीसीबी ने साथ ही घोषणा की कि हारिस को 20 जून 2024 तक किसी भी विदेशी लीग में खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी नहीं किया जाएगा. पीसीबी ने बयान में कहा कि ऑस्ट्रेलिया के 2023-24 दौरे के लिए पाकिस्तान की टेस्ट टीम के साथ जुड़ने से इनकार करने के मामले की जांच के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने हारिस राउफ को सजा सुनाई है. बयान के अनुसार, पीसीबी समिति द्वारा विस्तृत सुनवाई प्रक्रिया के बाद हारिस के केंद्रीय अनुबंध को एक दिसंबर 2023 से रद्द किया जाता है.

### बीएटीसी में भारतीय पुरुष टीम चीन से 2-3 से हारी

**शाह आलम (मलेशिया)।** भारतीय पुरुष टीम को सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार युगल जोड़ी की काफी कमी खली जिससे उसे गुरुवार को यहां बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप (बीएटीसी) के ग्रुप मैच में चीन से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा. स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी एच एस प्रणय और लक्ष्य सेन ने अपने एकल मुकाबले जीते लेकिन चीन ने वापसी करते हुए दोनों युगल मुकाबले जीतकर स्कोर 2-2 कर दिया. और अंतिम मैच में राष्ट्रीय चैम्पियन चिराग सेन को वांग झेंग जिंग से 15-21 16-21 से हार मिली जिससे भारत मुकाबला गंवा बैठा. पहले ही नॉकआउट चरण में जगह बना चुकी भारतीय टीम ग्रुप में दूसरे स्थान पर रही.

### गोल्फर राहिल ने दो शॉट की बढ़त बनायी

**कोलकाता।** बेंगलुरू के गोल्फर राहिल गंगजी ने गुरुवार को यहां एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि की टाटा स्टील पीजीटीआई प्लेयर्स चैम्पियनशिप के तीसरे दौर में छह अंडर 64 का कार्ड खेलकर दो शॉट की बढ़त हासिल की. गंगजी (65-65-64) ने लगातार दूसरे दिन बोगी मुक्त राउंड खेला जिससे वह अपने बीती रात के संयुक्त दूसरे स्थान से शीर्ष पर पहुंच गये. उनका कुल स्कोर 16 अंडर 194 था. मनु गंडास (65-67-64), अर्जुन प्रसाद (62-65-69) और सप्ताक तलवार (66-65-65) 14 अंडर 196 के कुल स्कोर से संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर चल रहे हैं.

दोहा में 19 फरवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में भाग लेना था, लेकिन नडाल ने नाम वापस ले लिया

# दुर्भाग्य से मैं प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार नहीं हूं: नडाल

- 22 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता रहे हैं स्पेन के राफेल नडाल
- थॉम्पसन के खिलाफ मुकाबले के दौरान चोटिल हो गए थे नडाल

भाषा। नयी दिल्ली



पूर्व विश्व नंबर 1 टेनिस स्टार राफेल नडाल ने आगामी कतर ओपन से हटने का फैसला किया है. इसके साथ ही उन्होंने चोट के बाद अपने ब्रेक को और बढ़ा दिया है. दरअलस, 22 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नडाल को दोहा में 19 फरवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करनी थी. लेकिन, 37 वर्षीय नडाल ने कहा कि वह दोहा में नहीं खेल पाएंगे. अब वह वो लास वेगास में और महीने के अंत में इंडियन वेल्स में कार्लोस अल्काराज के खिलाफ फ्रेंडली मैच पर फोकस कर रहे हैं.

## चोट लगने के एक साल बाद राफेल नडाल ने जनवरी में ब्रिस्बेन इंटरनेशनल से वापसी की थी

*स्पैनियार्ड ने एक्स पर लिखा कि मैं दोहा में खेलना पसंद करता, जहां टूर्नामेंट टीम के साथ-साथ अद्भुत कतर प्रशंसकों ने हमेशा मेरा बहुत समर्थन किया है. दुर्भाग्य से मैं प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार नहीं हूं और मैं दोहा नहीं आ पाऊंगा. अब मैं लास वेगास में प्रदर्शनी और इंडियन वेल्स टूर्नामेंट के लिए तैयार रहने के लिए काम करते रहने पर ध्यान केंद्रित करूंगा.*

बता दें कि चोट के कारण लगभग एक साल तक बाहर रहने के बाद नडाल ने अपनी लंबे समय से प्रतीक्षित वापसी जनवरी में ब्रिस्बेन इंटरनेशनल से की. वह क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए थे, लेकिन जॉर्डन थॉम्पसन के खिलाफ मुकाबले के दौरान वह चोटिल हो गए. चोट के कारण ही नडाल को ग्रैंड स्लैम शुरू होने से एक सप्ताह पहले ऑस्ट्रेलियन ओपन से हटना पड़ा था. दूसरी तरफ विश्व नंबर 1 इगा स्वीयाटेक ने राउंड 16 में नंबर 14 वरीयता प्राप्त एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा को 6-1, 6-4 से हराकर कतर ओपन में अपनी प्रभावशाली जीत का सिलसिला आगे बढ़ाया और लगातार तीसरी बार इस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गईं. दो बार के डिफेंडिंग चैंपियन स्वीयाटेक ने 1 घंटे और 31 मिनट की जीत के साथ अलेक्जेंड्रोवा को हराकर टूर्नामेंट में अब लगातार 10 मैच जीते हैं. पोल अब क्वार्टर फाइनल में दो बार की दोहा चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका से खेलेंगी. पूर्व विश्व नंबर 1 अजारेंका ने रात के मैच में नंबर 8 वरीयता प्राप्त जेलेना ओस्टापेंको को 6-0, 6-3 से हराया, जो इस साल ओस्टापेंको पर उनकी तीसरी जीत है. वर्ल्ड नंबर-19 अलेक्जेंड्रोवा को हराकर, स्वीयाटेक ने शीर्ष 20 विरोधियों के खिलाफ अपने पिछले 11 मैच जीते हैं, और इस साल अब तक उस समूह के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 4-0 पहुंचा दिया है. डब्ल्यूटीए के अनुसार, स्वीयाटेक की शीर्ष 20 के किसी साथी सदस्य से आखिरी हार पिछले सितंबर में टोक्यो क्वार्टर फाइनल में वेरोनिका कुडरमेतोवा से हुई थी. इससे पहले बुधवार को, पूर्व विश्व नंबर 1 नाओमी ओसाका क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं, जब राउंड 16 की उनकी प्रतिद्वंद्वी, विश्व नंबर 37 लेसिया सुरेंको कोहनी की चोट के कारण मैच से हट गईं. ओसाका, जो 2022 के अंत और पूरे 2023 तक मातृत्व अवकाश पर थी, 2022 के मार्च में मियामी ओपन फाइनल में पहुंचने के बाद से अपने पहले डब्ल्यूटीए टूर क्वार्टर फाइनल में है. क्वार्टर फाइनल में, दो बार की डब्ल्यूटीए 1000 टाइटलिस्ट ओसाका का सामना एक अन्य पूर्व विश्व नंबर 1, कैरोलिना प्लिस्कोवा से होगा, जिन्होंने अपनी साथी चेक लिंडा नोस्कोवा को तीन सेटों में 3-6, 7-5, 6-1 से हराया.

भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 5 विकेट पर 326 रन बनाए

# जडेजा और रोहित के शतक से भारत मजबूत



राजकोट के मैदान पर जडेजा ने लगाया लगातार दूसरा शतक

- सरफराज खान ने 66 बॉल में खेली 62 रनों की शानदार पारी
- इंग्लैंड की तरफ से मार्क वुड ने 3 और टॉम ने 1 विकेट झटके

शुभम संदेश न्यूज नेटवर्क

भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला गुरुवार को राजकोट में शुरू हुआ. टॉस जीतकर रोहित शर्मा ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया. रोहित का यह फैसला एक समय गलत होता नजर आ रहा था, जब 33 रन पर टीम ने तीन विकेट गंवा दिये. मगर रोहित शर्मा और जडेजा की जोड़ी ने पारी को पहले संभाला और फिर संवारने का काम किया. दोनों के बीच 204 रनों की साझेदारी हुई, जिससे टीम इंडिया एक मजबूत स्कोर की तरफ बढ़ती नजर आ रही है. पहले दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने 5 विकेट के नुकसान पर 326 रन बना लिये हैं. भारत की तरफ से यशस्वी जायसवाल ने 10, रोहित शर्मा ने 131, शुभमन गिल 0, रजत पाटीदार ने 5 रन बनाये. वहीं जडेजा नाबाद 110, सरफराज खान 62 रन और कुलदीप यादव नाबाद 1 रन बनाये.

इंग्लैंड की तरफ से मार्क वुड ने 3 और टॉम विलियम हार्टले ने 1 विकेट झटके. खेल के शुरुआत से भरतीय टीम को झटके लगने शुरू हो गये. एक तरफ से विकेट गिरते गये, दूसरी तरफ रोहित शर्मा पिच पर डटे रहे. आखिर में रोहित के बल्ले से 218 दिनों के बाद टेस्ट शतक निकला. इस सीरीज में रोहित की पहली यह बड़ी पारी है. रोहित और जडेजा की इस पारी ने टीम इंडिया को संकट से उबारा. दोनों ने शतक जड़े. कप्तान रोहित शर्मा ने 196 बॉल में 131 रनों की पारी खेली, जिसमें 14 चौके और 3 छक्के लगाये. वहीं जडेजा ने 212 बॉल में 110 रनों की नाबाद पारी खेली, जिसमें 9 चौके और दो छक्के शामिल हैं.

### रोहित ने तोड़ा धौनी का रिकॉर्ड



कप्तान रोहित शर्मा ने अपनी इस 131 रनों की पारी में टेस्ट में छक्का मारने के मामले में वीरेंद्र सहवाग के साथ दूसरे नंबर पर पहुंच गये हैं. सबसे ज्यादा छक्का मारने का रिकॉर्ड वीरेंद्र सहवाग के नाम है. सहवाग ने 90 छक्का लगाये हैं. रोहित 80 छक्का लगाकर दूसरे नंबर पर पहुंच गये हैं. रोहित ने महेंद्र सिंह धोनी को भी छक्के मारने के मामले में पीछे छोड़ दिया. महेंद्र सिंह धोनी ने टेस्ट मैचों में कुल 78 छक्के जड़े थे. सचिन तेंदुलकर के नाम 69 छक्का, रवींद्र जडेजा के नाम 61 छक्का और कपिलदेव के नाम 61 छक्का है. वहीं भारत की तरफ से इंग्लैंड के खिलाफ सर्वाधिक शतक लगाने का रिकॉर्ड सुनील गावस्कर के नाम है. गावस्कर 4 शतक लगा चुके हैं. वहीं उनके बाद विजय मर्चेंट-3, मुरली विजय-3, केएल राहुल-3 और रोहित शर्मा ने संयुक्त रूप से 3 शतक जड़े.

### जडेजा ने दो बार की तलवारबाजी

रवींद्र जडेजा ने भारतीय पारी को पहले तो संभाला, फिर संवारा. जडेजा ने रोहित के साथ मिलकर पहले अपना अर्धशतक पूरा किया. इस दौरान जडेजा ने अपने अंदाज में तलवारबाजी कर जश्न मनाया. इसके बाद जडेजा ने सरफराज खान के साथ अपनी पारी को आगे बढ़ाया. सरफराज ने 66 बॉल में 62 रनों की पारी खेली. वह मार्क वुड के डायरेक्ट थ्रो पर रनआउट हो गये. सरफराज के आउट होने के बाद कुलदीप यादव के साथ जडेजा ने अपनी पारी को आगे बढ़ाया और अपने 99 के स्कोर को 100 कर फिर एक बाद तलवारबाजी कर अनोखे अंदाज में अपनी शतक का जश्न मनाया. जडेजा 110 रन पर नाबाद रहे. राजकोट के मैदान पर जडेजा का यह लगातार दूसरा शतक है. वहीं डेब्यू टेस्ट मैच खेल रहे सरफराज खान ने भी तेज पचासा ठोका. सरफराज खान 66 गेंद पर 62 रन बनाकर रनआउट होकर पवेलियन लौटे, लेकिन इससे पहले सरफराज ने 100 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से पचासा ठोका. 26 साल के सरफराज ने डोमेस्टिक क्रिकेट में पिछले चार-पांच सालों में धमाकेदार प्रदर्शन किया है और इसका ईनाम उनको अब जाकर मिला है. सरफराज को कड़ी मेहनत और लंबे इंतजार के बाद भारतीय टेस्ट टीम में जगह मिली है. सरफराज जब मैदान पर उतरे तो स्टेडियम में उनके पिता और पत्नी मौजूद थे. उनके पहले रन पर ही पिता और पत्नी ने खड़े होकर ताली बजाई. इसके बाद सरफराज का पचासा होते ही उनके पिता का रिऐक्शन देखने लायक था.

# आईपीसी ने तदर्थ समिति गठित करने का सुझाव किया खारिज

एजेंसी। नयी दिल्ली

**पैरा खेल**

- खेल मंत्रालय ने पैरा खेलों की संस्था को निलंबित किया था
- आईपीसी की चीफ मेंबरशिप अधिकारी हैं क्रिस्टिना

पैरा खेलों की विश्व संचालन संस्था (आईपीसी) ने खेल मंत्रालय का भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) का कामकाज देखने के लिए तदर्थ पैनल गठित करने का सुझाव खारिज कर दिया. खेल मंत्रालय ने चुनाव समय पर नहीं कराने के लिए पैरा खेलों की राष्ट्रीय संस्था (पीसीआई) को निलंबित कर दिया था. खेल मंत्रालय ने दो फरवरी को पीसीआई को निलंबित करने के बाद पीसीआई का कामकाज को देखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) को अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति (आईपीसी) के साथ मिलकर एक तदर्थ समिति गठित करने का निर्देश दिया था.

लेकिन आईपीसी ने स्पष्ट रूप से खेल मंत्रालय को कहा कि पीसीआई में संचालन की मौजूदा स्थिति में आईपीसी के हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है. दीपा मेहता की अध्यक्षता वाले पीसीआई ने दावा किया था कि छह से 15 मार्च तक भारत में होने वाले पैरा निशानेबाजी विश्व कप को ध्यान में रखते हुए चुनावों को स्थगित किया गया था. आईपीसी ने खेल मंत्रालय द्वारा भेजे गये एक पत्र के जवाब में कहा कि जैसा कि आपने सुझाव दिया, हम भारतीय खेल प्राधिकरण के साथ तदर्थ समिति गठित करने की स्थिति में नहीं हैं. आईपीसी की 'चीफ मेंबरशिप एंड इम्पैक्ट' अधिकारी क्रिस्टिना मोलोय द्वारा 12 फरवरी को लिखे गये पत्र में कहा कि हम अपने सदस्यों से उम्मीद करते हैं कि वे 'पैरालंपिक मूवमेंट' के अंतर्गत अपने मामले स्वायत्त तरीके से और बाहर से बिना किसी हस्तक्षेप के चलाये जो आईपीसी संविधान के प्रावधानों के अनुसार हो.

# रणजी खेलने के लिए बंगाल की टीम से जुड़े मुकेश कुमार

**राजकोट।** भारत के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच से पहले टीम से 'रिलीज' कर दिया गया ताकि वह शुक्रवार से बिहार के खिलाफ होने वाले रणजी ट्रॉफी मैच के लिए बंगाल की टीम से जुड़ सकें. यह तेज गेंदबाज इंग्लैंड के खिलाफ विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट मैच में खेला था. वह 23 फरवरी से रांची में शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच से पहले भारतीय टीम से जुड़ जाएंगे. भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बयान में कहा कि मुकेश कुमार को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच की भारतीय टीम से 'रिलीज' कर दिया गया है. वह रणजी ट्रॉफी में अगला मैच खेलने के लिए अपनी टीम बंगाल से जुड़ेंगे. इसके बाद वह रांची में भारतीय टीम से जुड़ जाएंगे. मुकेश को दूसरे टेस्ट मैच में मोहम्मद सिराज की जगह अंतिम एकादश में शामिल किया गया था. वह हालांकि अपने प्रदर्शन से प्रभावित नहीं कर पाए थे. बंगाल और बिहार के बीच रणजी मैच ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा.

# बजरंग पूनिया ने की डब्ल्यूएफआई को फिर से निलंबित करने की अपील

एजेंसी। नयी दिल्ली

**बोले बजरंग**

- कुश्ती की वैश्विक संचालन संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू
- यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने भारत पर लगा अस्थाई प्रतिबंध हटा दिया है

ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया ने गुरुवार को कुश्ती की वैश्विक संचालन संस्था यूनाईटेड वर्ल्ड रेस्लिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) से भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को फिर से निलंबित करने की अपील करते हुए कहा कि संजय सिंह की अगुआई वाली संस्था को बहाल करने से पहलवान 'खतरे और उत्पीड़न' के दायरे में आ गए हैं.

यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने मंगलवार को भारत पर लगा अस्थाई प्रतिबंध हटा दिया लेकिन राष्ट्रीय महासंघ को निर्देश दिया कि वह लिखित गारंटी दे कि विरोध कर रहे पहलवानों बजरंग, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट के खिलाफ कोई भेदभावपूर्ण कार्रवाई नहीं की जाएगी.

बजरंग ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर अपने हैंडल में साझा किए पत्र में लिखा, इस फैसले से भारतीय पहलवान एक बार फिर डब्ल्यूएफआई सदस्यों से खतरे और उत्पीड़न के दायरे में आ गए हैं. समय पर चुनाव नहीं कराने के लिए यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने पिछले साल 23 अगस्त को डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया था. कई अड़चनों के बाद अंततः डब्ल्यूएफआई के चुनाव हुए और संजय सिंह को अध्यक्ष चुना गया. बजरंग ने कहा कि हम पहलवान आपसे अनुरोध करते हैं कि कृपया विभिन्न माध्यमों से अनुचित कार्यों और उत्पीड़न के खिलाफ भारतीय खिलाड़ियों का समर्थन करें. भारतीय पहलवान न्याय और निष्पक्ष एवं सुरक्षित खेल के अपने अधिकारों के लिए आपकी ओर देख रहे हैं.

# क्रिकेट का ककहरा सिखा रहे हैं गुरु ग्रेग

केपटाउन। (भाषा)

बाईस गज की पिच, एक गेंद बल्ला और विश्व कप विजेता कोच का मार्गदर्शन . दुनिया की सबसे बड़ी झुग्गियों में शामिल खयेलित्शा के बच्चे गैंगवार, गरीबी और ड्रग्स की लत से बचने के लिये क्रिकेट का ककहरा सीख रहे हैं और उन्हें सिखाने वाले कोई और नहीं भारत को 2011 विश्व कप जिताने वाले कोच गैरी कर्स्टन हैं.

अश्वेत बच्चों को बराबरी का दर्जा दिलाने और खेलों में समान मौके मुहैया कराने की यह अनूठी मुहिम 'गुरू ग्रेग' की ही है जिन्होंने वंचित तबके के कई बच्चों की जिंदगी बदल दी. दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन से करीब 30 किलोमीटर दक्षिण पूर्व में



स्थित खयेलित्शा दुनिया की पांच सबसे बड़ी झुग्गी बस्तियों में शामिल है जिसे ड्रग्स के कारण सबसे असुरक्षित इलाकों में माना जाता है . कर्स्टन का कैच ट्रस्ट फाउंडेशन (पूर्व नाम गैरी कर्स्टन फाउंडेशन) यहां पांच स्कूलों में पांच से 19 वर्ष की उम्र के एक हजार से ऊपर बच्चों को क्रिकेट का प्रशिक्षण दे चुका है. पंद्रह बरस के लुखोलो मालोंग ने कहा कि मैं विराट कोहली को प्रेरणा मानता हूं जो मुझे कभी हार नहीं मानने के लिये प्रेरित करते हैं. मैं एक दिन दक्षिण अफ्रीका के लिये खेलना चाहता हूं. उन्होंने कहा कि मैं कोहली से कभी हार नहीं मानने का जज्बा, कड़ी मेहनत और कुछ कर दिखाने का जुनून सीखता हूं. मैने उन्हें केपटाउन में मैदान पर देखा है लेकिन एक दिन उनसे मिलना चाहूंगा.

दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद के दौरान अश्वेतों को शहर से बाहर करने की कवायद में 1983 में खयेलित्शा बसाया गया. इसमें 25 लाख से अधिक लोग रहते हैं और 99.5 प्रतिशत अश्वेत हैं जिनका जीवन संघर्ष से भरा है. ऐसे में नशे और अपराध का बुरा साया बचपन में ही बच्चों पर पड़ जाता है. कर्स्टन ने कहा कि मैं जब भारत से यहां आया तो केपटाउन में सबसे गरीब इस इलाके का दौरा करने पर देखा कि यहां क्रिकेट क्या कोई खेल नहीं हो रहा है . मुझे बहुत बुरा लगा.

**बीसीसीआई** कई खिलाड़ी रणजी ट्रॉफी में नहीं खेलना चाहते, लेकिन आईपीएल की तैयारियों में जुटे हुए हैं

# बीसीसीआई अब किसी के नखरे सहने वाली नहीं है : जय शाह

भाषा। नयी दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई रणजी ट्रॉफी में खिलाड़ियों के खेलने को लेकर सख्त है. बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने सभी केंद्रीय अनुबंधित भारतीय खिलाड़ियों को कड़ी चेतावनी दी. उन्होंने कहा है कि आगे से घरेलू रेड बॉल क्रिकेट में भाग लेना इन खिलाड़ियों के लिए अनिवार्य होगा. भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट से पहले राजकोट में एक कार्यक्रम में बीसीसीआई सचिव जय शाह ने अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के घरेलू मैचों में भाग ना लेने के मुद्दे पर बात की. कहा कि बीसीसीआई किसी के नखरे नहीं सहने वाली है. बता दें कि ईशान किशन ने पिछले साल दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका दौरे से पहले 'मानसिक थकान' का हवाला देते हुए ब्रेक मांगा था और अभी तक खुद को चयन के लिए उपलब्ध नहीं कराया है. इस बीच उन्हें निजी तौर पर संभवतः आगामी आईपीएल सीजन की तैयारी के लिए पांड्या बंधुओं (हार्दिक पांड्या और क्रुणाल) के साथ छुट्टियां मनाते और ट्रेनिंग लेते देखा गया था. हालांकि, जय शाह ने सीधे तौर पर उनका नाम लेने से परहेज किया.

### राजकोट के सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम का नाम निरंजन शाह के नाम पर रखा गया

जय शाह ने राजकोट के सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम का नाम निरंजन शाह क्रिकेट स्टेडियम रखे जाने के बाद कहा कि उन्हें फोन पर पहले ही सूचित कर दिया गया है और मैं पत्र भी लिखने जा रहा हूं कि यदि आपके मुख्य चयनकर्ता, आपके कोच और आपके कप्तान इसके लिए कह रहे हैं तो आपको रेड बॉल क्रिकेट खेलना होगा. भारत इंग्लैंड के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज के दौरान कई खिलाड़ियों की चोटों और कुछ के उपलब्ध नहीं होने की वजह से प्रभावित हुआ है. इस तरह की खबरें सामने आई हैं कि खिलाड़ी रणजी ट्रॉफी में नहीं खेलना चाहते हैं और वे आईपीएल की तैयारियों में जुटे हैं. यहां तक कि उनके पास अन्य कोई कमिटमेंट नहीं है. जय शाह ने उल्लेख किया कि बीसीसीआई सभी केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों, विशेषकर युवाओं से राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के दिशानिर्देशों के अनुसार घरेलू क्रिकेट खेलने की उम्मीद करेगा.



# डेविस कप में स्वीडन को हरा सकता है भारत : रामकुमार

एजेंसी। बेंगलुरू

रामकुमार रामनाथन ने कहा है कि अगर स्वीडन सितंबर में होने वाले डेविस कप टेनिस मुकाबले को क्ले कोर्ट पर खेलने का फैसला करता है तो भारतीय टीम मेजबान टीम की चुनौती से निपटने में सक्षम है. भारतीय टीम स्वीडन जाएगी तो उसकी नजरें इस यूरोपीय टीम के खिलाफ पहली जीत दर्ज करने पर टिकी होंगी. अब तक दोनों टीम के बीच पांच मुकाबले खेले गए हैं. रामकुमार ने कहा कि स्वीडन के खिलाड़ियों की खेलने की शैली से परिचित होने का भी टीम को फायदा मिलेगा. हाल में इस्लामाबाद में हुए प्ले ऑफ में भारत ने पाकिस्तान को 4-0 से हराकर विश्व ग्रुप के लिए क्वालीफाई किया. यहां कर्नाटक राज्य लॉन टेनिस संघ (केएसएलटीए) द्वारा डेविस कप खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिए आयोजित समारोह में रामकुमार ने कहा कि मुझे यकीन है कि वे क्ले कोर्ट पर खेलेंगे लेकिन हम कुछ अविश्वसनीय टेनिस खेल रहे हैं और फिर हमारे पास सुमित नागल हैं, मुझे लगता है कि वह उन्हें परेशान कर सकते हैं. मुझे यकीन है कि वह काफी फिट हैं. उन्होंने कहा कि कोर्ट पर रैंकिंग मायने नहीं रखती क्योंकि यह इस बात पर निर्भर करता है कि हम उस दिन कितना अच्छा खेलते हैं.

### ब्रीफ खबरें

#### पूर्णिया में तीन बीघा जमीन के लिए हत्या

**पूर्णिया।** पूर्णिया जिले में तीन बीघा जमीन के लिए एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई. घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है. मिली जानकारी के अनुसार, पूर्णिया जिले के भवानीपुर थाना क्षेत्र के कुशहामिली गांव में घर के मचान पर सोए हुए व्यक्ति की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई. बताया जा रहा कि हत्या जमीन को लेकर चल रहे विवाद के कारण किया गया है. मृतक की पहचान चतुरी मंडल के रूप में हुई है. मृतक के बेटे ने बताया कि गांव के दबंग लोग उसकी जमीन को कब्जा किए हुए थे.

#### ट्रक बिजली पोल से टकराया, एक की मौत

**सहरसा/मधेपुरा।** मधेपुरा जिले के ग्वालपाड़ा प्रखंड के अरार ओपी क्षेत्र के रेशना बाजार में बुधवार की देर रात एक ट्रक में आग लगने से उस पर सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई. स्थानीय लोगों ने बताया कि बुधवार देर रात मधेपुरा की तरफ से आ रही एक कोयला लदा ट्रक रेशना चौक पर 4-5 दुकान को तोड़ते हुए बिजली पोल से जा टकराई. जिसके बाद ट्रक में आग लग गई. बुधवार रात होने के कारण आसपास कोई भी लोग मौजूद नहीं थे. कुछ देर बाद आग की लपटें उठती हुई दिखाई दी तब तक ट्रक के इंजन वाला भाग और ट्रक सवार एक व्यक्ति पूरी तरह से जल चुका था.

#### नालंदा में सड़क किनारे मिला अधेड़ का शव

**नालंदा।** नालंदा में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है. सड़क किनारे शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई. मामला रहुई थाना क्षेत्र के डीहरा धमासंग गांव के बीच बिहटा सरमेरा मुख्यमार्ग का है. सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गयी. रहुई थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल बिहारशरीफ भेज दिया. पोस्टमार्टम हाउस मॉर्चरी में रखकर पुलिस पहचान कराने में जुट चुकी है. पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया शव देखने से प्रतीत होता है कि कहीं से हत्या कर व्यक्ति के शव को यहां लाकर ठिकाना लगा दिया गया है.

### बिहार विधानसभा को नए अध्यक्ष मिले

# भाजपा नेता नंद किशोर यादव निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए

**संवाददाता। पटना**

भाजपा के वरिष्ठ नेता नंद किशोर यादव बृहस्पतिवार को निर्विरोध बिहार विधानसभा के अध्यक्ष निर्वाचित हुए. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव नए अध्यक्ष को आसन तक ले गए. कुमार ने नंद किशोर यादव को बधाई देते हुए कहा, आप (अध्यक्ष) एक अनुभवी नेता हैं. मैं आपको निर्वाचित होने पर बधाई देता हूं. सभी विधायकों ने आपको समर्थन दिया है. मुझे यकीन है कि आप सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को सुनेंगे. तेजस्वी ने उम्मीद जताई कि नए अध्यक्ष विपक्ष की बात भी सुनेंगे. उन्होंने कहा, आप बहुत वरिष्ठ नेता हैं और मुझे यकीन है कि आप निष्पक्ष रहकर विपक्ष की बात भी सुनेंगे. उपमुख्यमंत्रियों सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने भी नंद किशोर यादव को बधाई दी. चौधरी ने कहा, आप हमारे वरिष्ठ नेता हैं और गुरु गोविंद सिंह जी की भूमि से संबंध रखते हैं. इसके लिए हम सभी अपने केंद्रीय नेतृत्व के आभारी हैं. पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र से सात बार विधायक रहे



नंदकिशोर यादव ने अपने पूर्ववर्ती राजद के अवध बिहारी चौधरी के अध्यक्ष पद से हटने के बाद नामांकन दाखिल किया था.

चौधरी को मंगलवार को अविश्वास प्रस्ताव के बाद पद छोड़ना पड़ा था. चौधरी के पद से हटने के बाद उपाध्यक्ष और जदयू के नेता महेश्वर हजारी सदन की कार्यवाही का संचालन कर रहे थे. पटना साहिब निर्वाचन क्षेत्र का नाम उस स्थान पर स्थित सिख गुरुद्वारा के नाम पर रखा गया है जहां 10वें गुरु का जन्म हुआ था. नंद किशोर यादव ने अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत 1978 में 1982 में पटना नगर निगम के पार्षद के तौर पर की और बाद में पटना के उप महापौर बने.



#### मुख्यमंत्री नीतीश ने 2,133 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को बिहार सचिवालय सेवा अंतर्गत 1,333 सहायक प्रशाखा पदाधिकारियों तथा विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग अंतर्गत 228 सहायक प्राध्यापकों एवं 572 व्याख्याताओं सहित कुल 2,133 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया. मुख्यमंत्री ने सांकेतिक रूप से सहायक प्रशाखा पदाधिकारी मनीष कुमार, दीपिका कुमारी, जितेंद्र कुमार मंडल, सरिता कुमारी, सुशील कुमार, रूपा कुमारी, नीलम कुमारी तथा व्याख्याता पीयूष कुमार पाठक, शिप्रा भदानी एवं सहायक प्राध्यापक सारिका कुशवाहा को नियुक्ति पत्र प्रदान किया. इस कार्यक्रम में 50 अभ्यर्थियों को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया. मुख्यमंत्री के अलावा उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुमित कुमार सिंह ने भी अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया.

### बिहार बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा शुरू

# 17 लाख परीक्षार्थी हुए शामिल

**संवाददाता। पटना**

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से मैट्रिक की वार्षिक परीक्षा 2024 गुरुवार (15 फरवरी) से शुरू हो रही है. 16 लाख 94 हजार 781 परीक्षार्थी इसमें शामिल होंगे. 23 फरवरी तक चलने वाली इस परीक्षा को लेकर बोर्ड ने सभी तैयारी पूरी कर ली है.

वहीं सेंटर के आसपास की सुरक्षा भी सख्त कर दी गयी है. बिहार बोर्ड ने इस परीक्षा के लिए 38 जिलों में 1585 केंद्र बनाये हैं. मैट्रिक परीक्षा में 16,94,781 परीक्षार्थी शामिल होंगे. इसमें सबसे अधिक संख्या छात्राओं का है. इस परीक्षा में 8,22,587 छात्र एवं 8,72,194 छात्राएं परीक्षा में शामिल होंगी. लड़कों की तुलना में इस बार 49,609 लड़कियां अधिक है.

आनंद किशोर ने बताया कि प्रथम पाली के परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट पहले सेंटर पर प्रवेश कर लेना होगा.

#### मैट्रिक परीक्षार्थी को बस ने रौंदा, मचा हंगामा

**बेतिया।** बेतिया में मैट्रिक की परीक्षा देने जा रहे एक छात्र को बस ने रौंद दिया. हादसा इतना भीषण था कि छात्र की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. घटना जिले के शनिचरी थाना क्षेत्र के मिश्रौली चौक के समीप की है. हादसे के बाद एनएच 127 पर लोगों की भीड़ लग गई. घटना से आक्रोशित लोग हंगामा करने लगे. गुस्साए लोग बस पर पथराव करने लगे. इस कारण बस का शीशा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. लोगों की भीड़ के इस कारण आवागमन बाधित हो गया. इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच और लोगों को समझा-बुझाकर शांत करवाया. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज रही है. पुलिस के अनुसार, 16 साल का लड़का मैट्रिक परीक्षा देने जा रहा था, इसी दौरान वह बस की चपेट में आ गया.

#### पटना में गैस टैंकर से 400 कार्टन शराब बरामद

**पटना।** पटना में जहां एक गैस टैंकर से पुलिस ने लाखों का विदेशी शराब बरामद किया है. मिली जानकारी के अनुसार, मद्य निषेध विभाग की स्पेशल यूनिट ने गुप्त सूचना के आधार पर लाखों रुपए का अंग्रेजी शराब बरामद किया है. बताया जा रहा है कि खेप को पंजाब से पटना लाया जा रहा था. वहीं, जांच के दौरान पता चला कि गैस टैंकर का रजिस्ट्रेशन नागालैंड का है. दरअसल, पटना से सटे पालीगंज थाना क्षेत्र में एक गैस टैंकर में शराब की बड़ी खेप को दूसरे राज्य से चोरी छिपे बिहार में खपाने के लिए लाया जा रहा था.

### नियोजित शिक्षकों पर शिक्षा विभाग का बड़ा फैसला

## अब 5 बार होगी सक्षमता परीक्षा

**संवाददाता। पटना**

बिहार में नियोजित शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा को लेकर शिक्षा विभाग ने बड़ा फैसला लिया है. शिक्षा मंत्री विजय चौधरी ने जानकारी देते हुए कहा है कि सीएम नीतीश की सहमति के बाद नियोजित शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा अब 5 बार होगी. इसके लिए तीन बार ऑनलाइन परीक्षा ली जाएगी और फिर 2 बार ऑफ लाइन एग्जाम का प्रावधान होगा. गौरतलब है कि नियोजित शिक्षक लंबे समय से लिखित परीक्षा की मांग कर रहे थे. बता दें कि पिछले दिनों पटना में नियोजित शिक्षकों ने धरना दिया था. जिसके बाद डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के आश्वासन के बाद धरना खत्म हो गया था. आश्ववासन के कुछ ही घंटों बाद शिक्षा विभाग की ओर से नया दिशा निर्देश जारी कर दिया गया. नियोजित शिक्षकों की मांग है कि बिना सक्षमता परीक्षा के ही उनको राज्यकर्मी का दर्जा दिया जाए. इससे पहले सरकार ने तीन बार में परीक्षा पास करने का टास्क दिया था.

# रोहतास में डॉक्टर की हत्या कर शव को फेंका, हड़कंप

**संवाददाता। रोहतास**

रोहतास जिले के सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत एक ग्रामीण चिकित्सा सह राजद नेता को बेखौफ अपराधियों ने हत्या कर शव को पहाड़ के खाई में बाइक समेत फेंक दिया. घटना सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अमरा तालाब के पास की बताई जा रही है. सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चिकित्सक केशवपाल बुधवार देर रात अपने क्लीनिक को बंद कर गाय घाट बाइक से अपने गांव जा रहे थे. इसी दौरान बेखौफ अपराधियों ने उन्हें अपने कब्जे में लेते हुए अमरा तालाब पहाड़ के खाई में हत्या कर बाइक समेत फेंक दिया. रात को घर वापस नहीं आने के बाद परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू कर दी. लेकिन सुबह में सड़क के किनारे खाई में उनका शव देखा गया. घटना की सूचना पर पहुंचे लोगों में काफी आक्रोश देखा गया. पहाड़ के खाई से शव को कब्जे में लेते हुए लोगों ने डिहरी-सासाराम पुरानी जीटी रोड को अमरा तालाब के पास जाम कर हत्यारे के गिरफ्तारी एवं एसपी को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे. वहीं, मृतक के परिजनों ने हत्या की सीबीआई जांच करने की मांग कर रहे हैं.

मौके पर पहुंची पुलिस-प्रशासन की टीम लोगों को समझाने के प्रयास में जुटी रही. बताते चलें कि गुरुवार शाम न्याय यात्रा के तहत राहुल गांधी का रोहतास जिले में आगमन है.

#### ज्वेलरी दुकानों में 37 लाख की भीषण चोरी

**पूर्वी चंपारण।** जिले के हरसिद्धि बाजार स्थित रामचंद्र कॉम्पलेक्स में बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने दो ज्वेलरी की दुकानों में भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया है. गुरुवार को मिली घटना की सूचना पर अरेराज डीएसपी रंजन कुमार, थाना अध्यक्ष नवीन कुमार ने घटनास्थल पर पहुंच कर सघन जांच की. पीड़ित दुकानदार ने बताया कि अज्ञात चोरों ने सट्टर का ताला तोड़कर तिजोरी में रखें 6 किलो चांदी, 400 ग्राम सोना की चोरी कर ली है जिसकी कीमत लगभग 28 लाख रुपये बताया जाता है. व्यवसायी ने बताया कि उनकी दुकान से 4 किलो चांदी और 100 ग्राम सोना की चोरी हुई है, जिसकी कीमत लगभग 8 लाख 50 हजार है.

### आशा कार्यकर्ता अपनी मांगों को लेकर सड़क पर उतरीं

# सरकार को भूख हड़ताल की दी धमकी

**संवाददाता। पटना**

बिहार में आशा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन जारी है. ये कई वर्षों से अपनी मांग को लेकर लगातार धरना दे रही हैं. उसी कड़ी में गुरुवार को पटना में आशा कार्यकर्ताओं ने जमकर प्रदर्शन किया. वहीं पुलिस ने उन लोगों को अदालतगंज में ही रोक लिया. आशा कार्यकर्ताओं का कहना था कि हम लोग डाक बंगला तक जाएंगे, लेकिन पुलिस के द्वारा उन्हें रोक दिया गया. बता दें कि राजधानी में एक बार फिर आशा और ममता कार्यकर्ताओं ने अपने 25000 वेतनवृद्धि एवं 14 सूत्री मांगों को लेकर भारी संख्या में



आशा कार्यकर्ता सड़क पर उतरी हैं. दरअसल आशा फैसिलिटेटर, स्वास्थ्य, वैक्सिन, कुरियर जैसे कार्य 1000 के वेतनमान पर काम करने और सरकार द्वारा छले जाने का आरोप लगाया है. इस आरोप के बाद उन्होंने पटना की कोतवाली थाना क्षेत्र में बजट सत्र के दौरान प्रदर्शन कर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते नजर आई हैं. वहीं, प्रदर्शन में शामिल आशा और ममता कार्यकर्ताओं ने आगामी चुनाव में अपनी मांगे पूरी नहीं किए जाने पर वोट का बहिष्कार करने की बात कही है.

#### मुख्यमंत्री के सचिव से मिलवाने की तैयारी

फिलहाल प्रदर्शनकारियों में शामिल आशा कार्यकर्ता कोतवाली थाना क्षेत्र के अदालत गंज रोड के समीप सड़क पर बैठकर प्रदर्शन कर रही हैं. साथ ही पुलिस प्रदर्शनकारियों को समझने के प्रयास में जुटी है. वहीं, पहुंचे दंडाधिकारी के द्वारा पांच सदस्य टीम को ले जाकर मुख्यमंत्री के सचिव से मिलवाने की बात कही गई है. आशा कार्यकर्ताओं का कहना है कि अगर हमलोग की मांग पूरी नहीं होती है तो भूख हड़ताल पर जाएंगे, आशा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि हम लोगों को सरकार सिर्फ आश्वासन दे रही है.

## कारोबार

#### रुपया 2 पैसे की गिरावट 83.04 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** अमेरिकी मुद्रा में मजबूती और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के कारण बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया दो पैसे की गिरावट के साथ 83.04 (अस्थायी) पर बंद हुआ. विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी कोषों की निकासी से भारतीय मुद्रा में गिरावट आई. हालांकि, सकारात्मक घरेलू बाजारों ने रुपये की गिरावट को सीमित कर दिया. अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83 प्रति डॉलर पर खुला. कारोबार के दौरान उसने 82.99 प्रति डॉलर के उच्चस्तर और 83.04 के निचले स्तर के बीच कारोबार किया.

#### आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल को हुआ घाटा

**नयी दिल्ली।** आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड (एबीएफआरएल) को चालू वित्त वर्ष की तीसरी दिसंबर में समाप्त तिमाही में 107.60 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ है. बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 11.21 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था. आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सचना में कहा कि अक्टूबर-दिसंबर, 2023 तिमाही में उसकी परिचालन आय 4,166.71 करोड़ रुपये रही है, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 3,588.80 करोड़ रुपये थी.

#### राष्ट्रीय कोयला सूचकांक में आई भारी गिरावट

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय कोयला सूचकांक (एनसीआई) में दिसंबर 2023 में 4.75 प्रतिशत की गिरावट आई. इससे पता चलता है कि बाजार में कोयले की उपलब्धता पर्याप्त है. कोयला मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को बयान में यह जानकारी दी. दिसंबर, 2022 में एनसीआई 163.19 अंक पर था. यह गिरावट बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त उपलब्धता के साथ बाजार में कोयले की मजबूत आपूर्ति को दर्शाती है. एनसीआई एक मूल्य सूचकांक है जो नीलामी तथा आयात कीमतों सहित सभी बिक्री मंचों से कोयले की कीमतों को संकलित करता है.

### जापान की अर्थव्यवस्था लगातार दो तिमाहियों में सिकुड़ने के बाद मंदी की चपेट में आ गई है

# मंदी की चपेट में विकसित देश

**भाषा। नयी दिल्ली**

विश्व में मंदी का असर दिखाई देने लगा है. जो देश मजबूत माने जाते हैं, उस पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं. इसमें जापान, जर्मनी और अमेरिका समेत कई देश हैं. इसमें जापान की अर्थव्यवस्था लगातार दो तिमाहियों में सिकुड़ने के बाद मंदी की चपेट में आ गई है. इस कारण उसकी इकोनॉमी दुनिया में तीसरे नंबर से चौथे नंबर पर पहुंच गई है. जापान इस समय कमजोर करंसी, बढ़ती उम्र और घटती आबादी से जूझ रहा है. इससे पहले 2010 में चीन की अर्थव्यवस्था बढ़ने के कारण जापान दूसरे से तीसरे नंबर पर आ गया था. जर्मनी अब दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी है.

दुनिया में पहले नंबर पर अमेरिका की इकोनॉमी है. वहीं जापान के बाद ब्रिटेन की इकॉनमी भी मंदी में फंस चुकी है. ब्रिटेन के ऑफिस ऑफ नेशनल स्टैटिस्टिक्स (ओएनएस) के मुताबिक दिसंबर तिमाही में ब्रिटेन की इकॉनमी में 0.3% गिरावट रही. इससे पहले जुलाई से सितंबर के दौरान इसमें 0.1% की गिरावट आई है. ब्रिटेन की इकॉनमी में दिसंबर तिमाही में आई गिरावट 2021 की पहली तिमाही के बाद सबसे ज्यादा है. ब्रिटेन की इकॉनमी में पिछले करीब दो साल से ठहराव की स्थिति है.

बैंक ऑफ इंग्लैंड का कहना है कि इकॉनमी के इस साल तेजी पकड़ने की उम्मीद है. ब्रिटेन के साथ-साथ जापान की इकॉनमी भी मंदी में फंस चुकी है. इसी तरह यूरोप की सबसे बड़ी इकॉनमी जर्मनी को भी संघर्ष करना पड़ रहा है. इस बीच चीन की इकॉनमी भी कई मोर्चों पर संघर्ष कर रही है जापान की इकॉनमी भी मंदी में फंस चुकी है. लगातार दो तिमाहियों में इकॉनमी में गिरावट को मंदी कहा जाता है. दिसंबर तिमाही में जापान की इकॉनमी में 0.4 फीसदी गिरावट रही. इससे पहले जुलाई से सितंबर तिमाही में देश की जीडीपी में 3.3% गिरावट आई थी.

अर्थशास्त्री उम्मीद कर रहे थे कि दिसंबर तिमाही में जापान की इकॉनमी एक फीसदी की रफ्तार से बढ़ सकती है. लेकिन ऐसा नहीं हुआ. बैंक ऑफ जापान ने स्पेंडिंग और इन्वेस्टमेंट को बढ़ावा देने के लिए साल 2016 में निगेटिव इंटरेस्ट रेट शुरू किया था और तबसे इसमें बदलाव नहीं किया है. इससे दुनियाभर के निवेशकों के लिए येन आकर्षित नहीं रह गया है.



#### चीन से अब निवेशकों का मोह भंग होने लगा है

चीन में बेरोजगारी चरम पर है. लोग खर्च करने के बजाय बचत करने में लगे हैं. रियल एस्टेट गहरे संकट में है. विदेशी कंपनियां और निवेशक अपना बोरिया बिस्तर समेट रहे हैं और अमेरिका के साथ तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है. करीब दो दशक तक दुनिया का ग्रोथ इंजन रहे चीन से निवेशकों का मोह अब भंग होने लगा है. चीन की इकॉनमी में आने वाले वर्षों में लगातार गिरावट आने की आशंका है. माना जा रहा है कि रियल एस्टेट का संकट चीन की पूरी इकॉनमी को डुबो सकता है. चीन की जीडीपी में रियल एस्टेट की करीब 30 फीसदी हिस्सेदारी है. इस संकट का असर अब बैंकिंग सेक्टर पर भी दिखने लगा है. दुनिया की सबसे बड़ी इकॉनमी वाले देश अमेरिका की भी हालत ठीक नहीं है. उसका कर्ज पिछले 24 साल में छह गुना बढ़ गया है.

#### छाया संकट

- जापान की इकोनॉमी चौथे नंबर पर पहुंच गई है
- जर्मनी दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी
- दुनिया में पहले नंबर पर यूएस की इकोनॉमी है

#### जुनिपर होटल्स लिमिटेड का आईपीओ 21 फरवरी को खुलेगा



**एजेंसी। नयी दिल्ली**

'हयात' ब्रांड के तहत होटल श्रृंखला चलाने वाली कंपनी जुनिपर होटल्स लिमिटेड का 1,800 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 21 फरवरी को खुलेगा और 23 फरवरी को बंद होगा. कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में यह जानकारी दी. आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 342-360 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है. आईपीओ के तहत 1,800 करोड़ रुपये नए शेयर जारी किए जाएंगे. इसमें कोई बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल नहीं है. वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी की परिचालन आय दोगुना से ज्यादा होकर 666.85 करोड़ रुपये रही थी, जो 2021-22 में 308.69 करोड़ रुपये थी. पिछले वित्त वर्ष में कंपनी का शुद्ध घाटा भी कम होकर 1.5 करोड़ रुपये रह गया, जो 2021-22 में 188.03 करोड़ रुपये था.

### नवीकरणीय ऊर्जा में होगा निवेश

## छह वित्त वर्षों में 30 लाख करोड़ रुपये की जरूरत

**भाषा। नयी दिल्ली**

देश को अपनी कार्बन उत्सर्जन कटौती की प्रतिबद्धताएं पूरी करने के लिए छह वित्त वर्षों में 30 लाख करोड़ रुपये के निवेश की जरूरत है. बृहस्पतिवार को एक आधिकारिक बयान में यह बात कही गई. भारत ने अपनी 50 प्रतिशत बिजली उत्पादन क्षमता को गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से हासिल करने का लक्ष्य रखा है. इसके साथ ही सरकार का लक्ष्य वर्ष 2070 तक शुद्ध-शून्य कार्बन उत्सर्जक देश बनने का है. भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (इरेडा) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक प्रदीप कुमार दास ने विश्व बैंक के एक वेबिनार में कहा कि सौर, इलेक्ट्रोलाइजर, पवन और बैटरी, हरित हाइड्रोजन, पनबिजली, पवन और अपशिष्ट से बिजली उत्पादन क्षेत्रों के लिए क्षमता तैयार करने में निवेश की जरूरत होगी. सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी इरेडा नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में कार्यरत गैर-बैंकिंग वित्तीय इकाई है.



**उम्मीद कायम**

गुरुवार को तिरुवनंतपुरम में मिट्टी के बर्तन बेचने वाली अट्टुकल पोंगाला से पहले ग्राहकों के आने का इंतजार करते.

### सीतारमण ने एसपीएमसीआईएल के 19वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित

# डिजिटलीकरण के दौर में आत्मनिरीक्षण करने की जरूरत

**भाषा। नयी दिल्ली**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय प्रतिभूति मुद्रण तथा मुद्रा निर्माण निगम लि. (एसपीएमसीआईएल) से डिजिटलीकरण के दौर में स्वयं को बदलने का रास्ता तलाशने को कहा. उन्होंने कहा कि ऐसे समय जब देश में डिजिटलीकरण बढ़ने से नोट की छपाई का कंपनी का मुख्य कार्य कम हो रहा है, उसे प्रासंगिक बने रहने के लिए आत्मनिरीक्षण करने की जरूरत है. सीतारमण ने एसपीएमसीआईएल के 19वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को 'ऑनलाइन' संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे समय में जब डिजिटल युग में सिक्के ढालना थोड़ा




धीमा हो गया है, निगम ने स्मारक सिक्के लाकर खुद को प्रासंगिक बनाए रखा है. इन सिक्कों को स्मृति चिन्ह के रूप में उपहार में दिया जा सकता है. उन्होंने कहा कि निगम के बनाये स्मारक टिकट और सिक्के भारत की ब्रांडिंग, सांस्कृतिक और पर्यावरण संबंधी मुद्दों को उकेरते हैं. एसपीएमसीआईएल ने सोने और चांदी के रिफाइनिंग में मानक स्थापित किए हैं. संगठन ने 2022-23 से 5,300 किलोग्राम जब्त सोने को परिष्कृत किया है. इसने 2022-23 के लिए 533.77 करोड़ रुपये का लाभांश दिया है. एसपीएमसीआईएल के मुख्य कार्यों में बैंक नोट और सिक्के, स्मारक सिक्के और पासपोर्ट तथा गैर-न्यायिक डाक टिकट जैसे सुरक्षा उत्पाद का निर्माण शामिल है.

#### डिजिटल मुद्रा बढ़ेगी

सीतारमण ने कहा कि एसपीएमसीआईएल ऐसे युग में काम कर रही है, जहां डिजिटल मुद्रा बढ़ेगी और मुद्रा ढालने का इसका मुख्य काम संभवतः भविष्य में नाममात्र का रह जाएगा. उन्होंने कहा, ऐसे में जब मुख्य कार्य खत्म हो रहा है और यह आपके प्रदर्शन के कारण नहीं बल्कि डिजिटलीकरण के कारण है, तो आपको यह देखना होगा और आत्मनिरीक्षण करना होगा कि आपके पास भविष्य के लिए क्या है? वित्त मंत्री ने कहा, यह आपको देखना है कि आप अपने आप को कैसे बदलते हैं. मैं इस विचार को प्रबंधकों और उन सभी लोगों के लिए छोड़ रही हूं जो इस संस्थान को चलाने से जुड़े हैं. सीतारमण ने इस मौके पर एसपीएमसीआईएल के तीन स्मारिका सिक्के भी जारी किये. इसमें एक सींग वाले गैंडे पर रंगीन सिक्का, बुद्ध को ज्ञान प्राप्ति पर दो धातुओं से बना सिक्का और अयोध्या में बने राम मंदिर पर एक रंगीन सिक्का शामिल है. मंत्री ने कहा कि एसपीएमसीआईएल का ई-पासपोर्ट जारी करने की प्रगति पर नजर रखने वाली प्रणाली जीवन को आसान बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान है.

### एनर्जी, बैंकिंग स्टॉक्स में खरीदारी में उछाल

## 72,000 के पार बंद हुआ सेंसेक्स

**भाषा। नयी दिल्ली**

भारतीय शेयर बाजार के लिए गुरुवार का ट्रेडिंग सेशन बेहद शानदार रहा है. एनर्जी, बैंकिंग स्टॉक्स में जोरदार खरीदारी देखने को मिली है. मिड कैप और स्मॉल कैप स्टॉक्स में भी रौनक रही. गुरुवार का कारोबार खत्म होने पर बीएसई सेंसेक्स 227 अंकों के उछाल के साथ 72,050 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 71 अंकों के उछाल के साथ 21,910 अंकों पर बंद हुआ है. बीएसई सेंसेक्स फिर से 72,000 के ऊपर बंद होने में कामयाब रहा है. गुरुवार के कारोबार में एनर्जी, बैंकिंग, ऑटो, आईटी, मेटल्स, रियल एस्टेट, इंफ्रा, ऑयल एंड गैस, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स जैसे सेक्टर्स के स्टॉक में तेजी रही. जबकि केवल फार्मा, हेल्थकेयर और एफएमसीजी



शेयरों में गिरावट देखने को मिली है. मिडकैप और स्मॉल कैप में खरीदारी के चलते दोनों ही के इंडेक्स शानदार तेजी के साथ बंद हुए. सेंसेक्स के 30 शेयरों में 16 स्टॉक्स तेजी के साथ जबकि 14 गिरकर बंद हुए. निफ्टी के 50 शेयरों में 26 तेजी के साथ जबकि 24 गिरावट के साथ बंद हुए.

**बाजार के मार्केट वैल्यू में उछाल:** बाजार में शानदार तेजी के चलते निवेशकों की संपत्ति भी बढ़ी है. बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट वैल्यू 387.35 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले सत्र में 384.74 लाख करोड़ रुपये रहा था.

## ब्रीफ खबरें

### तहखाना में पूजा करने पर फैसला सुरक्षित

**प्रयागराज ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में स्थित व्यास जी के तहखाना में पूजा-अर्चना की अनुमति दिए जाने के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई पूरी कर बृहस्पतिवार को फैसला सुरक्षित रख लिया. न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने मुस्लिम पक्ष और हिंदू पक्ष की दलीलें सुनने के बाद अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया. अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी ने वाराणसी की अदालत के 31 जनवरी के उस आदेश के खिलाफ यहां अपील की थी.

### बस ने तीन लोगों को रौंदा, दो घायल हुए

**बुलंदशहर (उप्र) ।** बुलंदशहर जिले के छतारी थाना क्षेत्र में एक बस की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए हैं. पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) राम करण ने बृहस्पतिवार को बताया, बुधवार शाम को क्षेत्र के छतारी इलाके के कमोना गांव में एक बस की चपेट में आने से विनोद (36), अशोक (35) और रिंकू (25) नामक व्यक्तियों की मौत हो गई. उन्होंने बताया कि यह तीनों कुछ अन्य स्थानीय लोगों के साथ सड़क किनारे खड़े थे जब बस ने उन्हें टक्कर मार दी.

### हथियार लूटने के आरोप में 6 गिरफ्तार

**इंफाल ।** मणिपुर पुलिस ने इंफाल ईस्ट जिले के चिंगारेल में आईआरबी के शिविर से हथियार लूटने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने बताया कि शिविर से लूटी गयी चार इंसास राइफल, एक एके घटक, एसएलआर की दो मैगजीन और 9एमएम गोला बारुद के 16 छोटे बक्से भी बरामद किए गए हैं. बहरहाल, पुलिस ने यह नहीं बताया कि हथियार कहां से बरामद किए गए या आरोपियों को कहां से गिरफ्तार किया गया.

### सुरंग में विस्फोट होने से दो सुरक्षाकर्मी घायल

**भुवनेश्वर ।** ओडिशा के बौध जिले में गुरुवार को एक जंगल में तलाशी अभियान के दौरान बारूदी सुरंग में विस्फोट हो गया, जिससे दो सुरक्षाकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए. पुलिस ने यह जानकारी दी. एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि संदेह है कि यह बारूदी सुरंग माओवादियों द्वारा बिछाई गई थी. पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना बौध जिले के नालिकुम्फा जंगल में उस समय हुई जब ओडिशा के विशेष अभियान समूह (एसओजी) के जवान गुरुवार सुबह तलाशी अभियान पर थे.

### बनभूलपुरा में 7 दिन बाद कर्फ्यू में ढील मिली

**हल्द्वानी (उत्तराखंड) ।** उत्तराखंड में हल्द्वानी प्रशासन ने सात दिन बाद गुरुवार को बनभूलपुरा शहर में कर्फ्यू में कुछ घंटों के लिए ढील देने की घोषणा की है. बनभूलपुरा में एक अवैध मदरसे को ध्वस्त करने को लेकर हुई हिंसा के बाद कर्फ्यू लगाया गया था. नैनीताल की जिला मजिस्ट्रेट वंदना सिंह द्वारा जारी एक आदेश के अनुसार, गौजाजाली, रेलवे बाजार और एफसीआई गोदाम इलाके में कर्फ्यू में सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक ढील दी जाएगी.



प्रधानमंत्री की कतर की दूसरी यात्रा है, इससे पहले वह जून 2016 में कतर आए थे.

# प्रधानमंत्री मोदी ने अमीर तमीम बिन हमद अल थानी से की मुलाकात

**भाषा । दोहा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी के साथ गुरुवार को बातचीत की. कतर सरकार द्वारा भारतीय नौसेना के उन आठ कर्मियों को रिहा करने के कुछ दिन बाद यह बैठक हुई जिन्हें अगस्त, 2022 में गिरफ्तार किये जाने के बाद मौत की सजा सुनाई गई थी. मोदी संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की दो दिवसीय यात्रा के बाद बुधवार को दोहा पहुंचे थे. यह प्रधानमंत्री की कतर की दूसरी यात्रा है, इससे पहले वह जून 2016 में कतर आए थे. अपने आगमन के तुरंत बाद, मोदी ने कतर के



प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी से मुलाकात की. वह कतर के विदेश मंत्री भी हैं. विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा, दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश, ऊर्जा, वित्त और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर विचारों का आदान-प्रदान किया.

## राज्यसभा चुनाव: राजद उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए

# मनोज-संजय जायेंगे राज्यसभा

**भाषा । पटना**

राजद के उम्मीदवार मनोज कुमार झा और संजय यादव ने बृहस्पतिवार को पार्टी अध्यक्ष लालू प्रसाद की उपस्थिति में राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया. लालू प्रसाद के साथ पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी विधानसभा सचिवालय पहुंचीं, जहां उनकी मुलाकात अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी और जदयू प्रमुख नीतीश कुमार से हुई. कुमार और लालू प्रसाद ने अपने अल्पकालिक गठबंधन के हालिया अंत के बाद पैदा हुई कड़वाहट के बावजूद एक दूसरे से गर्मजोशी से हाथ मिलाया. लालू प्रसाद जो अपनी चुटीली टिप्पणियों के लिए जाने जाते हैं, इस दौरान पत्रकारों से मुखातिब होने के बजाए अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के नामांकन की प्रक्रिया में व्यस्त रहे. इस अवसर पर तेजस्वी यादव नामांकन पत्र दाखिल करने के समय विधानसभा सचिवालय में मौजूद थे. झा राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता भी हैं. नामांकन के बाद मनोनीत होने पर राज्यसभा में यह उनका लगातार दूसरा कार्यकाल हो सकता है.

तेजस्वी के करीबी संजय यादव का पहली बार संसद में पदार्पण होगा. ऐसी अटकलें लगायी जा रही थीं कि सत्तारूढ़ राजग जो बुधवार को ही तीन उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतार चुका है, कांग्रेस-राजद गठबंधन के लिए मुश्किलें पैदा करने के वास्ते चौथे उम्मीदवार को मैदान में उतार सकता है. हालांकि उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इसका जोरदार खंडन किया. चौधरी ने कहा, जदयू-भाजपा गठबंधन द्वारा केवल तीन उम्मीदवार मैदान में उतारे गए हैं. कोई और उम्मीदवार नहीं उतारा जाएगा.



### भाजपा के चार और कांग्रेस के एक उम्मीदवार ने नामांकन पत्र भरा



**भोपाल ।** केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन सहित सभी चार भाजपा उम्मीदवारों और एक कांग्रेस उम्मीदवार ने इस महीने के अंत में होने वाले राज्यसभा चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को मध्यप्रदेश से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया. मुरुगन, भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बंशीलाल गुर्जर, मप्र भाजपा महिला इकाई की प्रमुख माया नारोलिया और उज्जैन स्थित वाल्मिकी धाम आश्रम के प्रमुख उमेश नाथ महाराज ने भाजपा उम्मीदवार के रूप में यहां राज्य विधानसभा परिसर में रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया. इस अवसर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, राज्य भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा और कैलाश विजयवर्गीय और प्रह्लाद पटेल सहित अन्य मंत्री उपस्थित थे. कांग्रेस उम्मीदवार अशोक सिंह, जो राज्य पार्टी इकाई के कोषाध्यक्ष हैं, ने भी रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया.

### भाजपा ने संजय सेठ को अपना आठवां प्रत्याशी घोषित किया

**लखनऊ ।** भाजपा ने राज्यसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश से संजय सेठ को अपना आठवां प्रत्याशी घोषित किया. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने आज पार्टी कार्यालय में पूर्व राज्यसभा सदस्य संजय सेठ को प्रत्याशी घोषित करते हुए कहा कि पार्टी आज सेठ का नामांकन दाखिल कराएगी. भाजपा के सात प्रत्याशियों ने बुधवार को नामांकन दाखिल किया था. समाजवादी पार्टी के तीन उम्मीदवारों का मंगलवार को नामांकन दाखिल हुआ था. उत्तर प्रदेश की 403 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के 252, सपा के 108 और कांग्रेस के दो सदस्य हैं. सपा और कांग्रेस राज्य में विपक्षी दल हैं और लोकसभा चुनाव में भाजपा का मुकाबला करने के लिए विपक्षी पार्टियों के गठबंधन में भागीदार भी हैं. सदन में भाजपा के सहयोगी अपना दल (सोनेलाल) के 13 जबकि निषाद पार्टी के छह सदस्य हैं. रालोद के नौ, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के छह, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के दो और बसपा का एक सदस्य है. राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 15 फरवरी है. मतदान 27 फरवरी को होगा और नतीजे उसी दिन घोषित किए जाएंगे.

## भाजपा का संदेशखाली मुद्दे पर सदन से वॉक आउट

# 6 सदस्यीय संसदीय समिति दौरा करेगी

**भाषा । कोलकाता**

पश्चिम बंगाल विधानसभा में भाजपा के विधायकों ने संदेशखाली मुद्दे पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से बयान देने की मांग करते हुए गुरुवार को सदन से वॉक आउट किया. संदेशखाली में टीएमसी नेताओं द्वारा स्थानीय लोगों पर कथित अत्याचारों को लेकर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं. हंगामे के वक्त ममता सदन में मौजूद नहीं थीं. भाजपा के मुख्य व्हिप मनोज तिग्गा की अगुवाई में पार्टी विधायकों ने इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से बयान की



मांग की. विधानसभा अध्यक्ष बिमान बंदोपाध्याय ने विपक्षी विधायकों से व्यवस्था बनाये रखने को कहा. इसके बाद भाजपा विधायकों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सदन से वॉक आउटकर दिया. तिग्गा ने संवाददाताओं से कहा, हमने वॉक आउट करने का फैसला किया क्योंकि इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री की ओर से कोई बयान नहीं आया है. इसी बीच खबर आयी है कि संदेशखाली घटना को लेकर सिलीगुड़ी में विरोध प्रदर्शन कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प हो गयी है.

**नड्डा ने सांसदों की छह सदस्यीय समिति गठित की :** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी सांसदों की छह सदस्यीय एक समिति गठित की है जो शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के संदेशखाली का दौरा करेगी जहां महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर विरोध प्रदर्शन हुए हैं.

## महाराष्ट्र की सियासत

### अजित पवार गुट ही ‘असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी’

**महाराष्ट्र ।** महाराष्ट्र की सियासत में अब राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के विधायकों की अयोग्यता पर फैसला हो गया है. विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने मामले में आदेश सुनाया. राहुल नार्वेकर ने अपने आदेश में कहा कि अजित पवार गुट ही ‘असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी’ है. निर्णय विधायी बहुमत पर आधारित था. ऐसे में अजित गुट को अयोग्य नहीं ठहरा सकते. महाराष्ट्र विस अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने गुरुवार को कहा कि जुलाई 2023 में जब पार्टी में दो गुट उभरे तो अजित पवार के नेतृत्व वाला समूह ही असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी थी. नार्वेकर ने आगे कहा कि विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग वाली सभी याचिकाएं खारिज की जाती हैं. दरअसल, पार्टी में टूट के बाद उपमुख्यमंत्री अजित पवार और उनके चाचा शरद पवार के नेतृत्व वाले विरोधी गुटों ने अयोग्यता याचिकाएं दायर की थीं.

# त्रिपुरा कैबिनेट जल्द ही अयोध्या में मंदिर का दौरा करेगी : मुख्यमंत्री

**भाषा । अगरतला**



त्रिपुरा के सभी कैबिनेट मंत्री जल्द ही राम लला की पूजा करने के लिए अयोध्या स्थित राम मंदिर जाएंगे. राज्य के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने यह जानकारी दी. मुख्यमंत्री ने बुधवार रात अगरतला से अयोध्या के लिए एक विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाई. उन्होंने अयोध्या तक विशेष ट्रेन की व्यवस्था करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को धन्यवाद दिया. अगरतला रेलवे स्टेशन पर अयोध्या जाने वाली विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के बाद साहा ने कहा अयोध्या में राम लला की पूजा करने के लिए त्रिपुरा से 400 से अधिक श्रद्धालुओं को ले जाने वाली एक विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करना अच्छा लग रहा है.

# मराठा आरक्षण लागू कराने के लिए मुंबई जाऊंगा : जरांगे

**भाषा । जालना**



आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने गुरुवार को कहा कि महाराष्ट्र सरकार की ‘कुनबी मराठाओं के रक्त संबंधियों’ संबंधी मसौदा अधिसूचना को कानून में बदलने की मांग पर दबाव बनाने के लिए वह 18 या 19 फरवरी को मुंबई जाएंगे. एक दिन पहले महाराष्ट्र सरकार ने कहा था कि मराठा समुदाय की आरक्षण और अन्य मांगों पर चर्चा के लिए 20 फरवरी को राज्य विधानसभा का एक विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा, जिसके बाद जरांगे की यह टिप्पणी आई है. मराठा समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी में शामिल करने की मांग को लेकर जरांगे ने जालना जिले के अपने पैतृक गांव में छठे दिन अनशन जारी रखा.

## देवी सरस्वती की प्रतिमा का अपमान

# बिना साड़ी के पूजा में रखने पर बजरंग दल, विहिप का हंगामा

**भाषा । अगरतला**

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के समर्थकों का एक समूह बुधवार को यहां निकट के लिचुबगन में गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ आर्ट एंड क्राफ्ट में कथित तौर पर जबरन घुस गया और संस्थान के प्राधिकारियों को देवी सरस्वती की प्रतिमा को साड़ी पहनाने के लिए मजबूर किया. प्रत्यक्षदर्शियों ने इस बात की जानकारी दी. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो के सामने आने के बाद यह घटना हुई. वीडियो में सरस्वती की प्रतिमा कथित तौर पर बिना साड़ी के दिखाई दे रही थी. प्रतिमा को कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा बनाया गया था. बजरंग दल की त्रिपुरा इकाई के समन्वयक तूतन दास ने कहा, सोशल मीडिया पर बिना पारंपरिक साड़ी के मां सरस्वती की प्रतिमा का वीडियो प्रसारित हो रहा था.

### ओडिशा कांग्रेस के पूर्व विधायक ने छोड़ी पार्टी

**भुवनेश्वर ।** ओडिशा कांग्रेस के पूर्व विधायक अंशुमन मोहंती ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है. मोहंती 2014 में केंद्रपाड़ा जिले के राजनगर निर्वाचन क्षेत्र से राज्य विधानसभा के लिए चुने गए थे. उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और केंद्रपाड़ा जिला कांग्रेस समिति के अध्यक्ष पद, दोनों से इस्तीफा दे दिया. उन्होंने पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष शरत पटनायक को बुधवार को अपना इस्तीफा सौंपा. मोहंती ने अपने कार्यकाल के दौरान समर्थन के लिए पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया.

## पाकिस्तान में दोबारा मतगणना का मामला

# दो दलों के बीच गोलीबारी, दो लोगों की मौत, 14 घायल हुए

**भाषा । कराची**

पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में एक निर्वाचन क्षेत्र में पुनः मतगणना के दौरान दो राजनीतिक दलों के समर्थकों के बीच सशस्त्र झड़प में कम से कम दो लोगों की मौत हो गयी और 14 अन्य घायल हो गए. पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी. कराची की सीमा से लगते औद्योगिकी शहर हब में निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के बाहर बलूचिस्तान आवामी पार्टी (बीएपी) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के समर्थकों के बीच झड़प हुई. 8 फरवरी को हुए चुनाव में बीएपी को मुहम्मद सालेह भूटानी ने अनौपचारिक नतीजे घोषित होने के बाद जीत का दावा किया था लेकिन पीपीपी के अली हसन जहरी ने पुनः मतगणना कराने की मांग की थी. इसके बाद पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने पुनः मतगणना का आदेश दिया था.




## कॅरियर-काउंसिलिंग

# फिजिकल ट्रेनिंग इंस्ट्रक्टर पाठ्यक्रम पूरा कर बना सकते हैं कॅरियर

फिजिकल ट्रेनिंग इंस्ट्रक्टर का इस्तेमाल मुख्य रूप से ब्रिटिश सैनिकों, पुलिस साथ ही अन्य राष्ट्रमंडल देशों में फिटनेस शिक्षक के लिए किया जाता है. प्रत्येक विद्यालय में पीटीआई (फिजिकल ट्रेनिंग इंस्ट्रक्टर) टीचर की विशेष मान्यता होती है, जिसे हिंदी में शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक के रूप में भी जाना जाता है. अन्य रूप से देखें, तो पीटीआई केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित शैक्षणिक संस्थानों में शारीरिक शिक्षा शिक्षक (पीटीआई टीचर) का पद होता है. पीटीआई टीचर बच्चों को शारीरिक शिक्षा के बारे में पढ़ाते हैं और शारीरिक अभ्यास/ पीटी भी कराते हैं. कुछ जगहों पर पीटीआई टीचर स्पोर्ट्स टीचर के रूप में बी काम करते हैं.

### पीटीआई टीचर के क्या-क्या हैं दायित्व

एक खेल या पीटीआई शिक्षक के कर्तव्यों में छात्रों को खेल खेलना, राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा परीक्षण का प्रशासन करना, छात्रों की प्रगति की निगरानी करना, सिखाने और शारीरिक रूप से दिव्यांग छात्रों की शारीरिक जरूरतों को पूरा करने, छात्रों के प्रदर्शन को ग्रेड करना और शिक्षकों और माता-पिता के साथ संवाद करना शामिल है.

खेल या पीटीआई शिक्षकों को मजबूत संचारक होने और विभिन्न तरह की कक्षाओं का नेतृत्व सहजता पूर्वक करने की आवश्यकता है. पीटीआई टीचर विभिन्न खेलों के कोच भी हो सकते हैं. चूंकि ये शिक्षक अक्सर लंबी अवधि तक काम कर सकते हैं, इसलिए इन्हें एथलेटिक गतिविधियों की निगरानी के लिए स्कूल अवधि के बाद भी विद्यालय के खेल मैदान में रहने की जरूरत होती है.

### आवश्यक स्किल

- शारीरिक फिटनेस, टीम के खेल में अनुभव और मजबूत पारस्परिक और संचार कौशल इच्छुक शारीरिक शिक्षा शिक्षकों के लिए एक अच्छी बुनियाद रख पानी की क्षमता होनी चाहिए.
- टीम की गतिशीलता, शारीरिक क्रिया व शरीर के अंगों के स्वास्थ्य और पोषण का ज्ञान नए शारीरिक शिक्षा शिक्षकों को रोजगार खोजने में मदद कर सकता है.
- पीटीआई टीचर का लक्ष्य शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देना, छात्रों को स्वास्थ्य की उचित देखभाल, खान-पान की आदतों का के बारे में सचेत करना है.
- अच्छे पीटीआई टीचर अपने छात्रों के लिए रोल मॉडल होते हैं और इसलिए उन्हें अच्छे स्वास्थ्य और फिटनेस के सभी गुणों का प्रदर्शन करना चाहिए.
- पीटीआई टीचर को अपने छात्रों को स्वस्थ, सक्रिय जीवन जीने के लिए निरंतर प्रेरित करना है.



### कैसे बनें पीटीआई टीचर

- शारीरिक शिक्षा या स्वास्थ्य शिक्षा या काइंसियोलॉजी जैसे विषय में बैचलर्स डिग्री प्राप्त करें.
- शारीरिक शिक्षक की सेटिंग में एक इंटर्नशिप पूरा करें.
- शारीरिक शिक्षा अनुमोदन के लिए अपने राज्य से आवश्यक परीक्षण लें.
- अपने शिक्षण लाइसेंस के लिए आवेदन करें
- पीटीआई टीचर पदों के लिए आवेदन करना शुरू करें.
- पब्लिक स्कूल पीटीआई को उस ग्रेड के लिए राज्य शिक्षक प्रमाणन अर्जित करना होगा, जो पाठ्यक्रम की पढ़ाई करना चाहते हैं.
- अधिकांश राज्यों में शारीरिक शिक्षा पर जोर देने के साथ-साथ चार वर्षीय बैचलर्स डिग्री एक व्यक्ति को राज्य प्रमाणन परीक्षा में बैठने के योग्य बनाती है.
- कई राज्य वैकल्पिक प्रमाणन मार्ग भी प्रदान करते हैं, जिनमें शारीरिक शिक्षा की डिग्री में मास्टर्स भी शामिल हो सकते हैं,

### पीटीआई बनने के लिए कौन सा पाठ्यक्रम

**डीपीएडः** डिप्लोमा इन फिजिकल एजुकेशनः यह कोर्स कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों का शारीरिक शिक्षक बनने के लिए है. इस कोर्स की अवधि 2 वर्ष है. इस कोर्स में एडमिशन लेने के लिए आवेदक को उच्च माध्यमिक परीक्षा में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण होना चाहिए, अंतरराष्ट्रीय/राष्ट्रीय/एसजीएफआई खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले उम्मीदवारों को 5 प्रतिशत की छूट मिलती है.

**बीपीएड :** बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशनः यह कोर्स कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों के लिए शारीरिक शिक्षक तैयार करने और कक्षा 11-12 के विद्यार्थियों की शारीरिक शिक्षा व खेलकूद कराने के लिए है. इस कोर्स की अवधि 2 वर्ष या 4 सेमेस्टर है, फिर भी उम्मीदवार अधिकतम 3 वर्षों में इसे पूरा कर सकते हैं.

**एमपीएडः** मास्टर ऑफ फिजिकल एजुकेशन : यह कोर्स कक्षा 11 व 12 के छात्रों के लिए शारीरिक शिक्षक तैयार करने का व्यावसायिक कोर्स है. विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में प्रोफेसर/निदेशक/खेल अधिकारी एवं शारीरिक शिक्षक कॉलेजों/शारीरिक विश्वविद्यालय के विभागों में शारीरिक शिक्षकों को प्रशिक्षण देने के लिए शिक्षक तैयार करने के लिए यह पाठ्यक्रम कराया जाता है. इस कोर्स की अवधि दो वर्ष या चार सेमेस्टर है.

### पीटीआई टीचर बनने के लिए देश के टॉप कॉलेज

1. लक्ष्मीबाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन, ग्वालियर
2. वाईएमसीए कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन, चेन्नई
3. इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज, दिल्ली
4. ज्योतिबा कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन, नागपुर
5. गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन, भुनेश्वर
6. बलिया पॉल कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन, बालासोर
7. कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन, पुणे
8. एसई एसएस कॉलेज ऑफ फिजिकल एंड कॉलेज ऑफ एजुकेशन, जलगांव

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)